राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 49
लखनऊ, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

केजीएमयू में अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की होगी स्थापना 03

श्रीलंकाई स्पिनर जयविक्रमा पर लगा एक साल का प्रतिबंध 12

द्वितीयं ब्रह्मचारिणी

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कारण इन्हें ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है।

अमित शाह ने देश के प्रथम टेली-रिहैबिलिटेशन सेंटर का किया उद्घाटन

अहमदाबाद के सोल सिविल हॉस्पिटल में बना सेंटर कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के बाद बच्चों को साउंड थेरेपी देने में सिद्ध होगा वरदान

▸ ऑडियोलॉजी कॉलेज के आधुनिकीकरण का भी लोकार्पण

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद के सोला सिविल हॉस्पिटल में देश के प्रथम टेली-रिहैबिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया। सरकारी संस्थानों में इस प्रकार का सेंटर शुरू करने वाला गुजरात देश का पहला राज्य है।

इस अवसर पर सोला सिविल हॉस्पिटल स्थित ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी कॉलेज के आधुनिकीकरण का भी लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही, कॉक्लियर इम्प्लांट के संदर्भ में लिखित 'ए कॉम्प्रिहेंसिव गाइड टू हियरिंग, स्पीच एंड लैंग्वेज डेवलपमेंट इन चिल्ड्रन विद कॉक्लियर इम्प्लांट्स' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। यह पुस्तक कॉक्लियर इम्प्लांट लगवाने वाले बच्चों में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से श्रवण, वाणी और भाषा के विकास को दर्शाने के लिए डिजाइन की गई है। इस पुस्तक में सुनने, बोलने और भाषा की क्षमता के विकास पर केंद्रित तीन मॉड्यूल का समावेश किया गया है।

अमित शाह ने टेली-रिहैबिलिटेशन सेंटर का शुभारंभ करने के बाद सेंटर का दौरा कर वहां की गतिविधियों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कॉक्लियर इम्प्लांट लगवाने वाले बच्चों के साथ संवाद किया और इन बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं

वीडियो कॉलिंग के माध्यम से की जाएगी थेरेपी की प्रक्रिया

टेली-रिहैबिलिटेशन की मदद से कॉक्लियर इम्प्लांट लगवाने वाले बच्चों को अब जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर में स्पीच थेरेपी सेशन का लाभ मिल पाएगा। इस सेंटर से वीडियो कॉलिंग कर अद्यतन साउंडप्रूफ कमरे में ऐसे बच्चों को थेरेपी दी जाएगी। जिलों में स्थित ये केंद्र पीडियाट्रिक, ऑडियोलॉजिस्ट और आरबीएसके आदि के साथ एक साथ कनेक्ट होंगे। अब, इस टेली-रिहैबिलिटेशन सेंटर के संचालित होने से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से थेरेपी की पूरी प्रक्रिया की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ऑडियोलॉजी कॉलेज के आधुनिकीकरण का लोकार्पण किया। ऑडियोलॉजी कॉलेज के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण के लिए सरकार की ओर से आवंटित 35 लाख रुपये की मदद से अंतरराष्ट्रीय स्तर के 7 नए साउंडप्रूफ कमरे बनाए गए हैं।

सहमति से लम्बे समय तक चले संबंध को बलात्कार नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बलात्कार और जबरन वसूली के आरोपी याची के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। जिसमें कहा गया कि 12 साल से अधिक समय तक चलने वाले सहमति से बने सम्बंध को केवल शादी करने के वादे के उल्लंघन के आधार पर बलात्कार नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने यह फैसला श्रेय गुप्ता की याचिका पर दिया है। जिसमें सहमति की कानूनी व्याख्या और झूठे बहाने के तहत यौन शोषण के आरोपों पर लम्बे समय से सम्बंधों के प्रभाव पर हाईकोर्ट ने यह निर्णय दिया।

संक्षिप्त समाचार

आईएडीआरएफ से संबद्ध हुआ सीडीएससीओ

नई दिल्ली। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) अब अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नियामक फोरम का संबद्ध सदस्य बन गया है। इस कदम से सीडीएससीओ चिकित्सा उपकरण नियामक प्रणाली मजबूत होगी, जिससे उभरती तकनीकी चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय वर्ष 2011 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सीय उपकरण नियामक मंच वैश्विक चिकित्सीय उपकरण नियामकों का एक संयुक्त समूह है, जो अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सीय उपकरण नियामकों के बीच सहयोग और समन्वय को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यरत है।

शेयर बाजार ध्वस्त, सेंसेक्स व निफ्टी में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस के नए नियमों की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी जबरदस्त कमजोरी के साथ हुई। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की। लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की स्थिति में काफी हद तक सुधार भी हुआ, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बाजार पर एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। चौतरफा बिकवाली के कारण दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.10 प्रतिशत और निफ्टी 2.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

रेप मामले में अभियुक्त की जमानत पर फैसला सुरक्षित

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ में अयोध्या रेप पीड़िता मामले में अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद न्यायामूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने आदेश को सुरक्षित कर लिया है। जल्दी आदेश आने की संभावना है। अभियुक्त की ओर से अपने बचाव में डीएनए रिपोर्ट में उसका नाम न आने की दलील दी गई है।

पिंक बस टॉयलेट का लोकार्पण

सीएम योगी ने नवरात्र के पहले दिन दी नारी गरिमा और सम्मान से जुड़ी सौगात

समृद्धि न्यूज

गोरखपुर। महिलाओं की गरिमा और सम्मान से जुड़ी बड़ी सहूलियत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन सिविल लाइंस स्थित पार्क रोड पर पिंक बस टॉयलेट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहनों, सीवेज सफाई की अत्याधुनिक मशीनों, बैंडीकोट रोबोट और विदेश से मंगाई गई डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साथ ही उन्होंने नवरात्र दुर्गोत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छ पंडाल पोस्टर को विमोचन भी किया और लोगों को जीरो वेस्ट त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। पिंक बस टॉयलेट का फीता काटकर लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंदर

जाकर इसका अवलोकन-निरीक्षण किया और इसमें बनाई गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पिंक बस टॉयलेट के पिछले हिस्से में बने कैफे का भी उद्घाटन किया और इस कैफे का संचालन करने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। नगर निगम की तरफ से सिविल लाइंस क्षेत्र में इस पिंक बस टॉयलेट की शुरुआत होने के साथ इसकी संख्या दो हो गई है। इसके पहले एक पिंक टॉयलेट रामगढ़ताल रोड पर बुद्धा गेट के आगे पहले से ही क्रियाशील है। पिंक बस टॉयलेट को कबाड़ घोषित रोडवेज की बसों को मोडिफाइड करके बनाया गया है। इसमें इंडियन और वेस्टर्न टॉयलेट, वॉश बेसिन, आदि की सुविधा है। इसमें प्रसाधन संबंधी सुविधाओं के साथ कैफे की भी सुविधा दी गई है। पिंक बस टॉयलेट में बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सोलर सिस्टम भी इंस्टाल किया गया है। वाहन के पिछले हिस्से में कैफे बनाया गया है। कैफे के संचालन से जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा गया है। कैफे में खानपान के कई तरह सामान मिलेंगे।

राम मंदिर निर्माण में कांग्रेस ने डाले थे रोड़े : सीएम योगी

जींद में बोले योगी आदित्यनाथ-

जींद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम के बिना भारत में काम नहीं चल सकता। राम नाम इस सृष्टि का आधार व प्राणवायु है, लेकिन कभी मुगलों कभी अंग्रेजों और कभी कांग्रेस ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान राम मंदिर के निर्माण में रोड़े डालने का काम किया लेकिन नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गठित होते ही मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ और भगवान राम को तंबू से निकाल कर भव्य मंदिर में स्थापित किया गया। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को सफीदों में भाजपा प्रत्याशी दादा रामकुमार गौतम के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं को श्रीराम और श्रीकृष्ण का संकीर्तण अच्छा नहीं लगता।

पूर्व मंत्री बृज बिहारी हत्याकांड में बिहार के पूर्व विधायक समेत दो को उम्र कैद

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय करीब 26 साल पहले बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले पटना उच्च न्यायालय के फैसले को आंशिक तौर पर पलटते हुए पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो को गुरुवार को दोषी करार दिया और उन्हें इसके लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाते 15 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मृतक प्रसाद की विधवा पूर्व सांसद रमा देवी के अलावा इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर यह फैसला सुनाया। पीठ ने 1998 के इस चर्चित हत्याकांड मामले में पूर्व सांसद सूरज भान सिंह और एक अन्य आरोपी मंटू तिवारी समेत छह को संदेह का लाभ दिया और उन्हें बरी करने के उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। पटना उच्च न्यायालय 2014 में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था।

एक करोड़ के पीएफ घोटाले में पूर्व बैंक प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

कानपुर। सीसामऊ थाने की पुलिस टीम ने पीपीएफ अकाउंट में छेड़छाड़ कर एक करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में गुरुवार को स्टेट बैंक आफ इंडिया के पूर्व बैंक प्रबंधक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिय। यह जानकारी अपर पुलिस उपायुक्त मध्य महेश कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कानपुर नगर के चकेरी थाना क्षेत्र में स्थित बंगाली कालोनी सफीपुर द्वितीय हरजिन्दर नगर निवासी ज्योति यादव पत्नी राहुल सिंह यादव पूर्व प्रबंधक स्टेट बैंक आफ इंडिया सीसामऊ और ज्योति यादव के पति राहुल सिंह यादव पुत्र बलवंत सिंह यादव है। उल्लेखनीय है कि सीसामऊ थाने में 6 जनवरी 2024 जीटी रोड स्थित एसबीआई बैंक के वर्तमान प्रबंधक प्रवीण ने पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव व अन्य के विरूद्ध थाना सीसामऊ पर पंजीकृत कराया गया था। आरोप लगाया गया था कि पूर्व शाखा

प्रबंधक ज्योति यादव ने खाता धारकों के पीपीएफ अकाउंट में छेड़छाड़, कूट रचना करते हुए अपने कुछ सहयोगियों के नाम पर उक्त खातों को मर्ज कर दिया। फिर खाता धारकों की लगभग 1, करोड़ 01 लाख 78,080 रुपये को अपने सहयोगियों तथा अन्य ग्राहकों के खातों का प्रयोग करते हुए स्थानांतरित कर अपने पति के खाते में भेजकर गबन किया है। इस संबंध में सीसामऊ की पुलिस टीम जांच कर रही थी। पुलिस ने करोड़ों के गमन मामले में धारा 406, 409, 420, 467, 468, 471, 120बी भारतीय दण्ड विधान के वांछित अभियुक्तगण की तलाश ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य स्त्रोतों की मदद से की गयी तो फुटेज व अन्य साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस टीम ने गुरुवार को उक्त दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

किसानों से जुड़ी योजनाओं को दो अंब्रेला योजनाओं के तहत लाने की मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कृषि और किसान मंत्रालय के तहत संचालित सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) को दो अंब्रेला योजनाओं के के अंतर्गत लाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। इसमें टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) और आत्मनिर्भरता के लिए खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए कृषोन्ति योजना (केवाई) को मंजूरी दी गई। इसका प्रस्तावित कुल व्यय 01 लाख करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम-आरकेवीवाई टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देगा, जबकि केवाई खाद्य सुरक्षा और कृषि आत्मनिर्भरता को संबोधित करेगा।

12 लाख रेलवे कर्मियों को 78 दिनों के बोनस का ऐलान

एजेंसी

नई दिल्ली। रेलवे कर्मचारियों को केंद्र सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र की तरफ से आने वाले त्योहारों में कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस देने का ऐलान किया गया है। जानकारी के अनुसार सरकार के इस फैसले से करीब 12 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा।

बोनस का भुगतान दशहरा और दीवाली की छुट्टी से पहले किया जाएगा। यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप एक्ससी स्टाफ को भुगतान की जाएगी।

पीएलबी का भुगतान रेलवे कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। पात्र रेलवे कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है। इस वर्ष भी लगभग 11.72 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है। प्रति पात्र रेलवे कर्मचारी को देय अधिकतम राशि 78 दिनों के लिए 17,951/- रुपये है।

थाना प्रभारी व हल्का प्रभारी समेत दो सिपाही निलंबित

झांसी। समथर थाना क्षेत्र में खेतों के बीच संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को दोपहर को हुए विस्फोट कांड में बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसपी ने थाना प्रभारी और हल्का इंचार्ज सहित दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही अवैध पटाखा फैक्ट्री संचालित करने वाले के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। समथर में खेतों के बीच संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को हुए विस्फोट कांड के बाद प्रशासन एक्शन में आ गया था। जांच पड़ताल के दौरान जानकारी हुई कि यह पटाखा फैक्ट्री अवैध रूप से चल रही थी। अवैध पटाखा फैक्ट्री चलने का मामला प्रकाश में आने के बाद एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समथर थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया, हल्का इंचार्ज मिथलेश कुमार सहित सिपाही राकेश और एक अन्य को निलंबित कर दिया है।

बदमाशों ने घर में घुसकर की परिवार के चार लोगों की हत्या

▸ सीएम ने लिया संज्ञान अफसरों को मौके पर पहुंचने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

अमेठी। अमेठी जिले में नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार की शाम लगभग 7.30 बजे एक साथ चार लोगों की हत्या कर दी गयी। घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने अध्यापक समेत पूरे परिवार को गोली मार दी। इस घटना में अध्यापक और उनकी पत्नी तथा दोनों बच्चों की दर्दनाक मौत हुई है।

वहीं, इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिला पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार

सिंह समेत स्थानीय थाना शिवरतनगंज के साथ-साथ आसपास के कई थानों की फोर्स रवाना की गई है। बताया जा रहा है कि अध्यापक का परिवार अहोरवा भवानी चौराहे पर किराए के मकान में रहता था। तिलोई तहसील के सिंहपुर ब्लॉक के पन्हौना प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक तैनात था। मुख्यमंत्री योगी ने इस घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक व्यक्त किया तथा अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई को कहा है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस : सत्येंद्र जैन की डिफॉल्ट जमानत याचिका पर सुनवाई नौ को

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा है कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है, ऐसे में वे डिफॉल्ट जमानत के हकदार हैं। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने जैन की डिफॉल्ट जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 09 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वकील ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लिया है जो अधूरे तथ्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि अधूरे तथ्यों के आधार पर संज्ञान लेना कानून सम्मत नहीं है। कोर्ट ने जैन के वकील को इस मामले में लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दे दी। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कहा गया कि हाल ही में हाई कोर्ट ने इस मामले में दो सह-आरोपितों की डिफॉल्ट जमानत खारिज कर दिया था।

भारत-नेपाल के बीच पेट्रोलियम की दो पाइप लाइन बिछाने को लेकर समझौता

एजेंसी

काठमांडू। भारत के सिलीगुड़ी से नेपाल के झापा तक और नेपाल के अमलेखगंज से चितवन तक पेट्रोलियम की दो पाइप लाइन बिछाने के लिए नेपाल और भारत के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने दो पाइपलाइनों के साथ ही झापा में 40,000 किलोलीटर की क्षमता वाला पेट्रोलियम भंडारण बनाने को लेकर भी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

नेपाल ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक डॉ. चंदिका प्रसाद भट्ट और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के निदेशक सेंथल कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के बीच इन समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। बीटूबी फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस

सचिव पंकज जैन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष सतीश कुमार की उपस्थिति में किए गए।

भारत के सिलीगुड़ी से नेपाल के झापा के चाराली तक 50 किमी लंबी पेट्रोलियम पाइपलाइन बनाई जाएगी। भारत चराली में 18,900 किमी की क्षमता वाला स्मार्ट ग्रीनफील्ड टर्मिनल बनाने के लिए अनुदान भी देने जा रहा है। नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल के भारत भ्रमण के समय भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको लेकर घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत ही बारा जिला के अमलेखगंज से लेकर चितवन जिले के लोथर तक 62 किमी पेट्रोलियम पाइपलाइन का निर्माण किया जाएगा।

उन्नति | आठ करोड़ की लागत से पब्लिक एड्रेस सिस्टम की अयोध्या में हो रही स्थापना, जल्द प्रोजेक्ट को पूरा करने पर फोकस

श्रद्धालुओं की नजर में स्मार्ट बन रही है रामनगरी अयोध्या

समृद्धि न्यूज

अयोध्या। सरकार अयोध्या को विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन नगरी के रूप में विकसित कर रही है। श्रद्धालुओं को हर मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी कड़ी में यहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करने का कार्य तेज गति से चल रहा है।

आठ करोड़ की लागत से तैयार हो रहे प्रोजेक्ट पर 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। संचालन भी लगभग-लगभग शुरू हो गया है। 49 वीएमएस, 100 पब्लिक अनाउंस सिस्टम लग चुके हैं और बाकी जगहों पर भी इनकी स्थापना के कार्य को तेजी से पूरा किया जाएगा। अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद श्रद्धालुओं की

▸ योगी सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत 49 वीएमएस, 100 पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम व 48 एएनपीआर कैमरों से लैस हो रही अयोध्या

संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इनमें देश के कोने-कोने से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। योगी सरकार ने श्रद्धालुओ की जागरूकता व उनकी सुरक्षा के मद्देनजर एक बेहतर प्लान तैयार कराया गया है। राज्य स्मार्ट सिटी नगर विकास विभाग की तरफ ने 7.96 करोड़ की लागत से पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना का कार्य कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था नगर निगम की ओर से इस पर 90 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। अब सिर्फ 12 एएनपीआर कैमरों की स्थापना का कार्य सड़क चौड़ीकरण के नाते अवशेष है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि जल्द ही प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। वैरिएबल मैसेजिंग साइन बोर्ड पर चल रहे जागरूकता के मैसेजवीएमएस यानी वैरिएबल मैसेजिंग साइन बोर्ड। 49 वीएमएस नगर क्षेत्र में लगाए गए हैं। इनमें 12 डिजिटल व 37 छोटे डिजिटल साइन बोर्ड चौराहों पर लगाये गए हैं। बड़े बोर्ड मणिपर्वत, साकेत पेट्रोल पंप, पुराने पुल, अयोध्या के दोनों रेलवे स्टेशन के निकट देखे जा सकते हैं, जबकि छोटे बोर्ड रिकाबगंज समेत कई चौराहों पर लगाये गए हैं।

कंट्रोल रूम से संचालित होता है सिस्टम

पब्लिक एड्रेस सिस्टम अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बने आईटीएमएस के कंट्रोल रूम से होता है। नगर निगम से मिले इनपुट के आधार पर ऑडियो व वीएमएस पर मैसेज प्रसारित किए जाते है, जबकि एएनपीआर कैमरे से नम्बर प्लेट पढ़ने का कार्य भी कंट्रोल रूम की बड़ी-बड़ी एलईडी पर किया जाता है।

नंबर प्लेट को आसानी से पढ़ लेते हैं एनपीआर कैमरे

एएनपीआर यानी नम्बर प्लेट रिकग्निशन कैमरे होते हैं। योजना के तहत 48 कैमरे लगने हैं। ये कैमरे किसी भी वाहन की नम्बर प्लेट आसानी से पढ़ लेते हैं। योजना के अंतर्गत ये कैमरे शहर के उन एंट्री पॉइंट पर लगने हैं, जहां से बाहरी वाहन शहर में प्रवेश कर रहे हैं। जैसे सहादतगंज, नया सरयू पुल, पुराना सरयू पुल, नया घाट इत्यादि जगहों पर 36 कैमरे लग चुके हैं, जबकि रायबरेली मार्ग व बूथ नम्बर पर अन्य एक दो जगह पर कैमरे लगने बाकी हैं। यह शहर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों पर निगाह रखेंगे।

पीए सिस्टम के तहत रात आठ बजे तक होती है अनाउंसमेंट

पीए सिस्टम यानी पब्लिक अनाउंस सिस्टम पर रात आठ बजे तक अनाउंसमेंट होती है। इसके तहत अयोध्या-फैज़ाबाद की सड़कों 100 स्पीकर लगाए गए हैं, जिसमें नगर निगम की अपील, यातायात नियमों के पालन, पालीथिन के इस्तेमाल न करने और धर्मनगरी को स्वच्छ बनाये रखने के लिए चलती है। हर मैसेज के संचालन से पहले नमस्कार नगर निगम क्षेत्र में आपका स्वागत है का ऑडियो चलता है। यह प्रक्रिया सुबह आठ से शाम आठ बजे तक के लिए होती है।

एक महीना सात दिन में बाघ ने दो गरीब किसानों को बना डाला अपना निवाला

- आम से लेकर खास तक, सड़कों से लेकर खेतों तक बाघ के होने के दावे
- बाघ को ट्रेकुलाईज करने के निर्देश के बाद कहां खाक छान रहे एक्सपर्ट

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

एक महीना सात दिन में बाघ ने दो गरीब किसानों को अपना निवाला बना डाला। खेतों में चारा काटने गए दो गरीब किसानों पर खेत पर बाघ ने हमला कर जख्मी कर दिया।

जिम्मेदार की सुनिए

मामले पर वनविभाग महेशपुर के जिम्मेदारों का कहना है कि बाघ एक्सपर्ट टीम निरंतर इलाकों में काम्बिंग कर रही है। प्रत्येक दशा में बाघ के मूवमेंट पर नजर बनाई जा रही है। शीघ्र ही बाघ को ट्रेकुलाइज करने का प्रयास जारी है।

काफी मशक्कत के बाद बाघ को ट्रेकुलाइल करने के निर्देश मिलने के बाद बाघ पर चलाई गई फायर डाट भी दवा की डोज कम होने के कारण बाघ को पकडने की कवायद में गच्चा साबित हुई। ट्रेकुलाइज कर बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने दो हाथी भी मंगवाए पर नतीजा ढाक के तीन पात साबित रहा। ना तो बाघ ट्रेकुलाइज हो सका, और ना ही हाथी व ड्रोन मशीने बाघ को सही दिशा में मोडकर टाइगर रिजर्व की ओर कर सके। अब सवाल उठता है कि बाघ एक्सपर्ट टीम आखिर किन इलाकों में बाघ को पकडने की कवायद में जुटी है। इधर आम से लेकर खास तक को सड़कों से लेकर खेतों तक बाघ की चहलकदमी दिखाई देती है। आए दिन बाघ के इधर उधर फोटो शोसल मीडिया पर वायरल होते है। लेकिन बाघ एक्सपर्ट टीम के हत्थे बाघ नहीं चढ पा रहा है। यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। बता दें कि 27 अगस्त को इमलिया के अमरीश और 11 सितम्बर को मूड़ा अस्सी के जाकिर अली, 27 सितम्बर को पन्नापुर के तेजराम व 28 सितम्बर को भदहैया के एक गरीब किसान के ऊपर हमला कर घायल कर दिया था।

इन गांवों में है बाघ की दहशत

बाघ की दहशत से अजान, इमलिया, घरथनियां, मूड़ा अस्सी, मूड़ा जवाहर, मढ़िया सड़क, बघमरा, कोटखेरवा, देवकली, नौगवां, बिजौरिया, बांसगांव, कपरहा, जमालपुर, कोड़री, शेरपुर, बिलहरी, हयातपुर, कैम्हारी, काजरकोरी, छिछोना, शहाबुद्दीनपुर, खरगापुर, देवीपुर, अशर्फीगंज, झाऊपुर, पन्नापुर, लीलापुर, जियनपुर, तूलमेल गंज, भदहैया, बिहारीपुर, कन्हैयागंज, गौरीगंज, महेशपुर, रोशननगर आदि सैकड़ों गांव बाघ से प्रभावित हैं।

क्या कहते हैं किसान नेता

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा कहते है। कि विभिन्न क्षेत्रों में खेतों सडकों पर आए दिन बाघ देखा जा रहा है। किसकी जिंदगी संकट में है, फिर भी वन विभाग बाघ को ट्रेकुलाइज कर पकड़ने मे नाकाम है। इमलिया के अमरीश को बाघ के निवाला बनाए जाने के बाद वन विभाग की टीम के बाघ को ट्रेकुलाइज करने में निष्प्रभावी देखते हुए राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने 18 सितंबर को वनरेंज महेशपुर का घेराव करने के बाद वनाधिकारी एवं डा नीतेश कटियार ने बाघ ट्रेकुलाइज कर पकड़ने में कुछ सक्रियता दिखाई थी। उनके चले जाने के आए अन्य विशेषज्ञों ने दो हाथी भी मंगवाए। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात ही रहा। बाघ भी ट्रेकुलाइज नहीं हो पाया, किसान की गन्ने की खड़ी फसल हाथियों की काम्बिंग से क्षतिग्रस्त हो रही है।

मंदिर परिसर यज्ञशाला में कलश स्थापना

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। मां मंगला देवी महोत्सव में नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर के समीप स्थित पवित्र तीर्थ से कलशो से जल भरकर वापस मंदिर परिसर यज्ञशाला में कलश स्थापना के साथ संपन्न हुई। पवित्र नवरात्रों के अवसर पर प्रथम दिवस मां मंगला देवी मंदिर में महोत्सव के क्रम में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मां भगवती के स्वरुप की झांकी के साथ माता रानी के जयकारे लगाते भक्तों भीड चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर से आरंभ होकर खुटार रोड होते हुए सदर चौराहे, सिनेमा चौराहा से तीर्थ में जल भरने के बाद वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में केके शुक्ला, श्रीराम राजपूत, राजेन्द्र प्रसाद, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अवनीश मिश्रा, जगदीश वर्मा, आदर्श शुक्, पूनम मिश्रा, प्रेमलता, निर्मला गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, सानू मिश्रा, रानी, अनीता, आरती, शीतल सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

खबरें एक नजर में

आजादी के 76 साल बाद भी कई गांवों तक नहीं पहुंच सकी पक्की सड़क

ईसानगर खीरी। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा भले ही प्रत्येक गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का फरमान सुनाया गया हो और आबादी की न्यूनतम सीमा निर्धारित की गई है। वही जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड ईसानगर क्षेत्र में 1250 की आबादी वाले कई गांव है जहां आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक पक्की सड़क नहीं पहुंच सकी और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उक्त मार्गो पर कई गांव का मुख्य मार्ग होने के चलते भारी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। लेकिन फिर भी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पक्की सड़क न बन सकी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से करते हुए सड़क बनाने की मांग की है। विकास खंड ईसानगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मूसेपुर के मजरा मुराउनपुरवा करीब 1250 की आबादी का गांव है। जहां गांव को खमरिया ईसानगर रोड से जोड़ने के लिए अभी तक पक्की सड़क नहीं बन सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी गांव की तरफ किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने नजर नहीं दौड़ाई जिसके चलते अभी तक गांव काली सड़क से वंचित है। जबकि मुराउन पुरवा ,मूसेपुर लोनियन पुरवा सहित कई गांवों का आवागमन रहता है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उक्त मामले में अधिशाषी अभियंता ने बताया कि उक्त सड़क का निरीक्षण किया गया है। सड़क 2024-25की कार्य योजना में शामिल है। मंजूरी मिलने पर कार्य करवाया जायेगा।

बिना आपसी सहमति दुर्गा पूजा पंडाल लगाने पर होगी कार्रवाई : कोतवाल

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। शहर के मोहम्मदी रोड पर दुर्गा पूजा पंडाल लगाने को लेकर एक दुकानदार व पंडाल समिति के सदस्यों के मध्य विवाद गहरा गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समिति के लोगों को कडी चेतावनी दी है। बता दें कि मोहम्मदी रोड पर गिरधारी लाल आंख अस्पताल के सामने मूर्ति पंडाल स्थापना को लेकर बखेडा हो गया। कमेटी के सदस्यों का कहना है। कि पास के ही एक दुकानदार मूर्ति स्थापना करने पर ऐतराज कर है। साथ ही बिना उनकी अनुमति पंडाल लगाने पर कार्रवाई की बात कही। उधर कमेटी के लोगों का कहना है कि प्रशासन से कार्यक्रम की परमीशन मिल चुकी है। साउंड से लेकर हर चीज की परमिशन लेने के बाद जब बात बढ़ी तो वहां पर दो पुलिस कर्मी पहुंचे। इसके बाद भी बात न बनने पर कोतवाल चंद्रशेखर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, दोनो पक्षां को समझाने का प्रयास किय। साथ ही बिना एक दूसरे की आपसी सहमति व एक राय होकर ही के पंडाल न लगाने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि बिना आपसी सहमति के पंडाल लगाने पर कार्रवाई की जाएगी।

ध्वज पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरु

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। गुरुवार तीन अक्टूबर से श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन ध्वजपूजन के साथ धूमधाम से आरंभ हुआ। दोपहर बाद भगवान श्रीरामचद्र, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ दिव्य रथ पर सवार होकर लीलाओं के मंचन के बाजे गाजे के साथ निकले। उनके रथ के आगे लाल रंग वेश में गदा लेकर जय श्रीराम का उद्घोष लगाते हनुमान जी व श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारी जयघोष करते हुए निकले। भगवान के दिव्य रथ के साथ प्रतीक चिहन ध्वजा के साथ निकली यात्रा मोहम्मदी रोड से मिल रोड होते हुए मेला मैदान पहुंची। जहां विधिवत मत्रोपचार के साथ ध्वजा स्थापना की गई। जहां मेला मैदान में पुरोहित निर्विकार मिश्रा शास्त्री ने ध्वज स्थापना कर पूजन अर्चन कराया। इस मौके पर जनार्दन गिरि, रामगुलाम पांडे, रमेश बाजपेई, सुभाष मिश्रा, राकेश तिवारी उर्फ बडे, राजेश आनंद मिन्नी, राजेश गुप्ता, रामरक्षपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। आज निकलेगी शिव बारात। श्रीरामलीला समिति के कार्यक्रमों की श्रखला में आज चार अक्टूबर को धूमधाम से शिव बारात निकाली जाएगी। जिसमें शहर के गणमान्य लोग व अभूतपूर्व जीवंत झांकियां का बेहतरीन प्रदर्शन किया जाएगा।

रामलीला शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ राम लीला मंचन

बहराइच। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी (रजि0) की ओर से श्री रामलीला महोत्सव के शुभारंभ के अंतर्गत नगर के पंचायती मन्दिर से शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल के नेतृत्व में निकाली गई।यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो घंटाघर, चौक बाज़ार, पीपल तिराहा, मीराखेलपुरा, गुदड़ी, काजीपुरा, बशीरगंज होते हुए मंचन स्थल राम लीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई। मुख्य मार्गो पर शोभायात्रा में देवी देवता स्वरूप लॉग आकर्षण का केन्द्र रहे। बहराइच की सबसे पुरानी रामलीला महोत्सव का यह 119वां वर्ष है। शोभायात्रा में शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला कमेटी की ओर से झिंगहाघाट स्थित रामलीला मैदान में रामलीला मंचन से पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों की झांकियों ने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस वर्ष मथुरा वृन्दावन के मशहूर कलाकार रामचरित्र का मंचन करेंगे। छावनी चौराहा पंचायती मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा का जगह-जगह पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भव्य रथ पर प्रभु श्रीराम की अलौकिक छवि जनमानस का मन मोह रही थी। शोभायात्रा राम लीला मैदान पहुंचकर वहां भगवान के स्वरूपों का तिलक, चन्दन करके आरती उतारी गई।शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, राधारमण यज्ञसैनी, कमल शेखर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, जय जय अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, राहुल रॉय, श्रवण शुक्ला, विनय जैन पिन्टू , श्रवण यज्ञसेनी, के के मिश्र, मुरारी श्रीवास्तव, आनन्द गुप्ता, के के सक्सेना, अंशुमान यज्ञसैनी, मुकुट बिहारी तिवारी, उत्कर्ष श्रीवास्तव, रामजी शुक्ला, अमित शर्मा, दाऊ जी सोनी, श्रवण शुक्ला सहित सैकड़ो रामभक्त मौजूद रहे।

पर्वत मालाओं के मध्य होंगे मां के दर्शन

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत भैंठिया में 31 वें दुर्गा पूजा की तैयारियां की गई हैं। दरबार तैयार करने में दर्जनों सेवादारों ने श्रमदान कर दरबार को भव्य रूप दिया है।मां वैष्णो दरबार में प्रतिदिन पूजन आरती एवं दर्शनों के लिए पास पड़ोस के गांव एवं दूर-दराज से लोग आकर अपनी मनौतिया मांगते हैं।

तहसील गोला गोकर्ण नाथ की ग्राम पंचायत भैंठिया में बनाए गए कृत्रिम मां वैष्णो दरबार को सेवादारों ने बांस बल्लियो के सहारे मां वैष्णो देवी का दरबार बनाया है। मां वैष्णो दरबार में बनाई गई ऊंची नीची पहाड़ियों के दुर्गम रास्ते से होकर दर्शनार्थी गुफाओं के मध्य होकर मां के दर्शन करेंगे। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सचिन सोनी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने कर्मठता से मां वैष्णो दरबार को भव्य रूप दिया गया है। जहां पूरे नवरात्र भर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दरबार में मूर्तियों की स्थापना के साथ ही पूरे नवरात्र भर दरबार में प्रतिदिन जागरण व सजीव झांकियां दिखाई जाएंगी। शुक्रवार 11 अक्टूबर को हवन पूजन व शनिवार 12 अक्टूबर को कन्या भोज भंडारा के साथ मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया।

जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में 32 टीमों ने किया प्रतिभाग

- पवन अग्रवाल, क्षितिज की जोड़ी ने चैम्पियनशिप ट्राफी पर जमाया कब्जा

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के तत्वाधान में आयोजित ज़िला स्तरीय ओपन बैंडमिंटन टूर्नामेंट एसआरएल, स्पोर्ट्स फाउंडेशन के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू रहे। रोटरी क्लब अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने अतिथियों का स्वागत के क्रम में कहा। कि संस्था इस तरह के आयोजनों से नई प्रतिभाओं को मंच देना चाहती हैं, ताकि वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस टूर्नामेंट में लखीमपुर, मोहम्मदी, निघासन, मैलानी, भीरा, गोला सहित कुल 32 टीमों ने डबल्स में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में लखीमपुर के पवन अग्रवाल और क्षितिज की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में भीरा के प्रांजल खन्ना और हेमंत राय की जोड़ी को हराकर शानदार जीत दर्ज करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ़ द सीरीज भीरा के प्रांजल खन्ना रहे। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और समर्पण की भावना विकसित करता है। बैंडमिंटन जैसे खेल से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। इसी कडी में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ल रिंकू ने विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता प्रतिभागियों को विनय गुप्ता, पुनीत साहनी, आशुतोष अग्निहोत्री, मनोज आदि ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में टूर्नामेंट प्रभारी संजय सैनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर रोटेरियन नवीन जोशी, अमित शुक्ला पिंटू, कामरान खान, अनिल जायसवाल, राजीव राजपूत, चंदन सेठी, ख़ालिद रज़ा, उमेश जयसवाल, वरुण राजपूत, विवेक गुप्ता, योगेश कनौजिया, रचित वर्मा, अमित टंडन, अनिल वर्मा, कमलेश सिंह, गोविंद वर्मा, प्रताप सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिक व समाज सेवी संस्थायों के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब सचिव प्रमोद वर्मा ने किया।

सभासदों ने लगाया नगर पंचायत अध्यक्ष पति पर मनमानी का आरोप

नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर सभासद लामबंद

मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।

- सभासदों ने किया विरोध तो अध्यक्ष पति से हुयी नोंकझोंक
- प्रतिनिधि के निजी व्यवहार से नाखुश हैं सभासद
- बोर्ड की बैठक में मांग रहे हैं लेखा-जोखा

आदर्श नगर पंचायत बोर्ड की बैठक गुरुवार को स्थगित करनी पड़ी। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रति 8 सभासद लामबंद होकर मनमाना कार्य किए जाने का आरोप लगाने लगे हैं। साथ ही मीटिंग का बहिष्कार कर सभागार के बाहर चले गए। सभी सभासद लेखा-जोखा के साथ बैठक करने की मांग कर रहे थे। कार्यो का लेखा जोखा न देने पर सभी सभासदों ने बैठक छोड़कर बैठक का बहिष्कार किया। इस दौरान सभासदों के साथ अध्यक्ष पति की नोंकझोक भी हुई। सभासदगणों का कहना है कि बिना कई प्रस्ताव करवाये बोर्ड बैठक पंजिका पर अग्रिम हस्ताक्षर बनाये जाने का दवाब चेयरपर्सन के द्वारा बनाया गया ।नगर पंचायत प्रतिनिधि द्वारा नगर में कराए गए कार्य में कोई पारदर्शिता नहीं लाई जा रही है। सभासद गणों के द्वारा डेढ़ वर्ष के आय-व्यय मांगने पर नहीं दिखाया जा रहा है। साथ ही कार्यवाही रजिस्टर को बोर्ड की बैठक में ही पूरा नहीं किया जाता है इसका भी आरोप लगाया गया। मीटिंग के दौरान रजिस्टर के पेज को खाली छोड़ दिया जाता हैं, जिससे सरकारी धन की बंदरबांट हो सके । चेयरमैन प्रतिनिधि सभासद गणों के एक भी जनहित के कार्य को मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में मीटिंग करने का क्या मतलब है।सभासदों ने आरोप लगाया कि चेयरमैन प्रतिनिधि ने सभासद गणों के सारे कार्य को नगर पंचायत कर्मचारी को करने से मना कर दिया है। सभासदगणों ने कहा कि अगर हमारा कार्य चेयरमैन और कर्मचारी नहीं सुनेंगे तो हम अपने वार्ड की जनता की समस्या किसके समक्ष रखेंगे।इस दौरान मौजूद सभासद राम शंकर, दलीप सोनी,अजित यादव, विकास कुमार,राशिद हुसैन, कुसमा देवी, गीता देवी, ममता देवी थे। इस संबंध में विरोध करने वाले सभासदों का कहना था कि अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करने तथा वार्ड की समस्याओं को न दूर करने के मुद्दे के कारण आज हमें नगर पंचायत में व्याप्त गड़बड़ी के कारण इस बैठक का बहिष्कार करना पड़ा है। जिसके जिम्मेदार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा अधिशासी अधिकारी खुद हैं।

> वहीं इस संबंध में अधिशासी अधिकारी राकेश चौधरी ने बताया है की बोर्ड की बैठक थी, जिनमें 8 सभासदों द्वारा अग्रिम हस्ताक्षर के आरोप लगाए है वो सब गलत और निराधार है।उपस्थिति रजिस्टर पर 4 सभासदों ने हस्ताक्षर किये थे बाकी 8 सभासद मीटिंग हाल से बाहर बिना हस्ताक्षर किये चले गए।

अंबेडकर पार्क की आरक्षित जमीन से कट गए हरे भरे पेड़

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

- दो सेमल के पेड़ काटने के बाद लकड़कट्टे एक कटे पेड़ को लेकर हुए फरार, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, जांच शुरू

निघासन नगर पंचायत में हरे भरे पेड़ को दिनदहाड़े काटने का प्रचलन काफी पुराना है। निघासन तहसील गेट के ही सामने लगे पेड़ों को लकड़कट्टो ने बगैर नगर पंचायत को जानकारी हुए सेमल के हरे भरे विशालकाय पेड़ो को काटना शुरू कर दिया। जब ईओ को इस बारे में पता चला तो मौके से सारी कटी लकड़ी नगर पंचायत कार्यालय के परिसर में खड़ी करवा दी। गुरुवार को भी नगर पंचायत निघासन के झंडी रोड पर स्थित वार्ड नंबर 13 गोविंदपुरी वार्ड में स्थित अंबेडकर पार्क के लिए आरक्षित सरकारी जमीन पर लगे बड़े बड़े दो सेमल के पेड़ों को दिन दहाड़े चोरी चुपके ठेकेदार जव्वाद के द्वारा काट लिया गया। जब इसकी भनक वन विभाग को हुई तो मौके पर वन कर्मचारियों को भेजकर पड़ताल कराने के लिए भेजा, लकड़कट्टो को भनक लगते ही शातिर लकड़कट्टे एक सेमल के पेड़ को एक असलम के धांगड़े पर लादकर और एक कटे पेड़ को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग टीम समेत ईओ दिनेश शुक्ल व लेखपाल रामासरे राणा ने कटे हुए सेमल के पेड़ और दोनों पेड़ों की जड़ों को बरामद कर लिया है।

ऐरा गन्ना विकास समिति में 21 गावों की 38 सीटों पर हुए चुनाव के बाद आये परिणाम

- विजयी प्रत्याशियों को मिले प्रमाणपत्र

ईसानगर-खीरी, समृद्धि न्यूज। गन्ना विकास समिति ऐरा में गुरुवार को हुए डेलीगेट्स के चुनाव में जमकर वोट पड़े। प्रतिष्ठा बनाकर लड़े प्रत्याशी चुनाव में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक वोट डालने पहुचे। मतदान सम्पन्न होने के बाद शुरू हुई मतगणना के दौरान परिणाम जानने तक टस से मस नहीं हुए लोग, वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए लखीमपुर, ईसानगर व खमरिया थानों की पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड के जवान चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। गन्ना विकास समिति ऐरा में गुरुवार 21 गावों के 38 डेलीगेट्स पदों पर हुए चुनाव के बाद सम्पन्न हुई मतगणना के बाद विजयी घोषित हुये प्रत्याशियों को। आरओ शैलेन्द्र कुमार, एआरओ आलोक शुक्ला, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आदित्य विशाल ने प्रमाणपत्र देकर जीत की बधाई दी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में सीओ पीपी सिंह की अगुवाई में खमरिया थाना प्रभारी, ईसानगर थानाध्यक्ष , समेत सदर कोतवाली पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड समेत बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी चप्पे चप्पे पर मुस्तैद रहे।

नवरात्रि के दृष्टिगत मंदिर समेत भीड़-भाड़ क्षेत्र का एसपी ने किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत 'माँ संकटा देवी मन्दिर' में भीड़ भाड़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता से मॉनिटरिंग करने व रूट डायवर्जन एवं अवैध अतिक्रमण के सम्बन्ध में सख्ती से पालन कराने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

दिनांक-03.10.2024 से प्रारम्भ होने वाले शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा कोतवाली सदर की चौकी संकटा देवी क्षेत्रान्तर्गत लखीमपुर शहर में स्थित 'माँ संकटा देवी मन्दिर' व आस-पास के क्षेत्र का मुआयना किया गया व सम्बन्धित अधिकारियों को रूट डायवर्जन/ यातायात एडवाइजरी के अनुसार बड़े वाहनों को रोकने व रोड पर होने वाले अनावश्यक अवैध अतिक्रमण को हटवाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही मन्दिर परिसर में होने वाली भारी भीड़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व चौकी इंचार्ज संकटा देवी को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मन्दिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की 24 घन्टे सक्रियता से मॉनिटरिंग की जाएगी। अनावश्यक रुप से पार्किंग करने वाले वाहनों का यातायात नियमों के अंतर्गत चालान कराया गया व सम्बन्धित अधिकारियों को यातायात एडवाइजरी /रुट डायवर्जन का सख्ती से पालन कराने की चेतावनी दी गई। महोदय द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था में लगे अधिकारियों से यातायात के प्रत्येक क्षेत्र एवं वहां लगाए जाने वाले ड्यूटी व्यवस्था, यातायात बल के साथ ही जाम लगने वाले प्वाइंट, जाम लगने के कारण व उसके निदान की जानकारी ली गई व यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए गए। संकटा देवी पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर के कार्यालय की साफ सफाई एवं रख रखाव के लिये चौकी इंचार्ज संकटा देवी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1213/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 03.10.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 10.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 10.10.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	जोन-3 के अर्न्तगत विभिन्न वार्डों में समरसेबिल पम्पों की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य	3100.00	200	07 दिवस
	1. अलीगंज द्वितीय विरेन्द्र सिंह म.नं.ई.4एल./3 सेक्टर एल रघुवर पैलेस अलीगंज के सामने।			
	2. कदम रसूल वार्ड मोहन मिकिंग रोड बागशाह जी हसीबू के घर के पास म.नं. 481/22			
	3. डालीगंज निरालानगर वार्ड के अर्न्तगत मुमताज डिग्री कालेज के सामने कश्यप नगर गुडियन पुरवा मोहन मेकिंग रोड।			
	4. डालीगंज निरालानगर वार्ड के अर्न्तगत देशराज यादव म.नं.491/48ख बगिया मुंशीगंज डालीगंज।			
	5. मनकामेश्वर मन्दिर वार्ड के अर्न्तगत म.नं. 499/91 के घर के सामने मुन्ना चक्की के बगल वाली गली में।			
	6. अयोध्यादास प्रथम वार्ड के अन्तर्गत डी-नोवा स्कूल के पास बाबा पुरवा म.नं. 473छ/92			

निविदा प्राप्त करने की शर्त- 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

हरियाणा में फिर एक बार बनने जा रही डबल इंजन की सरकार : नंदी

समृद्धि न्यूज

▸ मंत्री नन्दी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में किया जनसम्पर्क

लखनऊ/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरूवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पलवल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गौरव गौतम के समर्थन में व्यापारियों, उद्यमियों एवं वैश्य समाज के लोगों के बीच जनसम्पर्क एवं बैठक कर विजयी बनाने की अपील की।

यह जानकारी मंत्री नन्दी के मीडिया प्रभारी ने दी। उन्होंने बताया बैठक में नन्दी ने कहा कि भाजपा सरकार में ही व्यापारी, उद्यमी के साथ ही आम नागरिक भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा हरियाणा में फिर एक बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का हवाई किला ध्वस्त हो रहा है और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हरियाणा की जनता कांग्रेस के मुद्दों संविधान, किसान और जवान की हकीकत जान चुकी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा को क्षेत्रीय भेदभाव, भ्रष्टाचार और जातिवाद के दलदल से निकालकर प्रगति पथ पर अग्रसर किया है।

गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाएगी सरकार

उत्तर प्रदेश में 65 हजार से अधिक हेक्टेयर है गोचर भूमि, 27 हजार से अधिक अब तक कब्जा मुक्त

विकास तिवारी

मुख्यमंत्री योगी ने नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने के दिये निर्देश, साथ ही अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी आदेश

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश भर में गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने इसके लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंश को हरा चारा, भूसा और पौष्टिक पशुआहार उपलब्ध कराने के लिए फैसला लिया है। इसी क्रम में प्रदेश के 12 जिलों में 27 हजार से अधिक गोचर भूमि को शत प्रतिशत कब्जामुक्त किया जा चुका है।

अभियान की प्रतिदिन रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को गोचर भूमि को अवैध कब्जाधरियों से मुक्त कराने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है ताकि अभियान की प्रॉपर मानीटरिंग हो सके। वहीं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अभियान की रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में गोचर भूमि की सूची तैयार की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितनी गोचर भूमि पर कब्जा है। इसी के अनुसार जिलावार अभियान चलाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि समय-समय पर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में एक बार फिर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश भर में 65 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि, 27 हजार से अधिक अब तक कब्जा मुक्त राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश भर में राजस्व अभिलेखों के अनुसार 65,177 हेक्टेयर गोचर भूमि है। इनमें हरदोई में 4,599 हेक्टेयर, कानपुर नगर में 3,678 हेक्टेयर, रायबरेली में 3349 हेक्टेयर, लखनऊ में 3,077 हेक्टेयर, फतेहपुर में 2805 हेक्टेयर और अमेठी में 2,005 हेक्टेयर गोचर भूमि है। वहीं अब तक 27,688.75 हेक्टेयर गोचर भूमि कब्जामुक्त करायी जा चुकी है, जिसका प्रतिशत कुल गोचर भूमि का 42.48 प्रतिशत है। वहीं 37,488.25 हेक्टेयर गोचर भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का आंकलन करने के निर्देश

योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो।

खबरें एक नजर में

वाहन चालकों का भत्ता बढ़ा, पदाधिकारियों का सम्मान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजकीय वाहन चालक महासंघ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने वाहन चालकों के भत्ते बढ़ाए जाने पर संघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद एवं महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी का महासंघ कार्यालय में जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। प्रदेश के राजकीय वाहन चालकों को ग्रीष्मकालीन वर्दी भत्ता 680 से बढ़ाकर 1020 रूपये, शीतकालीन वर्दी भत्ता 1310 से बढ़ाकर 1965, जूता 164 से बढ़ाकर 246 रूपये, कम्बल 200 से 300 रूपये, रेनकोट 500 से बढ़ाकर 750 रूपये कर दिया गया है। इसके साथ ही धुलाई भत्ता 60 से बढ़ाकर 9.0 रूपये किया गया है। संघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद ने स्वागत समारोह के अवसर पर कहा कि हमारी मांगों में शासन द्वारा एक मांग को सहानुभूति पूर्वक विचार करके पूरा किया गया। महासंघ की मांग है कि ग्रेड पे 1900 की जगह 2000 एवं वाहन चालकों की भर्ती सम्बंधित शासनादेश शीघ्र जारी करेगी। इस दौरान वीरेन्द्र पाण्डेय संरक्षक, शहीदी अली सलाहकार, मोहम्मद अकरम उपा., तेजशंकर मंत्री, कैलाश साहू संयुक्त मंत्री, उपेन्द्र तिवारी संयुक्त मंत्री,रमेश कुमार प्रचार मंत्री, विनोद मौर्या क्षेत्रीय मंत्री, इन्द्रदेव प्रान्तीय अध्यक्ष वन विभाग, अमित सैनी पूर्व महामंत्री स्वास्थ्य विभाग, सूरज कुमार कृशि विभाग का जोरदार स्वागत सम्मान किया गया।

सर्किल रेट न बढ़ने से किसान परेशान, बिल्डरों को फायदा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह ने लखनऊ के जिलाधिकारी (डीएम) सूर्यपाल गंगवार से मुलाकात की। लखनऊ में सर्किल रेट को लेकर गंभीर चर्चा की। वीएम सिंह ने सर्किल रेट न बढ़ने से किसानों को हो रहे नुकसान की बात कही। किसान नेता वीएम सिंह ने कहा कि आखिरी बार 2014 में सर्किल रेट में बढ़ोतरी हुई थी, उसके बाद से अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि लखनऊ के मुकाबले बाराबंकी का सर्किल रेट अधिक है। वीएम सिंह का आरोप है कि बिल्डरों को इस स्थिर सर्किल रेट से लाभ हो रहा है, जबकि किसानों का हक छीना जा रहा है। सरकार को भी राजस्व में भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि डीएम ने इस मामले पर कार्रवाई के लिए एक महीने का समय मांगा है। यदि इस अवधि में उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो किसान संगठन कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा। किसान नेता का कहना है कि पिछले एक दशक से सर्किल रेट में कोई संशोधन नहीं किया गया। इससे न केवल सरकारी राजस्व पर असर पड़ा है, बल्कि किसानों को उचित मुआवजा भी नहीं मिल रहा।

ईरानी कप मैच में क्रिकेटर शार्दूल की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर ईरानी कप के मैच के दौरान बीमार पड़ गए हैं। बुधवार रात उन्हें तेज बुखार आया है। जिसके बाद शार्दूल को मेदांता में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर है और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। अस्पताल में उनका मलेरिया और डेंगू टेस्ट करवाया गया है, जिसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। शार्दूल बुधवार को इकाना स्टेडियम में मुंबई की ओर से बल्लेबाज करने उतरे थे। उन्होंने 59 गेदों पर 4 चौके और एक छक्के के सहारे 36 रन बनाए। उन्होंने सरफराज खान के साथ 9वें विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी भी की। जानकारी के अनुसार, शार्दूल पूरे दिन अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे, उन्हें तेज बुखार था। इसके चलते वे देर से बल्लेबाजी करने उतरे थे। उन्होंने 2 घंटे बल्लेबाजी की। इस दौरान उन्होंने 2 बार ब्रेक लिया। रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई।

सुरक्षा की मांग कर रहे डिलीवरी ब्वॉयों का जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। डिलीवरी ब्वॉय भरत की हत्या के बाद डरे-सहमे डिलीवरी ब्वॉयों ने शहर के चिनहट क्षेत्र में फ्लिपकार्ट के वायर हाउस के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मृत डिलीवरी ब्वॉय के परिवार को मुआवजा देने और स्वयं की सुरक्षा की मांग उठायी। प्रदर्शन कर रहे डिलीवरी ब्वॉय मनीष ने कहा कि मोबाइल के लालच में फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय भरत की आरोपी आकाश शर्मा ने हत्या कर दी। पुलिस उसे पकड़ नहीं पायी और आरोपी आकाश ने बाराबंकी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बावजूद अभी तक मरने वाले डिलीवरी ब्वॉय भरत को न्याय नहीं मिला है। उसके परिवार के लोग आर्थिक तंगी के शिकार हो गये हैं। उन्हें कम्पनी की ओर से मुआवजा अवश्य ही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्लिपकार्ट कम्पनी के वायर हाउस में वे सभी कार्य करते हैं। इसके लिए वायर हाउस मालिक से मांग करते हैं कि उनकी सुरक्षा को लेकर इंश्योरेंस जैसी आवश्यक जरूरतों की पूर्ति की जाये। वे एक मेहनत करने वाले लोग हैं, दिन-रात दौड़ लगाकर टारगेट पूरा करते है। वहीं कम्पनी के लोगों को सिर्फ सप्लाई से ही मतलब रहता है।

बीएससी के छात्र ने की आत्महत्या

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में इंदिरानगर तकरोही निवासी ठेकेदार राजेश कुमार मिश्र के बेटे आनंद (24) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बताया कि नशे की लत के चलते पिछले काफी समय से परेशान चल रहा था। पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राजेश कुमार मिश्र का परिवार तकरोही में रहता है। जबकि राजेश ग्वालियर में ठेकेदारी करते हैं। मृतक आनंद के भाई श्याम मिश्रा ने बताया कि वह नशे का लती था। इसके चलते तीन- चार दिन से कहीं जाने नहीं दिया जा रहा था। रोज की तरह आनंद बुधवार रात कमरे में मां के साथ सो रहा था। रात करीब दो बजे आनंद ने एसी चलने से ठंड लगने की बात कह कर दूसरे कमरे में चला गया। गुरुवार सुबह काफी देर तक उसके न उठने पर मां ने आवाज दी। उसके न आने पर कमरे में जाकर देखा तो उसका शव पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील तिवारी के मुताबिक कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मंडल स्तर पर भी अब ट्रेड शो आयोजित करेगी योगी सरकार : राकेश सचान

मंत्री सचान ने इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन के लिए जताया आभार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस आयोजन ने प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि इस बार ट्रेड शो में 4,25,268 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48.91 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के उद्योगों की बढ़ती क्षमता और व्यापारिक अवसरों की पुष्टि करती है। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस बार (बिजनेस टू बिजनेस) और (बिजनेस टू कस्टमर) क्षेत्रों में भी जबरदस्त उछाल देखा गया। इसमें 1,03,688 बिजनेस टू बिजनेस प्रतिभागियों और 3,21,580 बिजनेस टू कस्टमर प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो क्रमशः 42.84 प्रतिशत और 50.98 प्रतिशत की वृद्धि है। यह औद्योगिक विकास और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए सकारात्मक संकेत है। मंत्री सचान ने कहा कि इस साल के आयोजन में 2,500 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन किया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,000 थी।

जूट से बने थैलों को पांच करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

मंत्री सचान ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित उत्पादों को विदेशी खरीदारों ने काफी सराहा। जूट से बने थैलों को 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला, जबकि वाराणसी की प्रसिद्ध गुलाबी मीनाकारी को भी 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला। यह उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा।

उत्तर प्रदेश के लिए अब आक्रामक मार्केटिंग की जरूरत

उत्तर प्रदेश के लिए अब आक्रामक मार्केटिंग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य को केवल आंतरिक बाजारों पर ही नहीं, बल्कि बाहरी बाजारों पर भी ध्यान देना चाहिए, जहां प्रदेश के उत्पादों की बड़ी मांग हो सकती है। मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले ट्रेड शो से इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाया जाएगा, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। मंत्री राकेश सचान ने अंत में कहा कि सरकार द्वारा किए गए संयुक्त प्रयासों और इस प्रकार के आयोजनों से प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और राज्य की आर्थिक स्थिति और भी सुदृढ़ होगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजनों ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक नए व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है, जिससे प्रदेश की आर्थिक विकास दर में निरंतर वृद्धि हो रही है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिला

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की व्यावसायिक पूछताछ और लीड्स उत्पन्न हुई हैं, जो राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। राकेश सचान ने बताया कि इस आयोजन ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। इस बार रक्षा निर्माण, ई-कॉमर्स, चीनी मिलों और वन उत्पादों जैसे क्षेत्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक दायरे का विस्तार हुआ है, जो राज्य के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारिता का ईमानदार होना जरूरी : सतीश महाना

समृद्धि न्यूज

▸ विस अध्यक्ष से मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति की कमेटी ने भेंट की

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से आज उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति की नवनिर्वाचित कमेटी ने शिष्टचार भेंट की। इस मौके पर संसदीय पत्रकारिता की बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह एक जिम्मेदार कार्य है, जिसमें पत्रकारों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहनता और निष्पक्षता के साथ लिखना चाहिए।

श्री महाना ने कहा कि पत्रकारों को हमेशा तथ्यों के आधार पर रिपोर्टिंग करनी चाहिए और बिना किसी पक्षपात के सटीक जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। संसदीय पत्रकारिता में एक छोटी सी गलती भी बड़ी गलतफहमी पैदा कर सकती है, इसलिए इस क्षेत्र में काम करते हुए पत्रकारों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। श्री महाना ने जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारिता का सशक्त और ईमानदार होना आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान पत्रकारों के लिए की जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी विधानसभा में पत्रकारों के बैठने के लिए स्थित प्रेस रूम का भव्य सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पत्रकारों को बेहतर कामकाजी माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में पत्रकारों के लिए एक विशेष संसदीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पत्रकारों को संसदीय विषयों पर गहन जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, और इस क्षेत्र में कार्यरत सभी पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कार्य में उच्चतम मानदंडों का पालन करें। श्री महाना की इस पहल की सराहना करते हुए संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने उनका आभार व्यक्त किया। श्री तिवारी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के सहयोग और नेतृत्व में पत्रकारों के लिए जो सुविधाएं और अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

उपेक्षितों की पीड़ा का निराकरण ही आयोग की सफलता : असीम

समृद्धि न्यूज

▸ एससी-एसटी आयोग के पदाधिकारियों ने ग्रहण किया कार्यभार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्षों, बेचन राम एवं जीत सिंह खरवार सहित आयोग के अन्य सदस्यों ने आज शपथ लेने के बाद कार्यभार ग्रहण किया। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

19 सदस्यीय आयोग में सदस्य के रूप में हरेन्द्र जाटव, महिपाल वाल्मिकी, संजय सिंह, नीरज गौतम, नरेन्द्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनीता गौतम, रमेशचन्द्र, मिठाईलाल,उमेश कठेरिया, जितेन्द्र कुमार एवं अनीता कमल ने शपथ ग्रहण किया। तीन सदस्य जिनमें दिनेश भारत, शिवनारायण सोनकर एवं रमेश कुमार तूफानी शामिल हैं, किन्हीं कारणोंवश शपथ के लिए उपस्थित नहीं हो सके। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अवसर पर समाज कल्याण मंत्री ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग में पद मिलना एक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत सोच समझकर सुयोग्य पदाधिकारियों को चुनते हुए नया आयोग गठित किया है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि समाज की सेवा करना सौभाग्य है। नवमनोनीत पदाधिकारीगणों को महत्वपूर्ण शक्ति दी गई है। उन्हें इन शक्तियों का प्रयोग समाज के उपेक्षित एवं पीड़ित व्यक्तियों को संविधान के अनुसार न्याय दिलाने के लिए करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग हर प्रकार से आयोग के सहयोग के लिए उपलब्ध है। उपेक्षितों की पीड़ा के निराकरण में ही आयोग की सफलता है। नवमनोनीत आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि समाज कल्याण मंत्री ने पीड़ितों को न्याय दिलवाने में काफी मेहनत की है। नवगठित आयोग के पदाधिकारी इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। आयोग के पदाधिकारी कदम से कदम मिलाकर आयोग के संज्ञान में आये मामलों का अन्वेषण एवं अनुश्रवण करते कार्रवाई करेंगे।

सेंट्रल बार एसोसिएशन का प्रदर्शन, बिजली, पानी और शौचालय की मांग

लखनऊ । सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ के पदाधिकारियों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया है। ये धरना बिजली, पानी और शौचालय की सुविधाओं की कमी को लेकर उठाया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाएंगी, उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। सेंट्रल बार एसोसिएशन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह का कहना है कि जिला न्यायाधीश से हमारे प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उनको ज्ञापन सौंपा गया करीब 1000 से ज्यादा वकील अधिवक्ताओं का चैंबर है। लेकिन इस परिसर में इस न पानी की व्यवस्था है, ना शौचालय की व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई की व्यवस्था है। बिजली की भी व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर आदेश पारित कर दिया जाए। न्यायालय द्वारा आदेश नहीं दिया जा पा रहा है, तो ये सभी कार्य स्वयं अधिवक्ताओं के द्वारा कराए जाने का भी निर्देश जारी कर दिया जाए। अधिवक्ताओं का आरोप है कि न्यायालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

नगर निगमों में सौर ऊर्जा संयंत्रों की हो रही स्थापना, अयोध्या बनेगा मॉडल शहर : शर्मा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उ.प्र.सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत अयोध्या शहर को प्रदेश का पहला सौर ऊर्जा के मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें शहर के कुल विद्युत भार का 10 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूर्ति की जाएगी। साथ ही अन्य 16 नगर निगमों में भी सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करायी जा रही है। वर्तमान में अयोध्या नगर में सोलर सिटी में 15.75 करोड़ रुपए तथा अन्य नगरों में सोलर सिटी में 40 करोड़ रुपए के बजट प्राविधान किया गया है।

किसी भी नगर में सोलर सिटी कार्यक्रम के लिए नगर आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त कर राज्य स्तरीय समिति के अनुमोदनोपरान्त कार्य कराये जाते हैं। ये बातें ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोध्या सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक 766 अदद स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, 2300 सोलर स्ट्रीट लाइट, 250 अदद सोलर हाई मास्ट, 3.33 मेगावाट क्षमता के ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट, 50 किलोवाट क्षमता का ऑफग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट एवं 06 मीट्रिक क्षमता का 01 अदद् सोलर आधारित कोल्ड स्टोरेज, 01 किलोवाट क्षमता के 40 सोलर ट्री, 2.5 किलोवाट क्षमता के 18 सोलर ट्री, 10 सोलर वॉटर किऑस्क के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। साथ ही पर्यटन के दृष्टिगत 02 सोलर बोट का संचालन सरयू नदी पर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरयू के तट पर 40 मेगावाट का सोलर प्लाण्ट स्थापित किया गया है। अयोध्या में सरयू नदी तट पर 10.25 किलोमीटर के मार्ग पर लक्ष्मण किला से निर्मली कुण्ड तक 487 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित कर मार्ग को प्रकाशित करा दिया गया है। वही वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी योजनांतर्गत अयोध्या शहर में 150 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, 1100 सोलर स्ट्रीट लाइट, 75 सोलर हाई मास्ट संयंत्रों के अधिष्ठापन की कार्यवाही गतिमान है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोध्या के साथ अन्य नगर निगमों में वाराणसी नगर निगम परिक्षेत्र में सोलर सिटी योजनान्तर्गत 1512 सोलर स्ट्रीट लाइट एवं 200 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। इसी प्रकार सोलर सिटी योजनांतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में वाराणसी नगर निगम परिक्षेत्र में 500 सोलर स्ट्रीट लाइट, 100 सोलर हाई मास्ट, 01किलोवाट क्षमता के 10 सोलर ट्री, 04 सोलर वॉटर कियास्क एवं 200 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना कराया जाना प्रस्तावित है। झांसी नगर निगम परिक्षेत्र में 200 सोलर स्ट्रीट लाइट एवं 25 सोलर हाई मास्ट की स्थापना कराया जाना प्रस्तावित है। आगरा नगर निगम परिक्षेत्र में 600 सोलर स्ट्रीट लाइट, 50 सोलर हाई मास्ट की स्थापना कराया जाना प्रस्तावित है। अलीगढ़ नगर निगम परिक्षेत्र में 90 सोलर हाई मास्ट, 550 सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना कराया जाना प्रस्तावित है।

अलगाववाद की भाषा बोल रहे हैं पूर्व सांसद एसटी हसन : जयवीर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने समाजवादी पार्टी से पूर्व सांसद एसटी हसन के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है जिसमें उन्होंने मुस्लिम समुदाय के युवाओं को चेताया था कि गरबा महोत्सव में न जाएं, नहीं तो 'लव जिहाद' और मॉब लिंचिंग का शिकार होना पड़ेगा। सपा के पूर्व सांसद के इस बयान पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि वह अलगाववाद की भाषा बोल रहे हैं।

सामाजिक तानाबाना कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। मैं समझता हूं कि यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान की परंपरा रही है और यहां पर सामाजिक तानाबाना इतना मजबूत रहा है कि जब मुस्लिम समुदाय के यहां ईद होती है तो हिन्दू भाई उन्हें मुबारकबाद देने जाते हैं। पूरे भारत में सामाजिक तानाबाना को मजबूत करने की परंपरा रही है। इससे भाईचारा कायम रहता है।

हम चाहते हैं कि भाईचारा कायम रहे। लेकिन कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए भाईचारे को खत्म करने में लगे हुए हैं। क्या उत्तर प्रदेश में भी आधार कार्ड या अन्य किसी आईडी के आधार पर गरबा महोत्सव में एंट्री दी जाएगी? इस पर पर्यटन मंत्री ने कहा, यहां इस तरह की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।

राजधानी में एलडीए-नगर निगम की सीमा से बाहर हों डेयरियां : डीएम

लखनऊ । लखनऊ जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने डेयरी विस्थापन के मुद्दे को लेकर बैठक की। इसमें सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, नगर निगम, आवास विकास परिषद और लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में डेयरी विस्थापन को एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा मानते हुए विस्तृत कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया। डेयरी संचालित क्षेत्रों को लखनऊ नगर निगम सीमा से बाहर ट्रांसफर किया जाए। लखनऊ विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद द्वारा नए स्थान पर उचित व्यवस्था की जाए। गोबर और मल-मूत्र के निस्तारण के लिए पर्यावरण अनुकूल समाधान लागू किया जाए। विस्थापन से पहले नगर आयुक्त द्वारा सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाए।

सुविधा | राज्यपाल की उपस्थिति में केजीएमयू आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन व कैनकिड्स किड्सकैन के बीच समझौता

केजीएमयू में अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की होगी स्थापना

▸ यूनिट के बन जाने से अप्लास्टिक एनीमिया, थैलेसीमिया जैसे गंभीर रक्त विकारों के रोगियों को मिलेगा बेहतर उपचार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना होगी। इस यूनिट के बन जाने से अप्लास्टिक एनीमिया, थैलेसीमिया जैसे गंभीर रक्त विकारों के रोगियों का बेहतर उपचार हो सकेगा। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में राजभवन में गुरुवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन और कैनकिड्स किड्सकैन के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू केजीएमयू में अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना के संबंध में है, जो सी.एस.आर. निधि से पूरी तरह से वित्त पोषित होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह कदम न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। राज्यपाल ने संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा इस एम.ओ.यू.के पीछे एक पवित्र उद्देश्य है। किसी की जिंदगी बचाना एक बहुत ही पुण्य कार्य है। कैंसर से पीड़ित लोगों की मानसिक और आर्थिक स्थिति अत्यंत कठिन होती है, ऐसे में यह एम.ओ.यू. उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने के.जी.एम.यू. के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केजीएमयू न केवल चिकित्सीय सेवाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है बल्कि अनुसंधान कार्यों में भी अग्रणी है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर का नि

मां ने आठ महीने की मासूम को सेफ्टी टैंक में डुबोकर मार डाला

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में मां ने अपनी ही आठ महीने की बेटी को मार डाला। शनिवार देर रात 11 बजे पति का फोन आया, पत्नी से कहा- फिर से बेटी पैदा हुई है। तुम एक बेटा नहीं दे सकती हो। इसको लेकर परिवार के लोगो के बीच रोज ही झगड़ा होता था। शनिवार को कुछ ज्यादा ही हो गया। पति बेटी के पैदा होने के दो महीने बाद मुंबई चला गया। उसके बाद आज तक लौट कर नहीं आया। रोज बेटी के पैदा होने पर ताना मारता। हर शाम को लड़ाई करता। ताने मारने से परेशान होकर पत्नी अपने ही आठ माह की जिंदा बेटी शगुन को शनिवार रात 11.30 बजे सेफ्टी टैंक में डालकर मौत के घाट उतार दिया। मासूम बेटी को सेफ्टी टैंक में घर के

पीछे जिंदा डालने के एक घंटे बाद 12:30 बजे परिजनों को जंगली जानवर द्वारा उठा ले जाने की सूचना दी। जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया था मामला परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर ग्राम पंचायत के मेहरबान पुरवा का है। यहां माताफेर का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी जगमती,आठ महीने की बेटी शगुन, उसके पिता सीताराम गौतम और मां हैं।माताफेर पिछले आठ साल से मुंबई में काम कर रहा है। अभी छह महीने पहले वह घर आया था। इसके बाद फिर मुंबई चला गया। शनिवार को खाना खाने के बाद आठ माह की मासूम शगुन को लेकर के जगमती घर के अंदर अपने कमरे में सो गई थी। ठीक कमरे के बगल स्थित दूसरे कमरे में जगमती के दो वर्षीय बेटे लकी के साथ लकी की दादी लेकर के सोई हुई थी। बाबा सीताराम घर के बाहर सोए हुए थे।इसी दौरान जगमति ने जंगली जानवर के उठा ले जाने की बात कही थी। सूचना मिलते ही मौके पर परसपुर थाने की पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीमों द्वारा मौके पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया।लेकिन किसी भी जंगली जानवर द्वारा उठा ले जाने की पुष्टि नहीं हुई थी और न ही मासूम बच्ची का शव मिला था।

चालीस घंटे बाद सेफ्टी टैंक से मिला था मासूम का शव

चालीस घंटे बाद घर के पीछे स्थित सेफ्टी टैंक का जब पंपसेट के माध्यम से पानी निकाला गया तो मासूम बच्ची का शव सेफ्टी टैंक में पड़ा हुआ मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने जब आरोपी कातिल मां जगमती से कड़ाई से पूछताछ की तो बयान में उधर इधर की बात करने पर पुलिस को शक हुआ। टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर परसपुर पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

मां का कबूल नामा

माँ ने बताया कि लड़का नहीं हुआ बेटी हो गई पति मार रहे थे ताना पत्नी ने पूछताछ में बताया- पति और परिजन बेटी पैदा होने के अगले दिन से ही लगातार ताने मार रहे थे।लड़ाई होने से बीच में कई दिन बात भी बंद रही हम दोनों में।बीते शनिवार देर रात में भी पति माताफेर ने फोन पर बेटी के पैदा होने को लेकर ताने मार रहा था।कहा-फिर से बेटी पैदा हो गई।तुम एक बेटा नहीं दे सकती हो।इसको लेकर दोनों में काफी बहस हुई।मैने कहा कि इसमें मेरी क्या गलती।लेकिन पति और उसके घर वालों को लगता था कि मेरी गलती है।मेरे में ही कोई कमी है रात में काफी देर तक हम दोनों में बहस होती रही।मै बहुत परेशान थी। शनिवार देर रात में जब सब लोग सो गए।तब रात 11 बजे उठी और अपनी बेटी को उठाया।बेटी को ले जाकर जिंदा सेफ्टी टैंक में डाल दिया।इसके एक घंटे बाद परिजनों को झूठे तरीके से जंगली जानवर के उठा ले जाने की सूचना दे दी।मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करता है पति मृतक मासूम शगुन के पिता माताफेर बीते आठ साल से मुंबई में रहकर के मेहनत मजदूरी अपनी पत्नी जगमती को पैसा देते थे। बेटी पैदा होने के दो माह बाद ही यानि कि छह महीना पहले मुंबई चला गया था। तब से मुंबई ही रह रहा है।छह महीने हो गए अभी तक माताफेर घर नहीं आए हैं। लगातार पत्नी से झगड़ा भी कर रहा था।जिसके चलते पत्नी ने यह खौफनाक कदम उठाया है।वहीं अब पूरे मामले को लेकर के आठ माह की मृतक मासूम शगुन के बाबा सीताराम गौतम की तहरीर पर परसपुर थाने की पुलिस ने कातिल मां जगमती के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।मां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।कातिल मां ने अपना जुर्म कबूल लिया है।

धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में शहर के महाराज गंज मोहल्ला में स्थित श्री चित्रगुप्त भगवान मंदिर के प्रांगण में मुख्य अतिथि डॉ. पियूष रंजन विशिष्ट अतिथिगण उपजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जी सी श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता के0 के0 श्रीवास्तव, रेलवे परामर्श दात्री बोर्ड के सदस्य एवं भाजपा नेता पंकज श्रीवास्तव, पेंशनर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में शास्त्री जी की जयंती पर साहित्योत्सव और सम्मान समारोह के रुप में मनायी गयी। शास्त्री जी और गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात सभा के महामंत्री विनोद कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट और उपस्थित मुख्य अतिथि का सम्मान अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंटकर माल्यार्पण से किया।

लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर साहित्यकार राणा प्रताप सिंह राही, अवधेश कुमार सिंह अवधेश, प्रधनाअध्यापक अनंत राम, राजेश ओझा, प्रकाश चंद्र अग्निवेष, राम फेर प्रजापति, डॉ. आभा सक्सेना, नीति श्रीवास्तव, पूर्णिमा श्रीवास्तव, ज्योतिमा शुक्ल, देवेन्द्र कुमार, गुरुप्रसाद सिंह, ब्रजलाल तिवारी, राजेश्वर दयाल श्रीवास्तव आदि मुख्य अतिथि द्वारा साहित्य सम्मान से अलंकृत किए गये।साहित्यकारों ने शास्त्री जी पर रचनाओं को सुनाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

शास्त्री जी की जयंती सम्मान समारोह में पत्रकार नरेन्द्र लाल गुप्ता को महामंत्री विनोद कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, समाज सेवी अजय खरे ने अंगवस्त्र, मोमेंटो,माल्यार्पण कर सम्मानित किया।उक्त जयंती समारोह में साहित्यकार, पत्रकार और प्रबुद्ध जनों को सम्मानित करते हुए अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि गणों ने शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने का संदेश देते हुए उनकी ईमानदारी और कर्तव्य को याद करते हुए उनसे जुड़े संस्मरण सुनाये। उक्त समारोह में विकास मनोहर, जितेन्द्र, विजित प्रेम, रमेश कुमार, कुलदीप कुमार, अरुण कुमार, अश्वनी, अनूप कुमार श्रीवास्तव, अनिल सिन्हा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रमोद नंदन श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।

नाट फार सेल सीमेंट का इस्तेमाल करने में फंसे ग्राम प्रधान व सचिव, जवाब तलब

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

जिले के कर्नलगंज विकास खण्ड के एक ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण में नाट फार सेल सीमेंट का इस्तेमाल करने में ग्राम प्रधान व सचिव फंस गए हैं। अधिशासी अभियंता आरइएस की जांच में शिकायत सही होने की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित प्रधान व सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कराने के आदेश दिए हैं।

प्रकरण कर्नलगंज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत पैरौरी से जुड़ा है। जहां सीसी रोड के हो रहे निर्माण के दौरान बीते सप्ताह ग्रामपंचायत के मजरा चिंता पाण्डेयपुरवा में नाट फार सेल सीमेंट से सीसी रोड निर्माण की फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई थी। मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अधिशासी अभियंता आरइएस को जांच के आदेश दिए थे। अधिशासी अभियंता जेबी सिंह ने ग्राम पंचायत में कार्य का निरीक्षण किया। जांच के समय कार्य बंद मिला। सामग्री का नमूना लेने के बाद उन्हें छप्पर में सीमेंट रखी होने की जानकारी मिली। अधिशासी अभियंता ने नाट फार सेल वाली 12 बोरी सीमेंट को अपने कब्जे में ले लिया था। जांच रिपोर्ट डीएम को भेजी गई थी। ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित प्रधान व सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कराने के आदेश दिए हैं। वहीं नाट फार सेल लिखी सीमेंट कहां से आई, इसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है।

युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मिली लाश, हड़कंप

- हत्या या आत्महत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सेल्हरी गाँव के मजरा सेल्हरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। ईदगाह के पास स्थित तालाब में गुरुवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने एक युवती का शव उतारता हुआ दिखा, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुट गई और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी थाना कटरा बाजार पुलिस को दी। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मृतक युवती की पहचान सेलहरी ग्राम पंचायत के अहिरन पुरवा निवासिनी 22 वर्षीय सोनी पुत्री रमेश के रूप में हुई है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक युवती के शव की हालत देखकर घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर जारी है। कुछ लोगों का मानना है कि युवती की हत्या करके शव को तालाब में फेंका गया है वहीं कुछ ग्रामीणों का मानना है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है और ग्रामीणों से पूंछताछ कर रही है। फिलहाल मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है,घटना हत्या या आत्म हत्या से जुड़ी है यह अभी अबूझ पहेली बनी है।



परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष व त्वरित जांच की उठाई मांग

युवती सोनी की मौत के बाद उसके परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की है। परिजनों की मानें तो तो यह सिर्फ एक हादसा नहीं,बल्कि साजिश हो सकती है। युवती के पिता रमेश यादव ने थाने में लिखित रूप से शिकायत की है और आरोप लगाया है कि घटना से जुड़ी सारी कड़ियां संदिग्ध व्यक्ति नकछेद गौतम से जुड़ी हो सकती हैं,जिसे रात को उनके घर से भागते हुए पकड़ा गया था।

ग्रामीणों में आक्रोश

इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाएं समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। सोनी की मौत को लेकर हर कोई स्तब्ध है।

खबरें एक नजर में

मिशन शक्ति के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

गोंडा, समृद्धि न्यूज। गोन्डा विकास खंड पंडरी कृपाल के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंडरी कृपाल मे मिशन शक्ति के तृतीय चरण के तहत लैंगिक समानता निबंध चित्रकला रंगोली वाद विवाद प्रतियोगिता मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता व साइबर क्राइम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम तथा करियर काउंसलिंग सत्रों का आयोजन किया गया और बच्चों को जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबर पुलिस सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 102, 108 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व 1090 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया बालिकाओं द्वारा नारे के तहत मिशन शक्ति का संदेश पहुँचाया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश पम्पलेट व वैनर के माध्यम से जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में नई पहल परियोजना समन्वयक विजय शुक्ल ब्लॉक समन्वयक अलका सिंह, प्रधानाध्यापिका प्रिया चतुर्वेदी समस्त शिक्षक स्टाफ तथा 93 बालिका एवम 70बालको ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

बिजली चोरी मिलने पर केस दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुहा पतहुआ गांव में बिजली चोरी की सूचना प्रवर्तन दल को मिली। जिस पर प्रवर्तन दल के प्रभारी सुभाष चंद्र यादव की अगुवाई में टीम पहुंची। मौके पर देखा तो देव प्रकाश खंभे से केबल जोड़कर बिजली चोरी कर रहे हैं। बिजली चोरी दो एसी समेत घर के अन्य उपकरण का प्रयोग किया जा रहा है। इस पर देव प्रकाश के विरुद्ध केस कराया गया है। टीम में अवर अभियंता जुगुल मिश्रा, उप निरीक्षक राम सबल चौरसिया, हेड कांस्टेबल सचिन मिश्रा मौजूद रहे।

रोडवेज बस ने पीएसी के हेड कांस्टेबल को रौंदा, मौत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पीएसी गेट नंबर एक के सामने एक दर्दनाक हादसा हुआ,जिसमें तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से 50 वर्षीय पीएसी हेड कांस्टेबल गोरख प्रसाद की मौत हो गई।मृतक गोरख प्रसाद, जो गोरखपुर के निवासी थे, अपने मोटरसाइकिल से सड़क पार कर बाजार सामान लेने जा रहे थे, तभी लखनऊ की दिशा से आ रही बस ने उन्हें रौंद दिया।हादसे के तुरंत बाद,बस का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोरख प्रसाद के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही,पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। परिजन गोरखपुर से गोंडा के लिए रवाना हो चुके हैं। गौरतलब है कि गोरख प्रसाद पिछले कई वर्षों से गोंडा पीएसी की 30 वीं बटालियन में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे।उनके साथियों का कहना है कि वह नव रात्रि का सामान लाने के लिए बाजार जा रहे थे जब यह दुर्घटना हुई।नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान गोरखप्रसाद के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, मृतक अपनी मोटरसाइकिल से सड़क पार कर रहे थे,तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें रौंद दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है। इस घटना ने गोंडा जिले में शोक का माहौल पैदा कर दिया है और पीएसी के कर्मचारियों में भी आक्रोश है।

अब सुजौली रेंज में पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ

- स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के सुजौली रेंज में लगे पिंजड़े में बुधवार रात को पिंजड़े में कैद कर लिया गया है। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र के गांवों में तेंदुआ हमला कर रहा था। सुजौली रेंज के गांवों में एक बच्ची और बुजुर्ग महिला को तेंदुआ ने घायल कर दिया था। इस पर वन विभाग की ओर बुधवार को पिंजड़ा लगाया गया था। रात 10 बजे के आसपास तेंदुआ पिंजड़ा में कैद हो गया। सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में पिंजड़े में कैद हुए तेंदुए को वन विभाग की ओर रेंज कार्यालय लाया गया है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी। डब्लूडब्लूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि रात को तेंदुआ पिंजड़े में कैद हुआ।

घर बसाने के बजाए उजाड़ने का काम कर रही सरकार : अजय

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृहस्पतिवार दोपहर में जिले के वजीरगंज बाजार में पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की इसके बाद भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार को पहले बसाने का काम करना चाहिए। इसके बाद मकान उजाड़ना चाहिए, लेकिन यह सरकार बेसन के बजाय उजाड़ने का काम कर रही है।

कैसरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सराय जगना के वजीरगंज बाजार में गाटा संख्या 211, 212 और 92 पर खलिहान की जमीन है। इस जमीन पर एक समुदाय के लोगों ने पक्का निर्माण करवा लिया था। गांव निवासी एक महिला ने कोर्ट में वाद दायर कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। लखनऊ उच्च कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया था। जिस पर 25 सितंबर को जिला प्रशासन ने 23 परिवार के मकानों को बुलडोजर से गिरवा दिया था। इसका मुआयना करने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार घर बसाने के बजाए घर गिरा रही है। जबकि जिला पिछड़ा है। यहां कारखाना लगवाना चाहिए।

कहा कि इसी सरकार ने लखनऊ के बसंत कुंज में पहले मकान बनवाकर दिया, इसके बाद बुलडोजर की कार्यवाई की। इसी तरह यहां भी करना चाहिए। उप चुनाव पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमने पांच सीट की मांग की है। पांच सीट मिलने पर गठबन्धन से चुनाव होगा। भाजपा सरकार को हराकर बुलौद्जर की सरकार को नदी की ओर मोड दिया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई कर सरकार गरीबों को नीचे गिरा रही है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेपी मिश्रा, गोपीनाथ मिश्रा समेत काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बोले लखनऊ की तरह बहराइच के लोगों को पहले देते निवास, फिर करते बुलडोजर की कार्यवाई
- उप चुनाव पर बोले- जीत दर्ज कर नदी की ओर जाएगी बुलडोजर सरकार

चार चोरी की बाइक संग एक अपराधी गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- बहराइच, श्रावस्ती और लखनऊ में करता था बाइक चोरी

नवाबगंज थाने की पुलिस ने अन्तर्जनपदीय बाइक चोरी का खुलासा किया है। पुलिस टीम ने चोरी की चार बाइक संग एक अंतर्जनपदीय बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद बाईकों को सीज कर दिया है। फरार अन्य साथी की तलाश की जा रही है। पकड़ा गया चोर श्रावस्ती, बहराइच, लखनऊ में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में नवाबगंज थानाध्यक्ष शीला यादव द्वारा बाइक चोरों की तलाश शुरू की गई।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल, उप निरीक्षक अशोक चतुर्वेदी, रणजीत यादव, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, जितेंद्र राज,स्वतंत्र विक्रम सिंह और भोला यादव की टीम ढोढे नहर पुलिया मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि वाहन जांच के दौरान पुलिस ने कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। काफी सख्ती के बाद बाइक चोरी की बात कही। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम माधव राम पुत्र आज्ञा राम सम्मननगर धर्मनगर नवाबगंज बताया। उसने बताया कि यह बाइक उसने श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना अंतर्गत भगवानपुर गांव निवासी अर्जुन पासी पुत्र दयाराम से लिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों मिलकर श्रावस्ती, बहराइच और लखनऊ में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। अब तक दो बाइक नेपाल में बेच भी चुके हैं।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तीन और बाइक बरामद की। एसपी ने बताया कि बरामद चोरी की बाइक को सीज कर दिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। फरार सहयोगी की पुलिस तलाश कर रही है।

मारुति कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला के मजरा चकैया निवासी धर्मेंद्र पाल (30) पुत्र नंदू बृहस्पतिवार को बाइक से मिहीपुरवा बाजार जा रहा था। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर सिमरन गांव के पास बाइक सवार को मारुति वैन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर जालिम नगर चौकी इंचार्ज दिनेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के लोगों को सूचना दी। युवक की मां रूपरानी पहुंची। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। चौकी इंसान ने बताया कि मारुति वैन का चालक मौके से फरार हो गया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पीआरडी जवान का संपन्न हुआ विदाई कार्यक्रम

जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले के विकासखंड जरवल मुख्यालय पर गांधी जयंती की पावन अवसर पर विदाई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

विदाई कार्यक्रम में युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा ने सेवानिवृत पीआरडी जवान रंगीलाल को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी अमन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख इं विपेंद्र प्रताप सिंह, विकास वर्मा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राकेश वर्मा, अयोध्या प्रसाद, महबूब अहमद एवं अनेक पीआरडी जवान आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने पीआरडी रंगीलाल के स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी।

इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर की बुधवार को लखनऊ केजीएमयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस महकमे में शोक है। गोरखपुर जिला निवासी अखंड प्रताप सिंह (49) पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर थे। उनकी तैनाती जिले के साइबर थाने में द्वितीय ऑफिसर के पद पर थी। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसको लेकर पुलिस महकमे में शोक है। जिले में निधन की सूचना पहुंची तो पुलिस अधिकारियों और साथी पुलिस कर्मियों ने शोक जताया है।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में 15 पंचायतें सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद में चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत एक जन अभियान है, जिसमें सामुदायिक सहयोग और ग्राम स्तर पर किए गए समर्पित प्रयासों ने निर्णायक भूमिका निभाई है।

गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की 15 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने इस उपलब्धि को जनपद के स्वास्थ्य सुधार के लिए एक बड़ी सफलता बताया। सम्मानित प्रधानों में से हुजूरपुर की एक महिला प्रधान की उपस्थिति ने महिलाओं के योगदान को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक देश को टीबी (क्षय) रोग से मुक्त करने के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद की 15 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। जिलाधिकारी ने प्रधानों को गांधीजी की कांस्य प्रतिमा और प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का परिणाम है। जब लोग बीमारी के प्रति जागरूक होते हैं और समय पर उपचार लेते हैं, तो किसी भी बीमारी का उन्मूलन किया जा सकता है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से आह्वान किया कि वे इस जागरूकता को बनाए रखें और अन्य बीमारियों के खिलाफ भी सामुदायिक सहयोग को आगे बढ़ाएं, ताकि जनपद पूरी तरह से स्वस्थ और रोगमुक्त बन सके।

- जिलाधिकारी ने बच्चों को लिया गोद

ये पंचायतें हुई टीबी मुक्त

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायतों में रिसिया ब्लॉक की भैसाही, भैसहा, गोंदौरा, तेजवापुर ब्लॉक की उमरी दहलो, खुजकीपुर, मोतीपुर की विश्रामपुरवा, नवाबगंज की परमपुर, कैसरगंज की जलालपुर बसहिया, विशेश्वरगंज की सुल्तानामाफी, चितौरा की बनिहारी, फखरपुर की बहोरवा, जरवल की चुसरापारा, हुजूरपुर की किरिडिहा व पयागगुर की परसिया पंडित गांव शामिल हैं।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के त्वरित क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सचिव ग्राम पंचायतों के साथ विकासखण्डवार की जा रही समीक्षा की कड़ी में ब्लाक शिवपुर व महसी की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण व ई-रिक्शा का क्रय न वाले ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन आहरित न किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि अवशेष ग्राम पंचायतों में 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से ई-रिक्शा क्रय की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक निर्मित स्वच्छ शौचालयों का सत्यापन कर आख्या मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करा दें। विभागीय योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह सचिवों के साथ बैठक पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। बैठक के दौरान सीडीओ को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन 02-03 जिला स्तरीय को ग्रामों में भेजकर पंचायती राज विभाग द्वारा निर्मित कराये गये पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल व अन्य निर्माण कार्यों स्थलीय सत्यापन कराया जाय। सभी एडीओ पंचायत व सचिवों को निर्देश दिये गये कि ब्लाकों को आवंटित किये गये बजट के सापेक्ष तत्काल निर्माण प्रारम्भ करा दें तथा स्वय अपने स्तर पर मानीटरिंग भी करते रहें।

खेलते समय तालाब में डूबकर बालक की मौत

बिना पोस्टमार्टम के कराया शव का अंतिम संस्कार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के ग्राम पंचायत पातूपुर गांव निवासी एक बालक खेलते समय तालाब में गिर गया। पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पातूपुर निवासी अरशद (6) पुत्र अनीस बुधवार शाम को तालाब के निकट खेलते हुए गिर गया। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

एक वर्ष से कुर्सी पर जमे कोतवाल नहीं लगा पा रहे चोरियों पर अंकुश

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

पिछले एक माह से महराजगंज कोतवाली में चोरों के आतंक ने लोगों का जीना मोहल कर दिया है और पुलिस है कि किसी भी मामले को खोलने में पूरी तरह से नाकाम ही साबित हो रही है नए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के आने से लोगों में आशा जगी थी लेकिन उनकी आशा तब निराशा में बदल जाती है जब एक के बाद एक लोगों का कीमती सामान चोरों द्वारा पर किया जा रहा है किसी के घर में लड़की की शादी होना है तो किसी ने बच्चों के लिए पैसा इकट्ठा कर रखा है तो कोई अनाज इकट्ठा करके अपना जीवन यापन कर रहा है लेकिन चोरों के आतंक ने आम जनजीवन को दहशत के मोहाल में जीने को मजबूर कर दिया है कई कई गांव में रात भर जाग कर लोग अपने सामान की सुरक्षा कर रहे हैं तो वही टीसा खानापुर ग्राम पंचायत में मंदिर को निशाना बनाने वाले चोरों को अभी तक पता नहीं चला ज्यौना ग्राम पंचायत मे एक घर को चोरों द्वारा निशाना बनाया गया महिपतगंज मे प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया गया और कई चोरियां क्षेत्र में हो चुकी हैं किसी भी चोरी का खुलासा करने में कोतवाल बालेंदु गौतम नाकाम ही साबित हो रहे हैं जिसका कारण भी स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि सालों से एक ही कुर्सी पर जमे हुए कोतवाल साहब अभी तक घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम ही साबित हुए हैं इनकी रिश्तेदारी क्षेत्र में बढ़ती ही चली जा रही है। आखिर घटनाओं का खुलासा कैसे हो यह बात इस समय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

बुधवार की रात कोतवाली क्षेत्र मोन गांव स्थित पानी के टंकी के पास बने परमेश्वर पुत्र जगमोहन के घर को निशाना बनाया।जहां पर चोरों ने देर रात्रि घर के बाहर से सेंध काटकर उसी कमरे को निशाना बनाया।जहां सोने चांदी के जेवरात व नगदी रखे हुए थे। बक्शो के ताला तोड़कर चोर सब कुछ उठा ले गए।सुबह तालाब की ओर गई महिलाओ ने देखा की परमेश्वर के घर की साड़ीयां पड़ी है तो उन्होंने इसकी सूचना परमेश्वर के परिजनों को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परमेश्वर ने देखा तो सेंध काटकर चोर सारा सामान उठा ले गए थे।पीड़ित परमेश्वर ने बताया की रात को भोजन करने के बाद सब लोग सो गए उसके बाद सुबह उठा तो देखा कमरे के अंदर सेंध कटी और बक्शे से 40 हजार रुपए नगद व जेवरात गायब है।उन्होंने बताया की अभी बेटी गायत्री की शादी के लिए जेवरात बनवाया था।उसी की तैयारी कर रहे थे।जिसको चोरों ने चुरा लिया।मामले की सूचना पर पहुंचे हल्का दरोगा ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाने में दिन भर लगता है जमावड़ा

थाने में दिन भर लगता है जमावड़ा और गस्त के नाम पर क्या होता होगा यह तो आप लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से अंदाजा लगा सकते हैं

चोर दे रहे रहे लगातार चुनौतियां

लगातार 1 वर्ष से अधिक महराजगंज कोतवाली की कमान संभालने वाले कोतवाल बालेंदु गौतम का नेटवर्क पूरी तरह से ध्वस्त दिखाई पड़ रहा है क्योंकि चोरों द्वारा लगातार उनको चुनौती पर चुनौती मिल रही और किसी भी घटना का खुलासा करने में कोतवाल साहब नाकाम ही साबित हो रहे हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

मंडलायुक्त लखनऊ द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर लखनऊ मंडल के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 12 माध्यमिक शिक्षको को सम्मानित किया गया। इन शिक्षको में श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज बछरावां रायबरेली के अंग्रेजी विषय के प्रख्यात विद्वान, भाषाविद एवम साहित्यकार गिरिजेश कुमार मल्ल को सम्मानित किया गया। श्री मल्ल बछरावां क्षेत्र में ही नही बल्कि रायबरेली जनपद के आसपास के जनपदों में भी अपनी विशेष अध्यापन शैली, नवाचार तथा उपचारात्मक शिक्षा के लिए प्रख्यात है। श्री गिरिजेश कुमार मल्ल को अनेकों बार माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए उत्कृष्ट शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।

खबरें एक नजर में

अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बछरावां के कुशल नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम हरदोई से अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ एक अभियुक्त मुस्तकीम उम्र 58 वर्ष पुत्र इद्दू निवासी हरदोई थाना बछरावां को अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया हैद्य जिसके पास से बरामदी में सुतली बम पटाखा 20 किलो, अनार गोला बारूद 15 किलो, मैदा 6 किलो, मिर्ची पटाखे 15 पैकेट लाल बारूद, एलमुनियम छिलका 7 किलो, रैपर लगभग 2 किलो प्राप्त हुआ हैद्य अभियुक्त द्वारा बताया गया है कि आगामी त्यौहार में इस सामान के पटाखे बना रहा था जो दीपावली में बेचता, परंतु अभियुक्त के पास पटाखे बनाने और रखने का कोई लाइसेंस नहीं हैद्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले इस पुलिस टीम में उप निरीक्षक वागीश मिश्रा, उप निरीक्षक अंकुर दुबे, कांस्टेबल बुद्धिलाल, कांस्टेबल विजय यादव सहित थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में उतराती मिली युवती की लाश

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गजियापुर मजरे शेखपुरा समोधा अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास के किनारे राजामऊ रजबहा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है, उसकी लाश नहर के अंदर उतराती हुई ग्रामीणों द्वारा देखी गई, लाश देखने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, तत्पश्चात घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गईद्य मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी हैद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की युवती ने सफेद रंग का सलवार और लाल रंग का कुर्ता पहन रखा है, जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई हैद्य थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

गढ्ढ़ा मुक्त समतलीकरण के लिए जल निगम को निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। आदर्श नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नवरात्रि एंव रामलीला,दशहरा जलूस हेतु गोन्डा रोड,तुलसीपुर रोड, अस्पताल रोड,बाजार रोड पर तथा वीर विनय से चौंक से मेजर चौराहा से अम्बेडकर चौराहा पर जलूस जायेगे यहां पर सीबर लाइन बिछाई गयी है। इन सडको का गड्ढा पांच दिन के अन्दर भराकर समतल कराया जाना आवश्यक है और दशहरा तक कोई भी गढ्ढा खोदने का कार्य न किया जाय। जल पाइप लाइन भी बिछाने का कार्य दशहरा तक रोका जाय। कोई समस्या आने पर बैधानिक कार्यवाही से बचें।

पेयजल संकट, खराब वाटर कूलिंग टैंकों से नगरवासियों व छात्रों को हो रही परेशानी

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। उतरौला नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगरवासियों और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर वाटर कूलिंग टैंक (आरओ) लगाए गए थे। किन्तु देखभाल और नियमित मरम्मत के अभाव में इनमें से अधिकांश वाटर कूलिंग टैंक खराब पड़े हैं, जिसके चलते नगर के बाशिंदों और राहगीरों को पानी की भारी समस्या से जूझना पड़ रहा है। कॉलेज के प्रिंसिपल कुमेश सरोज ने बताया कि कॉलेज परिसर में लगे वाटर कूलर में से एक नगर पालिका की ओर से और दूसरा विधायक निधि से स्थापित किया गया था। लेकिन ये दोनों आरओ वाटर कूलर पिछले कई दिनों से खराब हैं। कॉलेज में लगा हैंड पंप भी मौजूद है, लेकिन उसका पानी पीने योग्य नहीं है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को भीषण गर्मी के दौरान पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे और बलरामपुर मार्ग स्थित टैक्सी स्टैंड पर भी वाटर कूलिंग टैंक खराब पड़े हैं, जिससे राहगीरों और यात्रियों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आमजन की मांग है कि नगर पालिका प्रशासन जल्द से जल्द इन वाटर कूलिंग टैंकों की मरम्मत कराए, ताकि नगरवासी और राहगीर शुद्ध पेयजल से वंचित न रहें।

लैंगिक समानता विषय पर गोष्ठी-सेमिनार कार्यशाला का आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत लैंगिक समानता विषय पर गतिविधियों यथा गोष्ठी सेमिनार कार्यशाला का आयोजन एस0बी0एम0 ऊंचाहार रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में उपस्थित लगभग 500 बालिकाओं को सेनेट्री पैड भी वितरित करने के साथ पोस्टर मेकिंग, निबन्ध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता की गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 0.5 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें वन स्टाप सेंटर की सेन्टर मैनेजर आस्था ज्योति, कंप्यूटर ऑपरेटर सह क्लर्क साधना श्रीवास्तव, केसवर्कर अर्चना सिन्हा, एमटीएस आकाश दीप मौजूद रहे। सेन्टर मैनेजर द्वारा उपस्थित बालक, बालिकाओं, को वन स्टॉप सेंटर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करके अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा, बाल श्रम को रोकने, के लिए सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में, प्रधानाचार्य बाल कृष्ण सिंह व समस्त विद्यालय स्टाफ रहा।

गुरुकुल महाविद्यालय ने दिया स्वच्छता का संदेश

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी हलोर रायबरेली में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती को हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. प्राजंलि शुक्ला सभी को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम दोनों विभूतियों को नमन कर इनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सभी स्वयंसेवियों ने प्राथमिक विद्यालय पुरासी में साफ सफाई की एवं बच्चों को स्वच्छता का संदेश दिया उसके पश्चात मेला परिसर में स्थित जलाशय की साफ सफाई की एव महात्मा गांधी के स्वच्छता के संकल्प को साकार करने का प्रयास किया। अंत में सभी को सूक्ष्म जलपान का वितरण हुआ। समस्त कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी प्रभा शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रस्तुत कार्यक्रम में पुरासी क्षेत्र के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के रूप में जय किशोर मिश्रा भी उपस्थित रहे। अभियान में प्राचार्य डॉ. प्राजंलि शुक्ला, पूजा अवस्थी, अमित पांडे ,आकांक्षा पांडे एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रभा शुक्ला एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। शासन के आदेश अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किए गए।

विशेष प्रवर्तन अभियान चार से 13 अक्टूबर तक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 04 से 13 अक्टूबर 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाए तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए।

स्टॉक के बारकोड व क्यू0आर0 कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाए। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए।

अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूने आहरित किये जायें और जांच में सब-स्टैण्डर्ड पाये जाने पर उनका अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग द्वारा करायी जाये। जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए एवं नियमित रूप से रोड चेकिंग कराई जाए, जिससे कि किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये।

डीएम ने अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें की गठित

अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर आठ प्रतिभाएं सम्मानित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला पंचायत सभागार में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, रायबरेली के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के उद्यान कृषि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्यान विभाग के निदेशक डा. विजय बहादुर द्विवेदी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष युगल किशोर तिवारी ने की।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कृषि उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि वरिष्ठजनों की सहायता हमारी और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान समाज में विशिष्ट सेवाओं के लिए कृषि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा 8 प्रतिभाओं को शाल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सीडीओ ने किया पीएचसी इमिलिया कोडर का लोकार्पण जनता को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। इमिलिया कोडर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का भव्य लोकार्पण मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनसमुदाय और स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस पीएचसी के उद्घाटन से क्षेत्र के निवासियों को उनके घर के पास ही प्राथमिक और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को टीकाकरण, प्रसव, और सामान्य बीमारियों के इलाज जैसी सुविधाएं उनके नजदीक ही प्राप्त होंगी। इससे ग्रामीण जनता को विशेष लाभ होगा, खासकर उन लोगों को जो दूरस्थ इलाकों में रहते हैं और जिनके पास बड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने के साधन सीमित हैं।

आदर्श रामलीला कमेटी का भव्य उद्घाटन

सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

आदर्श रामलीला कमेटी सादुल्लानगर का भव्य उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।

उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रामलीला के प्रथम दिन नारद मोह प्रसंग का मंचन किया गया, जिसमें देवर्षि नारद की अहंकार और मोह में फंसने की कथा का अद्भुत चित्रण हुआ। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद और भावनाओं का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक इस कथा में पूरी तरह डूब गए। रावण के भव्य किरदार के साथ अन्य पात्रों का जीवंत प्रदर्शन मंचन को और भी आकर्षक बना रहा था। इस अवसर पर आदर्श रामलीला कमेटी सादुल्लानगर के अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, महामंत्री दीपचंद जायसवाल, मंत्री कल्लूराम,दिनेश गुप्ता,राम बहोर वर्मा,संतोष गुप्ता, जवाहरलाल मोदनवाल,राजेश, सोनू गुप्ता ,सुरेश कुमार गुप्ता,रज्जन गुप्ता,आनंद गुप्ता, गामा भारती,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर युवा : संजय दुबे

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

युवाओं द्वारा स्वरोजगार अपनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पढ़े-लिखे और उच्च शिक्षित युवा मोहम्मद शहजाद खान ने सरकारी और निजी नौकरियों का रास्ता छोड़कर स्वरोजगार का मार्ग चुना है। उनके इस प्रयास ने न केवल उनके लिए बल्कि कई और लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। यह कदम स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

तहसील उतरौला के सामने अमेरिकन कैफे का उद्घाटन किया गया, जो मोहम्मद शहजाद खान के इस प्रयास का परिणाम है। उद्घाटन के अवसर पर कोतवाल उतरौला संजय कुमार दूबे और सपा नेता और समाजसेवी चिकित्सक डॉ. एहसान खान ने फीता काटकर कैफे का शुभारंभ किया। अमेरिकन कैफे के प्रोपराइटर मोहम्मद शहजाद खान ने बताया कि स्वरोजगार करने का विचार उनके मन में पहले से था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भरता के संदेश से प्रेरित होकर उन्होंने अपने गृह शहर उतरौला में चाय कैफे खोलने का निर्णय लिया। शहजाद ने कहा कि बड़े शहरों में चाय के लग्जरी कैफे देखने को मिलते हैं, लेकिन उतरौला में इस प्रकार का कोई कैफे नहीं था। इसी कमी को पूरा करते हुए उन्होंने बेहतर व्यवस्था के साथ अमेरिकन कैफे की शुरुआत की, जिससे उनके अलावा पाँच और लोगों को भी रोजगार मिला। उद्घाटन के अवसर पर शहर के कई प्रमुख समाजसेवी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कस्बा चौकी प्रभारी स्वतंत्र गुप्ता, चौकी प्रभारी गांधी नगर उप निरीक्षक मनीष मिश्रा, शुजा उतरौलवी, अली मुर्तुजा, शम्मू रिज़वी, एडवोकेट अभिमन्यु जायसवाल, रूपक श्रीवास्तव, मोहम्मद निजाम, फुरकान खान, सोहेल काजी, फरमान खान, सलाउद्दीन अंसारी, निलेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट वीके, एडवोकेट अफजल, सहित कई अन्य लोगों ने मोहम्मद शहजाद खान को इस नई पहल के लिए बधाई दी।

राजकीय विद्यालयों का हुआ एस.एम.डी.सी. प्रशिक्षण

बलरामपुर, समृद्धि न्यजू।

समग्र शिक्षा (मा.) के अंतर्गत समस्त राजकीय हाईस्कूल एवं कॉलेज जनपद बलरामपुर में गठित विद्यालय प्रबंध एवं विकास समिति (एस.एम.डी.सी.) के कार्यों एवं दायित्व विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के पाँच राजकीय विद्यालयों में पाँच चरणों में कुल 22 राजकीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध एवं विकास समितियों के दस-दस सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। राजकीय हाईस्कूल रमनगरा में प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि समस्त राजकीय विद्यालय सशक्त विद्यालय प्रबंध एवं विकास समितियों का गठन करते हुए समुदाय के सक्रिय सहयोग प्राप्त करते हुए निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। जनपद बलरामपुर के माध्यमिक राजकीय विद्यालयों के लिए समिति की पारदर्शी व्यवस्था एक मील का पत्थर साबित होगी। द्वितीय मास्टर ट्रेनर दीप नारायण वर्मा ने विभिन अनुदान, उपभोग एवं अभिलेखीकरण पर प्रशिक्षुओं को जानकारी प्रदान की। उससे पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज दारीचौरा, राजकीय इंटर कॉलेज गैंसड़ी, राजकीय हाईस्कूल रुधौली बुजुर्ग, राजकीय हाईस्कूल महराजगंज तराई में भी दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में एस. एम. डी. सी. के गठन, कार्य एवं दायित्वों के विषय में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

अवैध एलोपैथिक प्रैक्टिस के चलते क्लिनिक सीज

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी के आदेशानुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय और निरीक्षण टीम द्वारा उतरौला के ग्राम कर्मा जैतपुर रोड पर स्थित डॉक्टर अमित बंगाली के क्लिनिक को अवैध एलोपैथिक प्रैक्टिस के चलते सीज कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय ने बताया कि जांच के दौरान क्लिनिक में न केवल एलोपैथिक दवाओं का अवैध रूप से उपयोग पाया गया, बल्कि कुछ गंभीर मामलों का इलाज भी बिना वैध विशेषज्ञता के किया जा रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने तत्काल प्रभाव से क्लिनिक को सीज कर दिया और डॉक्टर अमित बंगाली के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और अवैध प्रैक्टिस को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

धूमधाम से हुआ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

दस दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्र की तैयारी लंबे समय से भक्तों द्वारा की जा रही थी। जैसे ही नवरात्र का प्रथम दिवस आया, भक्तों ने उल्लास और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की। उतरौला बाजार सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पंडालों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों, और अन्य सजावटों से खूबसूरती से सजाया गया। हर साल की तरह, इस बार भी मां के भक्तों ने नवरात्र की तैयारियों में पूरी श्रद्धा और उत्साह दिखाया।

मूर्ति कलाकारों के द्वारा बनाई गई सुंदर और आकर्षक दुर्गा प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ लाकर विभिन्न पंडालों में स्थापित किया गया। भक्तों ने उत्सव के इस क्षण को और भी खास बनाने के लिए पूरे शहर में उत्सवी माहौल तैयार कर दिया। मां दुर्गा के भक्तों ने अपने-अपने पंडालों को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे हर पंडाल की रौनक देखते ही बन रही थी। मूर्ति स्थापना के इस शुभ अवसर पर विद्वान पंडितों और पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। मंत्रों की गूंज और भक्तों की श्रद्धा से पूरा वातावरण धार्मिक आस्था और भक्ति से भर गया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की आरती और पूजा-अर्चना की। शारदीय नवरात्र का यह पर्व उतरौला में विशेष महत्व रखता है, जहां हर साल बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मां दुर्गा की पूजा होती है। इस वर्ष भी भक्तों ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया, और आने वाले दिनों में नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाने की तैयारी की है।

भक्तों ने सजाए भव्य दुर्गा पंडाल

भाजपा पदाधिकारियों ने बनाया सदस्य

महदेइया बाजार, समृद्धि न्यूज। भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान के तहत आज महदेइया में राजन गुप्ता सोशल मीडिया प्रभारी और शिवम, चंदन मिश्रा और अभय कौशल के द्वारा करीब डेढ़ सौ लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता मिस कॉल देकर के कराई गई। इस अवसर पर करीब 80 फीसद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाजपा की सदयस्ता ज्वाइन की जिसमें अहमद अंसारी, जकीरूल्लाह, मकसूद, इब्राहिम, सलमान, फखरुद्दीन, खलीउल्लाह, लालबाबू, सलीम खान व ताहिर आदि ने भाजपा की सदस्यता ली।

शिवम सोनी बने केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सादुल्लानगर के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष

सादुल्लानगर बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन बलरामपुर के जिलाध्यक्ष रघुनाथ अग्रवाल की अनुमति से एवं जिला महामंत्री अजय श्रीवास्तव की संस्तुति व सर्व सहमति से शिवम सोनी को केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सादुल्लानगर का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। शिवम सोनी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है। उसका मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्यो का निर्वाहन करूँगा। साथ ही उन्होंने बताया अपने केमिस्ट भाइयो के समस्याओं को त्वरित निदान हेतु थीम बना कर निवारण किया जाएगा तथा सुगमता से हर केमिस्ट साथियो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती से कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ने जिलाध्यक्ष व महामंत्री ने इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर पवन सोनी, प्रदीप गुप्ता, सिराज रंगरेज, रामराज शर्मा, शशि गुप्ता, वीरेंद्र वर्मा, संतोष जयसवाल, तबरेज रईस, अभिषेक गुप्ता, शाहिद हुसैन, देव प्रकाश जयसवाल, रेहान अहमद, अजीम सिद्दीकी, कन्हैया लाल मौर्य आदि लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां जाहिर किया।

अन्याय का बुलडोजर

शीर्ष अदालत ने एक उस विवादास्पद मुद्दे पर स्पष्ट राय देश के सामने रखी है जिसकी तार्किकता को लेकर पिछले कई वर्षों से बार-बार सवाल उठ रहे थे। यानी कुछ राज्य सरकारों के बुलडोजरी न्याय को लेकर। खासकर भाजपा शासित राज्यों में गंभीर अपराधों व अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा चलता देखा गया। जाहिर तौर पर इस तरह की कार्रवाई न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती है। सवाल यह भी है कि जब तक किसी व्यक्ति पर सिर्फआरोप ही लगे हैं, तो उसका घर कैसे गिराया जा सकता है? इस विवादास्पद कार्यशैली को लेकर दाखिल याचिकाओं की सुनवायी के दौरान देश की शीर्ष अदालत ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। अदालत का मानना था कि भले ही कोई व्यक्ति किसी संगीन मामले में दोषी हो तो भी बिना न्यायिक प्रक्रिया पूरी किए ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इसके मायने अवैध निर्माण को संरक्षण देना कदापि नहीं है। दरअसल, इस मामले में केंद्र व राज्य सरकारों की तरफ से दलील दी जाती रही है कि जिन मामलों में यह कार्रवाई की गई वे गैरकानूनी कब्जे कर किए गए अनधिकृत निर्माण थे। निस्संदेह, ये दलीलें मामले में जरूरी प्रक्रिया को न अपनाये जाने के चलते न्याय के अनुरूप नहीं ठहराई जा सकती हैं। दरअसल, हाल के वर्षों में कई बार देखने में आया कि कुख्यात अपराधियों,हत्यारों व बलात्कारियों के घर जमींदोज कर दिए गए। सतही तौर पर कहा जाता रहा है कि ऐसे अपराधियों में शासन-प्रशासन का भय होना चाहिए। लेकिन इस कार्रवाई को व्यापक अर्थों में देखें तो यह न तो कानून की कसौटी पर खरा उतरती है और ना ही इसे मानवीय दृष्टि से सही कहा जा सकता है। यही वजह है कि गाहे-बगाहे राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसी कार्रवाई को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। निश्चय ही किसी सभ्य समाज में ऐसे सवालों का उठना लाजिमी है। सर्वोच्च न्यायालय के उस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है जिसमें कहा गया था कि किसी मामले में आरोप लगने के बाद ऐसी कार्रवाई कानून सम्मत नहीं है। लेकिन ऐसी कार्रवाई तब भी नहीं की जानी चाहिए जब उसका अपराध साबित हो गया हो। निस्संदेह, घर एक पारिवारिक इकाई का नाम है। एक घर को बनाने में एक व्यक्ति की पूरी उम्र लग जाती है। फिर परिवार के तमाम सदस्यों का भी तो वह घर होता है। उनको अपराधी या आरोपी व्यक्ति के कृत्यों के चलते बेघर तो नहीं ही किया जा सकता। यह न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि अमानवीय कदम भी है। जिनका किसी अपराध से लेना-देना न हो, उन्हें दंडित करना अन्याय ही तो है। फिर यदि किसी व्यक्ति के घर पर आरोपों के चलते बुलडोजर चला दिया गया हो और वही व्यक्ति कालांतर आरोपमुक्त हो जाए, तो ध्वस्त घर बनाने की जिम्मेदारी किसकी होगी? शासन-प्रशासन के अधिकारियों को अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के बजाय विवेक व न्यायसंगत तरीके से कोई निर्णय लेना चाहिए। निस्संदेह, अतिक्रमण का संकट देशव्यापी है, जिसे धर्म-जाति से परे कानून की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। बल्कि तमाम तरह के अतिक्रमणों को बढ़ावा देने में राजनेताओं की बड़ी भूमिका होती है। कालांतर वोट बैंक बनाने के लिये वे इन अवैध निर्माणों को वैध बनाने की कोशिश में जुट जाते हैं। बहरहाल, देश में अतिक्रमण हटाने और बुलडोजर के इस्तेमाल को लेकर देशव्यापी दिशा-निर्देश तय होने चाहिए। जिससे राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिये इस कार्रवाई को तार्किक ठहराने की कोशिश न कर सकें।

नवरात्रि : नौ शक्तियों का मिलन पर्व

योगेश कुमार गोयल

आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के पावन पर्व नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। नवरात्रि के ये दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत इस वर्ष आज 3 अक्तूबर से हुई है, जिनका समापन 12 अक्तूबर को होगा।

नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं।

कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं।

स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूपवाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है।

एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है।

यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त सिद्धिदात्री महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

विचार

सेहत पर भारी मिलावटी खाद्य सामग्री

गौरव अवस्थी

खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। अतिरिक्त सतर्कता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं। भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौबारह हो जाती है।

भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा भी चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए

उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए? आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मर भी जाते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले आदि सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार हो रखी है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोल गप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है।

होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में मिलावटी खाद्य पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार कुछ उपायों पर काम करती दिख रही है। राज्य में फूड फोरेंसिक यूनिट स्थापित करने की मंजूरी मिल चुकी है। यह यूनिट गुजरात के बाद देश की दूसरी फूड फोरेंसिक यूनिट होगी। यह यूनिट खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और संदिग्ध खाद्य मामलों की जांच करेगी। इस यूनिट से खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों, रासायनिक शर्करा और स्टीरॉइड की मात्रा का पता लगाया जा सकेगा। राज्य सरकार को मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' की पहल की गई है, जिसका उद्देश्य भारत में स्वस्थ खाने की आदतों और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

श्यामजी कृष्ण वर्मा ने ही विदेशों में जगाई क्रांति की अलख

गौरव अवस्थी

अक्टूबर को गांधी जयंती तो सब मनाते हैं लेकिन 4 अक्टूबर की तारीख किसी को याद नहीं रहती। महात्मा गांधी ने जहां जन्म लिया उसी गुजरात के कच्छ क्षेत्र के मांडवी नगर के पास वलायल गांव में एक कुशाग्र बुद्धि बालक का जन्म हुआ, जो कम उम्र में ही संस्कृत में धारा प्रवाह भाषण देता था। इससे प्रभावित होकर एक अंग्रेज संस्कृत अध्यापक उसे इंग्लैंड बुला लेता है। यही बालक दुनिया के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से स्नातक और बैरिस्टरी पास करने वाला प्रथम भारतीय बनता है। अपने एक लेख भारत में लेखन का उद्गम के आधार पर ही रॉयल एशियाटिक सोसाइटी का सदस्य भी चुना जाता है। यह तो उस बालक की प्रतिभा का एक रूप है। उनका दूसरा रूप भारत की स्वाधीनता को लेकर विदेश खासकर उसी इंग्लैंड में क्रांति की ज्वाला धधकाने से जुड़ा है, जिसने उनके अपने देश को दशकों से गुलाम बना रखा था।

इस क्रांतिदूत का नाम है श्यामजी कृष्ण वर्मा। अंग्रेजों के अत्याचार से दुखी होकर ही भारत छोड़ कर इंग्लैंड जाने वाले श्यामजी कृष्ण वर्मा ने भारतीय छात्रों की आवासीय व्यवस्था के लिए उस इंडिया हाउस की स्थापना की जो आज क्रांति तीर्थ के नाम से जाना जाता है। इसी इंडिया हाउस में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी तारीख 10 मई को हर साल गदर दिवस मनाया जाता था। यहां बम बनाने और पिस्तौल चलाने पर व्याख्यान होते थे। वीर सावरकर ने यही 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास लिखा। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के वह अकेले क्रांतिकारी हैं, जिनकी इंग्लैंड के इंडिया हाउस के बाहर अपनी धर्मपत्नी के साथ आदमकद मूर्ति स्थापित है। पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी क्रांति धर्मी दंपति की प्रतिमाओं के समक्ष माथा टेकने पहुंचे थे।

4 अक्टूबर 1857 को श्याम जी कृष्ण वर्मा एक साधारण परिवार में जन्मे थे लेकिन प्रतिभा का ही प्रभाव था कि उनका विवाह मुंबई के एक करोड़पति सेठ की कन्या भानुमति से हुआ। कई भाषाओं के प्रकांड विद्वान श्यामजी कृष्ण वर्मा 1884 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से बैरिस्टरी पास करने के बाद भारत लौट आए।

यहां कई रियासतों में उन्हें अपने-अपने यहां दीवान या अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त करने की होड़ मची रही लेकिन प्रतिभाशाली वर्मा का रियासतों में काम करने में मन नहीं लगा और वह मुंबई में बैरिस्टरी करने लगे। पुणे में अंग्रेज पुलिस कमिश्नर रेंड की हत्या करने के अपराध में चाफेकर बंधुओं को फांसी की सजा दिए जाने से क्षुब्ध श्यामजी कृष्ण वर्मा ब्रिटेन में भारत की स्वाधीनता संग्राम को लेकर सक्रिय हुए। 12 मई 1897 को बालकृष्ण चाफेकर की फांसी के अगले महीने पुणे में एक बड़ा बम विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के पीछे श्यामजी कृष्ण वर्मा का ही हाथ था, जो दुश्मन के घर में बैठकर क्रांति की योजनाओं का संचालन कर रहे थे। भारतीयों में क्रांति की अलग जागने के लिए ही श्यामजी कृष्ण वर्मा ने 1904 में अपनी तरफ से दो ? 2000-2000 की 6 फेलोशिप भारतीय छात्रों को देने की घोषणा की। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक विनायक दामोदर सावरकर भी उन्हीं की छात्रवृत्ति के आधार पर इंग्लैंड शिक्षा प्राप्त करने पहुंचे थे। लाला हरदयाल और महान क्रांतिकारी मदन सिंह ढींगरा भी उन्हीं की प्रेरणा से भारतीय स्वाधीनता क्रांति के दूत बने। श्यामजी कृष्ण वर्मा ने ही 1905 में इंडियन सोशलिस्ट नामक पत्रिका प्रारंभ की।

इस पत्रिका के माध्यम से भी वह विदेश में रह रहे भारतीयों में भारत की आजादी की अलग जागते थे। 18 फरवरी 1905 को उन्होंने 20 भारतीयों के साथ मिलकर इंडियन होमरूल सोसाइटी की स्थापना की। यही वह समिति थी, जिसने कांग्रेस से पहले पूर्ण स्वाधीनता- भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए भारतीय सरकार की स्थापना- की बात उठाई थी। ब्रिटिश हुकूमत के सतर्क होने और अपनी गिरफ्तारी की आशंका से मादाम भीकाजी कामा और सरदार सिंह राणा के साथ श्यामजी कृष्ण वर्मा ने अपना नया केंद्र पेरिस को बनाया।



राशिफल

मेषः- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

बृषभः- शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

मिथुनः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

कर्कः- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

सिंहः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

वृश्चिकः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा।

धनुः- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

मकरः- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

कुंभः- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

मीनः- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

ईरान-इजरायल युद्ध : खतरे में शांति

मध्य पूर्व एशिया में एक बड़े युद्ध के बादल फिर गहराने लगे हैं जब ईरान ने इजरायल पर बहुत बड़ा हमला बोल दिया है। बताया गया है कि ईरान ने आधे घंटे के भीतर एक के बाद एक करीब 200 बैलेस्टिक मिसाइलें इजरायल पर बरसाईं। हमलावर देश का यह दावा है कि 90 फीसदी मिसाइलें निशानों पर सटीक गिरी हैं। अप्रैल में ईरान द्वारा इजरायल पर किये गये हमले की तरह यह भी एक बड़ा आक्रमण बताया जाता है। इजरायल ने जल्दी ही इसका बदला लेने की धमकी देते हुए कहा है कि वह ईरान का हाल गजा की तरह कर देगा। उसने इसे ईरान की एक बड़ी गलती बतलाते हुए कहा है कि उसकी सेना बड़ा जवाब देने के लिये तैयार है।

इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि ईरान ने कोई सबक नहीं सीखा है। वह भूल गया है कि जो इजरायल पर हमला करता है उसे भारी कीमत चुकानी पड़ती है। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने प्रशासन की एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। बाइडेन की नेतन्याहू से बात होगी। हालांकि ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह दखलंदाजी

न करे। युद्ध और माहौल की उग्रता को देखते हुए प्रतीत हो रहा है कि पूरे इलाके की शांति के लिये बड़ा खतरा सामने है। विश्व बिरादरी को इस क्षेत्र में शांति बहाली के लिये तत्काल कदम उठाने होंगे वरना युद्ध बड़ा रूप ले सकता है। ईरान ऐसे वक्त में लड़ाई में कूदा है जब इजरायल पहले से ही लेबनान के साथ युद्ध में उलझा हुआ है।

अन्य पड़ोसी मुल्क खासकर, मिस्र, इराक आदि लड़ाई में उतर आते हैं तो स्थिति विकट हो जायेगी। अब तक इन मिसाइलों से बड़ी हानि की सूचना नहीं है पर बताया जाता है कि इससे वेस्ट बैंक में एक फिलीस्तीनी की मौत हो गयी है। सम्भवतरू ईरान के हमले का आशय चेतावनी देना मात्र हो सकता है। अन्य देशों की आलोचना से बचने के लिये उसने नागरिकों पर ये हमले नहीं किये होंगे। फिर भी कहा नहीं जा सकता कि वहां नागरिक कितने सुरक्षित हैं। हो सकता है कि ईरान के अगले निशाने इजरायल के रिहायशी क्षेत्र हों या यह भी हो सकता है कि अभी नुकसान की जानकारी सामने न आई हो। ईरान की इस्लामिक रिव्यॉल्यूशनरी गार्ड ऑफ कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये हमले हमास के चीफ इस्माइल हानिया, हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और आईआरजीसी के कमांडर अब्बास निलफोरोशान की मौत का बदला लेने के लिये किये गये हैं।

उसके अनुसार इजरायल के तीन सैन्य ठिकानों पर भी हमले किये गये हैं। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। याद हो कि इसी साल अप्रैल में ईरान ने इजरायल पर एक बड़ा हमला किया था। उसके बाद जिसे शांति समझा जा रहा था दरअसल वह ईरान द्वारा इस हमले की तैयारी का दौर था। पिछले कुछ समय के अंतराल के बाद इजरायल मौजूदा दौर में अपने पड़ोसी मुल्कों से इतने बड़े हमले झेल रहा है और वह रक्षात्मक मोड में दिखाई दे रहा है। गजा में उसके द्वारा किये गये भीषण हमलों में जो तबाही हुई थी उसके कारण अनेक देशों में उसके खिलाफ माहौल बना है। जिस प्रकार से उसने अस्पतालों (खासकर बच्चों के) पर हमले किये, उसके चलते दुनिया भर की सहानुभूति फिलीस्तीन के प्रति बढ़ी है।

उन देशों के नागरिक भी अपने ही देशों की सरकारों की आलोचना करते हुए इजरायल को सैन्य मदद देना बन्द करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल के चारों ओर के देश उसके खिलाफ निर्णायक जंग के मूड में दिख रहे हैं जो बड़ी लड़ाई का संकेत दे रहे हैं। पश्चिमी देश इजरायल को मदद करना भी चाहें तो उसके नेतृत्व के लिये वे अमेरिका का मुंह देख रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन के सामने भ्रम की स्थिति हो सकती है। पहला तो यह कि इस युद्ध में यदि वह शामिल होता है तो उसके अपने नागरिक ही विरोध कर सकते हैं। बाइडेन को भी इसलिये बहुत सोच-समझकर कदम उठाने होंगे क्योंकि इसी दिसम्बर में वहां राष्ट्रपति चुनाव हैं। फिलहाल उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को बढ़त है परन्तु यदि कोई अलोकप्रिय कदम बाइडेन ने उठाया तो उसका खामियाजा उनकी पार्टी को चुनाव में उठाना पड़ सकता है। इजरायल को घेरे हुए जो इस्लामिक देश हैं, उनकी सेनाओं के अलावा अनेक संगठन भी हथियार तैयार किये बैठे हैं। इससे युद्ध की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। गजा पट्टी एवं वेस्ट बैंक में हमास व फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद, लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में पॉपुलर मोब

ईओ व चेयरमैन के घमासान में विकास कार्य अवरुद्ध

- नगर पंचायत कुरारा का गहराया विवाद
- ईओ ने चेयरमैन के फर्जी हस्ताक्षर कर टेंडर कर दिये आमंत्रित, टेंडर के स्टीमेट भी बदला, डीएम से लिखित शिकायत

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत कुरारा के चेयरमैन व ईओ में फिर से ठन गयी है। चेयरमैन का आरोप है कि ईओ डाक रजिस्टर अपने साथ ले गये है व उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर टेंडर निकाल दिये है यही नही ईओ ने टेंडर में जो स्टीमेट शामिल किये गये थे उनको बदलकर पूरी मनमानी का परिचय दिया है। हालाकि मामले की जांच एसडीएम सदर कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कुरारा में चेयरमैन आशारानी कबीर व ईओ के आपसी विवाद के चलते नगर का विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसका खामियाजा नगर के वाशिंदो को भोगना पड़ रहा है, इसके पूर्व ईओ विवादो में घिरे रहे है इधर बर्तमान ईओ करीब एक माह पहले कुरारा का चार्ज संभाला है मगर चेयरमैन ने ईओ पर गंभीर आरोप लगाये है। चेयरमैन आशारानी कबीर का कहना है कि ईओ रामबरन यादव ने 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत जो टेंडर निकाले गये थे उसमे अपने आप टेंडर आमंत्रित कर उनके विना हस्ताक्षर किये ही टेंडर आमंत्रण की कार्यवाही कर दी गयी है यही नही टेंडर में जो स्टीमेंट बनाये गये थे उसमे अपनी मनमर्जी से सुंदरीकरण कार्य को बदलकर विद्युत पोल व लाइटे आमंत्रित कर ली गयीहै जो पूरी तरह नियम विरुद्ध है। यही नही जब पूछा गया तो उसका कोई संतोषजनकर

उत्तर नही दिया गया यही नही डाक रजिस्टर अपने साथ रखने के कारण कार्यालय का काम बाधित हो रहा है। चेयरमैन ने जिलाधिकारी को बताया कि ईओ अपनी मनमर्जी से काम तो करते ही है इसके बाद अक्सर कार्यालय से गायब रहते है जिससे विकास कार्य पूरी तरह बाधित रहते है। उन्होने डीएम से मांग की है कि ईओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये ताकि विकास कार्य सुचारुरुप से चल सके। चेयरमैन ने इस मामले की जानकारी स्थानीय निकाय के प्रभारी को भी दे दी है। उधर कंप्यूटर आपरेटर अमित कुमार का कहना है कि ईओ से जब डाक रजिस्टर मांगा गया तो उन्होने नौकरी से हाथ धोने की धमकी दी है। बताया जाता है कि इसके पहले जो ईओ थे उनसे भी चेयरमैन व ईओ का विवाद हो गया था जिससे विकास कार्य काफी दिनो तक अवरुद्ध रहे।

मामले की जांच करेंगे एसडीएम सदर

अपरजिलाधिकारी व स्थानीय निकाय के प्रभारी अधिकारी नागेंद्रनाथ यादव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है इसकी जांच एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक को दे दी गयी है। इधर एसडीएम का कहना है कि जांच उनको मिली है शीघ्र की जांच प्रारंभ की जायेगी जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

रिजल्ट रोक कर यूनीवर्सिटी छात्रों का करती है शोषण : आप

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

- आप पार्टी ने एसडीएम को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जमकर की नारेबाजी

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। विश्वविद्यालय की मनमानी से छात्र बेहद परेशान हैं। नये नये फरमान जारी कर छात्रो का शोषण करना विश्वविद्यालय का धंधा बन चुका है जिससे छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा है। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी ने सैकड़ों छात्रो के साथ नारेबाजी करते हुए पांच सूत्री मांगों को लेकर कुलपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा बुंदेलखंड विश्विद्यालय पर अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में अधिक शुल्क वसूलने एवं छात्रो के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाएं है।

बुधवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं छात्रविंग के प्रदेश सचिव आदित्य प्रजापति ने आधा सैकड़ा से अधिक छात्रो के साथ तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन कुलपति बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी को सम्बोधित उपजिलाधिकारी मौदहा को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में विश्वविद्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया की वर्तमान सत्र 2023.24 का बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा जो परिणाम घोषित किया गया है उसमें 80 प्रतिशत छात्रों के परीक्षा परीणाम में आरडी यानी परिणाम अघोषित लिखा हुआ है। जो कि यह विश्वविद्यालय द्वारा सिर्फ इसलिए किया गया है जिसमें विश्विद्यालय परीक्षा विभाग के कर्मचारी सही करने के नाम पर छात्रों से मनमानी रूपए वसूल सके। जिसपर आप पार्टी ने एक सप्ताह के अंदर विश्विद्यालय द्वारा सही करके परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है। वहीं प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा फीस 500 रूपए निर्धारित करने की मांग की है। इसी तरह जिन छात्रों के फाइनल सेमेस्टर में बैक लगी है उनका स्पेशल बैक पेपर कराकर जल्द परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की मांग करते हुए परीक्षा नियंत्रक एवं कुलसचिव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं ज़िला अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने निवेदन करते हुए मांग की है कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए एक सप्ताह के अंदर परीक्षाफल सही करने की कृपा करेंए जिससे छात्र अग्रिम शिक्षा ग्रहण कर सके। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलाम मुहम्मद सुनील शिवहरे त्रिलोक चंद अनिल विश्वकर्मा शहबाज बिलाल हामिद समीर आतिफ रवि साहूए सकील शहादुदीन सहित आधा सैकड़ा छात्र उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत घटेरा गांव में हुयी सफाई

महोबा, समृद्धि न्यूज। शासन के निर्दिशन मे 15 सितम्वर से 2अक्टूवर तक ग्रामीण अंचलो मे स्वच्छता पखवाडा का अभियान चलाया गया इस अभियान मे सफायी कर्मियो की टीम ने गन्दगी से पटे गाँव मे अभियान चला सडको की साफ सफायी एव नालियो की सफायी कर पानी की निकासी वना सड़को पर नाली का पानी न बहे इसी अभियान के तहत ग्राम विकास अधिकारी निजाम अली एव ग्राम प्रधान सुखदयाल के नेतृत्व मे ग्राम पंचायत भुजपुरा के सम्मलित गाँव घटेरा मे प्रधान ने स्वम झाड़ू थाम करीव आधा दर्जन सफायी कर्मियो के साथ सम्पूर्ण गाँव मे सडके नालियो की सफायी कर स्वच्छता पखवाडे के समापन्न पर गाँव को स्वच्छ वनाते हुए ग्राम वासियो को सहयोग करने की अपील की।सफायी कर्मियो मे उपस्थित मकवूल अली राजेश चर्तुभुज रामकिशोर यशवन्त शत्रुघन आदि रहे।

युवक ने मासूम के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय मासूम बच्ची को एक युवक ने सूनसान इलाके में ले जाकर उसे अपना हबस का शिकार बना लिया। युवक मासूम बच्ची को घर छोड़कर भाग गया। मासूम बच्ची की मां कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के एक मोहल्ला मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि मंगलवार की दोपहर उसकी 6 वर्षीय मासूम पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसला कर मोहल्ले के एक स्कूल के पीछे ले गया। युवक ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और उसे लहुलुहान हालत में घर छोड़ कर भाग गया। जब उसने पुत्री को लहुलुहान हालत में देखा तो उसके होश उड़ गए। बताया कि उसने युवक की तलाश की। लेकिन वह नहीं मिला। इस संबंध में कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। जांच कर युवक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट में घायल युवक ने दर्ज कराया मुकदमा

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। 11 दिन पहले भाई की ससुराल में भतीजों को लेने गए युवक को भाभी ने ससुरालियों के साथ मिलकर देवर को मारपीट कर लहुलूहान कर दिया था। युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। आज कोतवाली ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। चिकासी थाने के रिहुंटा गांव निवासी रविंद्र कुमार पुत्र कुंज बिहारी ने बताया कि 22 सितंबर को अपनी ससुराल नौहाई आया था। उसके भाई के बच्चे सूर्यमणि वैष्णवी व भाभी कमलेश वहीं पर थे। भाई मिथुन के कहने पर बच्चों को अपने साथ ले आने की बात कही। तभी भाभी कमलेश ने बच्चों को साथ भेजने से इंकार कर दिया। तभी रात्रि में भाभी कमलेश से कहासुनी हो गई। बताया कि उसकी भाभी 2 वर्षों से मायके में है। बताया कि भाभीए भाई का ससुर कल्लूए सास रामकुमारीए साला राममिलन गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त सभी ने उसे बेहरमी से मारा.पीटा। मारपीट के दौरान उसकी दाहिने हाथ की उंगली टूट गई है और शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए थे। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

हरे वृक्षों की कटान पर नहीं लग पा अंकुश

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। हरे पेड़ों की कटान थमने का नाम नहीं ले रही लकड़ी माफिया हरे भरे पेडो को अधिकारियों की सांठगाठ से आरा चलाकर धराशाई कर रहे हैं। वही प्रकति के संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के बड़े लेवा गांव में हरे भरे पेड़ों की कटान लकड़ी माफियाओं द्वारा लगातार किया जा रहा है लेवा गांव निवासी प्यारेलाल गुप्ता ने बताया कि गांव में हरे-भरे पेड़ चिल्ला नीम बबुल आदि के पेड़ दिन दहाड़े लकड़ी ठेकेदार लेखपाल खदरा निवासी द्वारा दबंगई के साथ हरे पेड़ों कि कटान कि जा रहा है रोकने के बावजूद ठेकेदार उच्च अधिकारियों से सहमति मिल जाने के बावजूद कटान करने की बात कह रहा है जिसके कारण प्रकृति का दिन प्रतिदिन लकड़ी माफियाओं की कटान से प्राण वायु का संकट उत्पन्न हो रहा है और आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है बुंदेलखंड क्षेत्र में पेड़ों की संख्या बहुत कम है जिसके कारण कभी गर्मी से आमजन मानस हताहत होता है तो कभी सर्दी से प्रभावित होता है और जलवायु में परिवर्तन हो रहा है प्राण वायु आम जनमानस को शुद्धता के साथ नहीं मिल पा रही लकड़ी माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर है यदि संकट से निजात पाना है तो शासन को कठोर नियम बनाते हुए अवैध कटान को पूर्ण रूप से प्रबंधित करना पड़ेगा नहीं तो आम जनमानस को संकट से जूझना ही पड़ेगा वहीं सरकार द्वारा करोड़ों रुपए का बजट अधिक वृक्ष लगाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है।इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया की टीम भेजी गई है जांच उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

शहीद बीएसएफ जवान को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। देश की सेवा में तैनात उन्नाव जनपद के ग्राम भटपुरा पोस्ट मवई निवासी रामकरन 50 वर्ष पुत्र बाबूलाल की बीमारी के चलते मौत हो गई बीएसएफ में तैनात रामबरन की तबियत बीते दो दिनों से अधिक खराब थी जिनका उपचार डीसुन हॉस्पिटल कोलकाता में चल रहा था जवान बीते एक माह से बीमार चल रहा था दो अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह सात बजे जवान की मौत हो गई जिसका अंतिम संस्कार डिलमा के श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। बीएसएफ के जवानों ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को पैतृक गांव ले जाया गया जहां से परिजनों व बीएसएफ जवानों के द्वारा जवान के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार करने के लिए डलमऊ शमशान घाट लाया गया जहां पर बीएसएफ के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर सलामी दी उसके बाद जवान के पुत्र अमित ने अपने पिता के आर्थिक शरीर को मुखाग्गनि दिया बीएसएफ में तैनात जवान पंजाब के केमकरन में 195 बटालियन के अंतर्गत कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुआ था इसके बाद 2024 में बंगाल के बैकुंठपुर में तैनात थे यहीं से उनकी हालत खराब हो गई और 2 अक्टूबर को इलाज के दौरान शहीद की मौत हो गई शहीद की मौत की खबर सुनकर उसकी पत्नी राजकुमारी एवं परिजनों का का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

महबुलिया बच्चों के जीवन में भरती है सामाजिक रंग

महोबा, समृद्धि न्यूज। देश में भी अनेक लोगों ने महबुलिया का नाम नहीं सुना होगा आम तौर पर तर्पण घर के पुरुषों की धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी है लेकिन बुंदेलखंड में महबुलिया अपने आप में प्रचलित प्रथा से बिल्कुल भिन्न है इस प्रथा में चंद ऐसे बदलाव किये गये हैं कि शोक का यह काम भी हर्षोल्लास से ओत प्रोत हो जाता है बुंदेलखंड ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित महबुलिया एक ऐसी अनूठी परंपरा है जिसे घर के बुजुर्गों के स्थान पर छोटे बच्चे मनाते है समय में बदलाव के साथ हालांकि अब यह परम्परा गांवों तक ही सिमट चली है। बुंदेलखंड में लोक जीवन के विविध रंगों में पितृपक्ष पर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का भी अंदाज जुदा है पुरखों के तर्पण के लिए यहां पूजन अनुष्ठान श्राद्ध आदि के आयोजनों के अतिरिक्त बच्चों (बालिकाओं) की महबुलिया पूजा बेहद खास है। जो नई पीढ़ी को संस्कार सिखाती है। पूरे पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में गोधूलि वेला पर हर रोज पितृ आवाहन

ओर विसर्जन के साथ इसका आयोजन सम्पन्न होता है। इस दौरान यहाँ के गांवो की गलियां तथा चौबारे बच्चों की मीठी तोतली आवाज में गाये जाने वाले महबुलिया के पारम्परिक लोक गीतों से झंकृत हो उठते है महबुलिया के नौ दस फूल सजन लगी महबुलिया ले लईयो गुलाब के फूल सजन लगी महबुलिया ले लइओ चमेली के फूल सजन लगी महबुलिया आदि गीत गाए जाते है समूचे पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के भरवारा सहित अन्य गांवों में महबुलिया की पूजा का भी अपना अलग ही तरीका है। बच्चे कई समूहों में बंटकर इसका आयोजन करते है महबुल को एक कांटेदार झाड़ में रंग बिरंगे फूलों और पत्तियों से सजाया जाता है विधिवत पूजन के उपरांत उक्त सजे हुए झाड़ को बच्चे गाते बजाते हुए गांव के पटैरिया बाबा तालाब में ले जाते है जहां फूलों को कांटो से अलग कर पानी मे विसर्जित कर दिया जाता है। महबुलिया के विसर्जन के उपरांत वापसी में यह बच्चे राहगीरों को भींगी हुई चने की दाल और लाई का प्रसाद बांटते हैं यह प्रसाद सभी बच्चे अपने घरों से अलग-अलग लाते हैं भरवारा गांव के पंडित पुरुषोत्तम चतुर्वेदी शास्त्री जी महाराज ने बताया कि महबुलिया को पूरे बुंदेलखंड में बालिकाओं द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। हर रोज जब अलग-अलग घरों में महबुलिया पूजा आयोजित होती है तो उसमें घर की एक वृद्ध महिला साथ बैठकर बच्चों को न सिर्फ पूजा के तौर तरीके सिखाती बल्कि पूर्वजों के विषय मे जानकारी देती है। इसमें पूर्वजो के प्रति सम्मान प्रदर्शन के साथ सृजन का भाव निहित है। झाड़ में फूलों को पूर्वजों के प्रतीक के रूप में सजाया जाता है जिन्हें बाद में जल विसर्जन कराके तर्पण किया जाता है। दूसरे नजरिये से देखा जाए तो महबुलिया बच्चो के जीवन मे रंग भी भरती है। इसके माध्यम से मासूमों में धार्मिक एवं सामाजिक संस्कार पैदा होते हैं। शनिवार को पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के भरवारा गांव में महबूलिया बालिकाओं द्वारा समूचे गांव में निकाली गई जिसमे बैंड बाजे डीजे घोड़ा शामिल थे बालिकाओं के साथ साथ महिलाओं ने भी हिस्सा लिया बच्चे राधा कृष्ण शंकर पार्वती के भेष भूषा में निकले और जाकर पटेरिया बाबा नीम तालाब पर विशार्जन किया

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर किए तीखे प्रहार

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बुंदेलखंड के महोबा पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है कानून व्यवस्था ध्वस्त है एवं अपराधियों की बल्ले बल्ले है प्रदेश में रोजगार के साधन नहीं है शराब की बिक्री बढ़ी है। साथ ही उन्होंने कहा कि समाजवादियों को नशा है तो सिर्फ समाजवाद लाने का और पीडीए के लोगों को न्याय दिलाने का जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वेष भावना पूर्ण सपाइयों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही है। इस दौरान उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत का दावा करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा है।

पीडीए भारतीय जनता पार्टी की

दवाई है। भारतीय जनता पार्टी का काम है कि समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं पर झूठे फर्जी मुकदमे लिखना अयोध्या वाले मामले में डीएनए टेस्ट के बाद साबित हो गया कि वह साफ स्वच्छ इंसान है भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के लिए खतरा है यह पूरे देश और प्रदेश को को नशेड़ी बना दिए हैं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को नशा है तो संविधान को बचाने के लिए समाजवाद लाने के लिए इनका बुलडोजर बहुत बड़ा अस्त्र था गरीबों को खुश करने के लिए क्योंकि बड़ा मकान गिरेगा तो छोटा मकान वाला खुश हो जाएगा योगी को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई। भारतीय जनता पार्टी की सरकार अन्याय करने वाले लोगो का साथ दे रही है। इसलिए ना दरोगा हटेगा ना एसपी हटेगा ना डीएम हटेगा, आप अपने शहरों को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं। कि उनका सफाई अभियान कितना कारगर है मां गंगा के दरबार में जाइए बनारस में कितनी सफाई है।

चाकू से हमला कर युवक को किया घायल

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर लहुलुहान कर दिया। एम्बुलेंस के द्वारा घायल को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोटबाजार निवासी पप्पू ने पुलिस को बताया कि सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी रामदेवी को दो लाख रूपये उधार दिए थे। महिला रुपए देने से आनाकानी कर रही है। बुधवार को जब उसने रुपए मांगे तो महिला ने उसे घर बुलाया। जब वह घर पहुंचा तो महिला व उसका पति पुत्र गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया है कि महिला के पति व पुत्र ने चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

गैस सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के रिठारी गांव में सुबह गैस सिलेंडर में खाना बनाते समय आग लग जाने से सिलेंडर तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। जिससे गरीब विधवा महिला के कच्चे घर में आग लग गई। जिससे घर जलकर खाक हो गया। क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी विधवा महिला आरती बाल्मिक सुबह सात बजे खाना बना रही थी। तभी साढ़े सात बजे सिलेंडर में आग जलने लगी उसने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग आए लेकिन जलते हुए गैस सिलेंडर को बाहर नहीं निकाल सके। थोड़ी देर में सिलेंडर में तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। तथा कच्चे मकान में आग लग गई। तथा मकान जल कर

खाक हो गया। इस घटना में महिला व।उसके बच्चे बाल बाल बच गए। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तथा दमकल दस्ते को घटना की जानकारी दी। तब आग पर काबू पाया गया। बड़ी घटना होते बच गई। महिला का घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है। महिला मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। इस घटना से परिवार तबाह हो गया है।

वृद्ध की छत से गिरकर मौत

राठ (हमीरपुर)। छत पर सो रहे 77 वर्षीय वृद्ध की छत से गिरकर मौत हो गई है। वृद्ध की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली के औंता गांव निवासी उस्मान ने बताया कि उसके पिता 77 वर्षीय जुम्मन पुत्र मान खान मंगलवार की रात छत पर सो रहे थे। तभी रात्रि में लघुशंका के लिए उठे और छत से नीचे गिर गए। बताया कि इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को साथ ले गए।

कौशल किशोर के नेतृत्व में नशे से मुक्ति के लिए मैराथन का आयोजन

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के नशा मुक्त अभियान के जिला प्रभारी प्रदीप सिंह भदौरिया द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी गई कि दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को स्वर्गीय आकाश किशोर उर्फ जैवी की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल नशा मुक्त फुल मैराथन का आयोजन राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में देश के हर कोने से लोगों के साथ बड़ी हस्तियां भी शामिल होंगी। जिला प्रभारी ने बताया कि यह मैराथन नशा मुक्त अभियान को एक आईना दिखाएंगे कि कैसे एक

इंसान जो नशा नहीं करता है और स्वस्थ दिनचर्या अपनाता है उसमें और नशे की लत में पड़े इंसान में कितना अंतर है यह मैराथन एक संदेश है कि अब नशा देश के युवाओं को और बर्बाद नहीं करेगा और नशे को देश छोड़कर भागना पड़ेगा। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मैराथन का आयोजन सुबह 5:00 बजे से 19 अक्टूबर 2024 को जॉगर्स पार्क निकट दुबग्गा चौराहा लखनऊ से प्रारंभ होगी। प्रथम विजेता को पुरस्कार स्वरूप 5 लाख रुपए, द्वितीय विजेता को 3 लाख रुपए और तृतीय विजेता को 1.5 लाख रूपए और प्रथम दस 51 हजार, द्वितीय दस 41 हजार, तृतीय दस 31 हजार, चतुर्थ दस 21 हजार, पंचम दस 11 हजार रूपए दिया जायेगा। जिसमे कुल 25 लाख के पुरुस्कार दिए जायेंगे।

मैराथन में प्रतिभाग करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 2023 316 पर कॉल कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है उन्होंने सभी जनपद वासियों और युवाओं से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में रजिस्ट्रेशन करके फुल मैराथन में सम्मिलित हो बता दें कि समाज को चेतना जगाने और युवाओं को नशे की लत से दूर करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर द्वारा चलाई जा रहे देशव्यापी नशा मुक्त समाज आंदोलन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विशाल नशा मुक्त मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।

बिजली कटौती को जल्द रोका जाए : डीएम

महोबा। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया। बैठक में उद्यमियों द्वारा मुख्य रूप से कबरई क्षेत्र में 10 से 12 घंटे विद्युत आपूर्ति में कटौती का प्रकरण तथा महोबा से कबरई के बीच नेशनल हाईवे रोड के अत्यधिक खराब होने को उठाया गया, इसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण तथा अधिशासी अभियंता नेशनल हाईवे खंड झांसी को प्रकरणों में समय अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उद्यमियों तथा व्यापारियों द्वारा क्रेशर में चलने वाली गाड़ियों के गलत चालान करने, कबरई से बांदा रोड के खराब होने तथा जिला अस्पताल से मरीज को बिना उचित रूप से इलाज किये तत्काल रेफर करने के प्रकरण उठाए गए, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को समय से नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, व्यापार कर के सहायक आयुक्त प्रशांत राय, उद्यमी संगठनों की तरफ से राम किशोर सिंह देवेंद्र मिश्रा, बाल किशोर द्विवेदी इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद सरोज द्वारा किया गया।

धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

अग्रसेन समाज के महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती पर आज आल्हा चौक के पास एक होटल से बड़े धूमधाम के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा निकाली गई जो आल्हा चौक होते हुए रोडवेज चूड़ी वाली गली पुराने प्राइवेट स्टैंड तहसील चौराहा बाजार उदल चौक होते हुए पुनः होटल में संपन्न हो गई

गौरतलब हो कि 3 अक्टूबर, दिन गुरुवार को महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा शहर में बड़े धूमधाम निकल गई जिसमें अग्रवाल समाज के सैकड़ो लोगों शोभा यात्रा में चल रहे थे और महाराजा अग्रसेन के जयकारे का उद्घोष कर रहे थे शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया

विदित हो कि नवरात्रि के पावन दिन की शुरुआत भी आज से ही हो रही है।

महान राजा अग्रसेन महाराज के जन्मदिन का उत्सव हिंदू कैलेंडर के अनुसार अग्रसेन जयंती अश्विन महीने के चौथे दिन महाराजा अग्रसेन की जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई जाती है क्योंकि महाराजा अग्रसेन ने गरीब और जरुतमंद लोगों के लिए फ्री शिक्षा, अस्पताल, सामुदायिक भवन जैसे कई कई कल्याणकारी कार्य भी शुरू किए थे, जिनके कारण वे आज भी महान और दयालु राजा माने जाते हैं। महाराज अग्रसेन के बारे में कहा जाता है कि उनका शासन केवल युद्धों तक सीमित नहीं था बल्कि समाज कल्याण ही उनकी प्राथमिकता थी। वही ऐसे महान राजा को आज भी अग्रवाल समाज के साथ-साथ भारत के तमाम समाज के लोग बड़े सम्मान के साथ पूजा और अर्चना करते हैं साथ ही महाराजा अग्रसेन के अनुसरण पर अग्रवाल समाज के लोग चलने का प्रयास करता है और महाराज अग्रसेन की जयंती बड़े धूमधाम से हर वर्ष मानते हैं

बृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

महोबा, पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।

बृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने फीता काटकर किया शुभारम्भ। पनवाड़ी, महोबाचिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, तथा नोडल अधिकारी डॉ वी. के. चौहान के निर्देशन मे राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी महोबा मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीं प्रकाश अनुरागी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, अधीक्षक डॉ आर.जी. शंखवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी, द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। शिविर पर उपस्थित चिकित्सक डॉ पवन

कुमार राजपूत, डॉ. कनिष्क, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, अंकितागुप्ता (नैदानिक मनोवैज्ञानिक), प्रेमदास मनोचिकित्सकी सामाजिक कार्यकर्ता, जो कि विभिन्न प्रकार के नशा एवं मानसिक रोग बारे मे विस्तार से बताया गया जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना,चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मो का अभिसाप, सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड़-फूक, ऊपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन, सराब गाज़ा, अफीम, ड्रग, धूम्रपान, आदि विषय पर जागरूक किया गया साथ बिना किसी झिझक के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में आकर इलाज कराने और व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। एवं मानसिक तनाव हेतु टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14 416 एवं 18 00 891 44 16 तथा मन कच्छ हेल्पलाइन नंबर महोबा 7309 724176 निशुल्क संपर्क कर समाधान प्राप्त करें क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं बी पी एम वसीम वेग, सरिता गुप्ता, श्री रामकुमार विश्वकर्मा H.S., लैब टेक्न. शैलेन्द्र, सुशीला राजपूत,खूब सिंह, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित किया गया शिविर मे चिन्हित किये गये 41 मानसिक विकारों से पीढ़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित किया गया।

कैंप में 168 मरीज देखे गए एवं 4 मानसिक दिव्यायंग प्रमाण पत्र भी जारी किए गए मानसिक उपचार अस्पताल के कमरा नंबर 4 मन कच्छ। में ओ.पी.

मीरा वर्द्धन व अमीर हैदर समेत कई विभूतियां सम्मानित

श्री सांई इं. कॉलेज के प्रबंधक को मिला सम्पूर्णानंद शिक्षा अवार्ड

▸ पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप और बेनी वर्मा के बेटे राकेश वर्मा ने समरसता सहभोज में लिया हिस्सा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

महात्मा गांधी सप्ताह के दूसरे दिन गांधी भवन में गांधी जीवन दर्शन मद्य निषेध, कौमी एकता, स्वदेशी स्वावलम्बन पर आधारित परिचर्चा के बाद सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई विभूतियां सामाजिक सहभागिता सम्मान के अन्तर्गत विभिन्न अवार्ड से सम्मानित हुई। समारोह में नन्हें चित्रकार इन्द्र राज गोकुल ने महात्मा गांधी का पोर्टेट मुख्य अतिथि को भेंट किया। वहीं उन्होंने महात्मा गांधी से जुड़े सत्याग्रह का मॉडल चित्र गांधीवादी अध्येता राजनाथ शर्मा को भेंट किया।

मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, अध्यक्षता कर रहे पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली, गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, महात्मा गांधी सप्ताह के अध्यक्ष मो उमैर किदवई, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित ने वयोवृद्ध सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता अमीर हैदर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, आचार्य नरेन्द्र देव की प्रपौत्र वधू एवं समाजसेविका मीरा वर्द्धन को अरूणा आसफ अली अवार्ड, सामाजिक कार्यकर्ता अरूण कुमार श्रीवास्तव को चन्द्रभानु गुप्ता जनसेवा अवार्ड, सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र पासी को डॉ भीमराव अम्बेडकर अवार्ड, समाजवादी नेता रामनरेश यादव को लोकबंधु राजनारायण अवार्ड, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह को चन्द्रशेखर अवार्ड, प्रख्यात शायर मंजर भोपाली को मजाज़ उर्दू साहित्य अवार्ड, समाजसेवी डॉ रईस अहमद खान को कै. अब्बास अली अवार्ड, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी को प्रभाष जोशी पत्रकारिता अवार्ड, प्रसिद्ध गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र को मनु शर्मा हिन्दी साहित्य अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के बाद छुआ छूत मिटाओ अभियान के अर्न्तगत आयोजित समरसता भोज में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह, वयोवृद्ध समाजसेवी अमीर हैदर, मो. उमैर किदवई, भवानी दत्त भट्ट, अनंत पाण्डेय, धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, नासिर खान, अताउर्रहमान सज्जन, जिला पंचायत सदस्य मो. अहमद शहंशाह, कुंवर जावेद, डॉ अंजुम बाराबंकवी, डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, समाजसेवी अशोक शुक्ला, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, उमानाथ यादव, उमेश श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से शिक्षिका को यूटा ने किया सम्मानित

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। यूनाइटेड टीचर्स एसोसियेशन यूटा की ब्लाक इकाई सिद्धौर के तत्वाधान में एडु लीडर उत्तर प्रदेश द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित होकर शिक्षिका सुश्री अमिता रस्तोगी ने विकासखंड सिद्धौर का नाम रोशन किया। शिक्षिका की कर्मठता को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय द्वारा शिक्षिका को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। बीईओ द्वारा ऐसे ही भविष्य में काम करते रहने को बात कही गई। इस अवसर पर यूटा के ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, एआरपी आदर्श पाण्डेय, संदीप गौतम, संग्राम सिंह, श्रीती बैसवार एवं सेवानिवृत शिक्षक शिवकरन आदि उपस्थित रहे।

आधा दर्जन दुर्गा पूजा समितियों ने निकाली झाकियां

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

शारदीय नवरात्र के तहत कस्बा की आधा दर्जन पूजा समितियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए गुरुवार को नगर के मुख्य मार्गों से झांकियों, बैण्ड बाजो, डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश पूजन के बाद इन कलशो को महोत्सव स्थल पर ले जाकर पुन स्थापित कर दिया गया ।

शाम 3 बजे विजई हनुमान मंदिर, एलआईसी कार्यालय, सुबेहा तिराहा, सब्जी मंडी एवं ठाकुरद्वारा वार्ड की पूजा समितियो द्वारा कलश यात्रा निकालने के पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो का पूजन किया गया ।सुबेहा तिराहे से निकली यह कलश यात्रा सबसे पहले शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां पर सगरा से कलश में जल भरने के बाद यात्रा हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर स्थित नहर व बाबा प्रेमदास कुटी पर पहुंची जहां पर विधिवत पूंजन के बाद कलशो में जल भरकर वापस महोत्सव स्थलों पर ले जाकर स्थापित कर दिया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस के जवान शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे। कलश यात्रा में केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राजू भैया, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पंकज दीक्षित, ज्ञानू मिश्रा, हनुमान, प्रतीक, वेद प्रकाश वाजपेई पप्पू यज्ञ सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

ग्रामीणों ने विकास कार्यों में लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

▸ दिव्यांग शौचालय निर्माण को फर्जी ढंग से दिखाकर प्रधान ने कराया भुगतान

सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में हों रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीण विंध्याचल वर्मा निवासी ग्राम पंचायत किठुरी विकासखंड सिरौली गौसपुर ने ग्राम प्रधान अमरेश वर्मा पर आधा दर्जन से अधिक विकास कार्यो में फर्जी ढंग से भुगतान करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत किठुरी में दिव्यांग शौचालय निर्माण को दिखाकर प्रधान द्वारा फर्जी ढंग से भुगतान कराया गया। जबकि उक्त शौचालय का निर्माण उनके द्वारा नहीं कराया गया है। वही ग्राम पंचायत किठुरी में फावड़ा, तसला, मेडिसिन बॉक्स ,ठेलिया, आदि खरीदने के लिए 45 हजार का भुगतान कराया गया जबकि यह सब वस्तु ग्राम पंचायत में आई ही नहीं है। इसी प्रकार शिकायतकर्ता ने प्रधान पर कई मामलों में फर्जी ढंग से भुगतान कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि शिकायत की जांच के लिए टीम गठित की गई है। जांच आख्या रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वही इस संबंध में ग्राम प्रधान अमरेश वर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ता से उनकी पारिवारिक रंजिश है।

दुर्गा माता मंदिर आई महिला का पायल हुआ गायब, स्वयं सेवकों ने किया वापस

जैदपुर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीबीपुर गांव स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में बृहस्पतिवार करीब 8 बजे शारदीय नवरात्रि के चलते मंदिर प्रांगण मे भारी भीड़ एकत्रित रही। इसी दौरान दर्शन करने आई एक महिला की अचानक पायल निकल कर कही गायब हो गयी। महिला जब मंदिर परिसर से बाहर निकली तो उसकी नजर अपने सूने पैर पर पड़ी तो देखा की उसके पैर से पायल गायब थी महिला काफ़ी परेशान हो गई और अंदर जाकर मंदिर प्रबंधक प्रतिनिधि मनोज सोनी को जानकारी दी तो मनोज सोनी ने मामले को तत्काल गंभीरता से लेते हुए वॉकी टॉकी के जरिए अपने वॉलिंटियरो को अलर्ट करके गेट बंद करने को कहा गया।निर्देश मिलने से वॉलिंटियरो ने गेट बंद करके श्रद्धालुओ को रोका गया जिस भीड़ न बढ़ाने पाए और समान की खोजबीन शुरू की गई तो वही मंदिर परिसर मे पायल को पड़ा हुआ देखकर वालंटियर द्वारा तत्काल मंदिर प्रबंधक प्रतिनिधि मनोज सोनी को सौपा। जिसके बाद मंदिर प्रबंधक प्रतिनिधि मनोज सोनी द्वारा अनाउंसमेंट करके आए हुए सभी श्रद्धालुओ को सूचित किया।

जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची महिला को मंदिर प्रबंधक प्रतिनिधि मनोज सोनी ने उक्त पायल को महिला को सुपुर्द कर दिया। वही खोया हुआ पायल पाकर महिला का चेहरा खिल उठा।

दूसरे दिन भी जारी रहा भाकियू का प्रदर्शन

रामनगर, बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन भदौरिया गुट का बुधवार से 16 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरु हुये अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। भाकियूं भदौरिया गुट के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह और उपजिलाधिकारी पवन कुमार के मध्य समस्याओं के निदान को लेकर वार्ता तो हुई लेकिन कोई हल नही निकल सका। अनवरत रुप से चल रहे धरने में किसानों का कहना है कि समस्याओं का बिना हल हुये हम लोग यहां से जाने वाले नहीं हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से जय हिंद प्रकाश श्रीवास्तव मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू यादव ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर गुलजार हुसैन विष्णु कुमार गुप्ता कमल दीक्षित, कमलेश कुमार यादव नीरज रेन फुलझारा पूनम शिवकुमारी राजरानी श्रीमती संगीता सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

एक सप्ताह में गुलजार हो जायेंगे मौरंग घाट

कालपी,जालौन। तीन महीने की अवधि खत्म हो जाने के बाद अब फिर से बेतवा तथा यमुना नदी की खदानों से बालू खनन का कार्य शुरू होने की तैयारियां की जा रही हैं। खनन का कारोबार शुरू हो जाने से जोल्हूपुर मोड़, कालपी, कदौरा, इटौरा के मोटर मालिकों तथा बालू व्यवसाय में दिन रात रौनक बढ़ने लगी है।

विदित हो कि शासन के नियमों के तहत नदियों में एक जुलाई से 3 माह के लिए बालू खनन करने पर रोक लगी हुई थी, इसकी अवधि 30 सितंबर को खत्म हो चुकी हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए बालू ठेकेदार तथा खदान संचालक सक्रिय हो गए है। दरअसल बरसात तथा बाढ़ की वजह से नदियों से खनन क्षेत्र डूब गए तथा खदानों से आने जाने वाले सड़के क्षतिग्रस्त हो गई।

खबरें एक नजर में

राष्ट्रीय अविष्कार योजना के तहत हुई क्विज प्रतियोगिता

बेलहरा बाराबंकी। राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन प्रा0वि0 करनपुर में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 63 कंपोजिट तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के 169 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण की परीक्षा के बाद 25 प्रतिभागियों का चयन किया गया। ब्लॉक स्तर पर 5 सर्वश्रेष्ठ बच्चे प्रोजेक्ट के लिए व 5 सर्वश्रेष्ठ बच्चों का चयन क्विज प्रतियोगिता के लिए किया गया।सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी बच्चों को सील्ड,मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।प्रतिभागी सभी बच्चों को पुरस्कार एवं सार्टिफिकेट वितरित किये गये। ब्लॉक स्तर पर विभिन्न विद्यालयों के कुल पांच बच्चे जिला स्तर प्रतियोगिता हेतु चयनित किए गए। चयनित बच्चों में हर्षित वर्मा व सुभांशु पाल उच्च प्रा0 वि0 महमूदपुर,अन्नू यादव कंपोजिट विद्यालय राममण्डई,अनीश अवस्थी व अनूप कुमार कंपोजिट विद्यालय भिटौली चयन हुआ।

नाबालिग बालिका को प्रेमजाल में फंसा युवक ले भागा

जालौन (उरई)। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से 15 वर्षीय किशोरी को युवक व उसके साथी द्वारा भगा ले जाने की रिपोर्ट पीड़ित पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को एक युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बुधवार की शाम युवक रोहित व उसका साथी सुमित उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

89 किसान पंतनगर से सीखेंगे उन्नतशील खेती, हुए रवाना

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। जनपद के 89 कृषकों के भ्रमण दल ने सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत अन्तर्राज्यीय भ्रमण/प्रशिक्षण हेतु गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय , पन्तनगर, उत्तराखण्ड के लिये प्रस्थान किया। कृषकों की बस को जिला पंचायत सदस्य राम सिंह उर्फ भुल्लन वर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर भ्रमण/प्रशि क्षण पर जिला सलाहकार कैलाशनाथ पाण्डेय एवं तकनीकी सहायक अनुरूद्ध कुमार भी उपस्थित रहे। कृषकों का यह भ्रमण दल 05 दिवसों तक गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर, उत्तराखण्ड में आयोजित कृषि कुम्भ में प्रतिभाग कर विभिन्न फसलों की उच्च उत्पादन की तकनीकी के साथ ही फसल विविधीकरण, औद्यानिक खेती, मत्स्य पालन, मौन पालन, कुक्कुट पालन आदि की जानकारी प्राप्त करेंगे और जनपद वापस आने पर अपने ग्राम एवं आस-पास के अन्य कृषकों में भी नई तकनीकी का प्रचार-प्रसार करेंगे। जिला पंचायत सदस्य भुल्लन वर्मा द्वारा भ्रमण पर जाने वाले कृषकों को बधाई एवं शुभकामना देते हुये कृषकों से अपील की गई कि इस अन्तर्राज्यीय भ्रमण और प्रशिक्षण में उन्हें खेती सम्बन्धी जो भी जानकारी प्राप्त हो उसका अपने क्षेत्र के किसानों में व्यापक प्रचार-प्रसार करायें ताकि अन्य किसान भी उनकी तकनीकी जानकारी का लाभ उठा सकें।

अवैध रूप से रखी गयी पटाखा निर्माण सामग्री को पुलिस ने किया बरामद

जालौन (उरई)। नगर में स्तिथ एक मकान में अवैध रूप से रखी पटाखा निर्माण सामग्री को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया। आरोपी पुलिस को देखकर मौके से भाग निकला। पुलिस सामग्री को कोतवाली लेकर पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वाराणसी में अवैध पटाखा फेक्ट्री में विस्फोट के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई को सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला नारोभास्कर स्तिथ एक मकान में अवैध रूप से पटाखा निर्माण की सामग्री रखी है। सूचना मिलते ही कोतवाल वीरेंद्र पटेल, चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को देखते ही आरोपी धीरू उर्फधीरेंद्र साहू मौके से भाग निकला। मकान की तलाशी लेने पर पुलिस ने मौके से विस्फोटक समाग्री निर्माण में इस्तेमाल होने वाला माल शोरा 150.390 किग्रा, ढोंका (लोहे का बुरादा) कुल 84.250 किग्रा, मनसिन लाल पत्थर 118.960 किग्रा, 400 ग्राम सूत, 5 लोहे की चद्दर के खोंचे, एक इलेक्ट्रिक कांटा बरामद किया।

ट्रेन लाइन पार करते समय बुजुर्ग महिला की ट्रेन से कटकर मौत

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ अयोध्या रेलवे मार्ग पर पटरी पार करते समय एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी मृतका अपनी पुत्री की ससुराल ग्राम पहलीपार पैदल जा रही थी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी 70 वर्षीय कमला देवी पत्नी रामचेला गुरुवार की सुबह करीब दस बजे अपनी बिटिया कलावती की ससुराल ग्राम पहलीपार मजरे सूरसण्डा को जा रही थी दोनो गांवो के बींच से गुजरी लखनऊ अयोध्या रेलवे लाइन पर पहलीपार गांव के करीब पहुंची थी पीछे से आ रही ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हर रोज नये आयाम छू रहा ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार

▸ अनेकों गांव में बगैर काम कराये ही निकाल लिया गया लाखों का भुगतान

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

भारत सरकार की मनरेगा योजना ग्रामीणांचल का विकास कराने का दावा करने वाले अधिकारियों ने किस तरह से भ्रष्टाचार का तड़का लगाया इसके नमूने तो आये दिन समाचार पत्र की सुर्खियां बनते ही रहते हैं।

लेकिन ताज्जुब की बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों की नजरों में मनरेगा योजना में किसी भी तरह की खामी नजर नहीं आती। यह स्थिति तब है जब अनेकों ग्राम पंचायतों में मूसालाधार बारिश में भी मनरेगा मजदूरों को रोजगार के अवसर मुहैया कराये गये तो कई ग्राम पंचायतें ऐसी भी है जिन्होंने बगैर कोई काम कराये ही दूसरी ग्राम पंचायतों की पुरानी फोटो अपलोड कराकर कच्चे काम का लाखों रुपयों का भुगतान निकालकर हजम कर गये। मनरेगा योजना में जिस तरह से कागजी काम कराये जा रहे है उससे जिम्मेदार अधिकारी जरूर आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं लेकिन मनरेगा मजदूर रोजगार की तलाश में गांव से पलायन करने को विवश देखे जा रहे हैं। यह ढर्रा कोई एक विकासखंड का नहीं बल्कि जनपद के सभी नौ विकासखंडों में धड़ल्ले से चल रहा है।

केंद्र सरकार की मनरेगा योजना कमाल की है, इस योजना के तहत आपको काम पर भी नहीं जाना और मजदूरी पक्की क्योंकि प्रधान, रोजगार सेवक और सचिव की मिलीभगत में सब बेरोक-टोक चलता है। बिना काम पर जाए ही मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कर दी जाती है। यही नहीं मृतक के खाते में भी मजदूरी का पैसा भेज दिया जाता है। इसे कहते हैं जादू की योजना। विकास खण्ड माधौगढ़ के असहना में कुंजबिहारी के खेत से भगवान सिंह के खेत तक चकबन्ध निर्माण चल रहा है। जिसमें 17 से लेकर अधिकतम 25 मजदूर ही काम कर रहे हैं लेकिन रोजगार सेवक प्रतिदिन 72 से 74 मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरे जा रहा है।

छात्र-छात्राओं ने 'चार की बात' अभियान को दिया बल

इटावा, समृद्धि न्यूज।

एच.आई.वी. एड्स रोग की रोकथाम तथा उससे बचाव के लिये जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान को और अधिक प्रासंगिक व जन-जन तक पहुँचाने के लिये नारायण कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के छात्र-छात्राओं ने अनोखी पहल की। फ्लैश मॉब के माध्यम से छात्र-छात्रओं का समूह सर्वप्रथम इटावा रेलवे स्टेशन पहुँचा जहाँ हर वर्ग के लोगों की सर्वाधिक आवाजाही होती है। लाल टी-शर्ट एवं काले ट्राउजर में युवा छात्र-छात्राओं के समूह को देखकर ही लोगों में जिज्ञासा जाग उठी कि ये समूह अवश्य ही अपनी प्रस्तुति के माध्यम से कुछ ऐसा सिखाने वाला है जो मानस पटल पर याद रह जायेगा। छात्र-छात्राओं के समूह ने अविस्मरणीय नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जन समूह को एच.आई.वी एड्स की रोकथाम उससे बचाव के तरीके एवं उसके कारणों को 4 आसान बातों के द्वारा समझाया रंगारंग एवं अत्यन्त प्रभावशाली इस प्रस्तुति ने जिला स्वास्थ्य समिति के अभियान को साकार रूप दे दिया।

विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

देवरिया, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत बीआरसी पथरदेवा में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजरिया,बघौचघाट, लोहरौली, कोटवा मिश्र संविलियन विद्यालय मलघोट विरैचा, पथरदेवा, देवघाट, इत्यादि विद्यालयों से चयनित 3-3 छात्रों कुल मिलाकर 121 छात्रों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन बी आर सी पर खंड शिक्षा अधिकारी गोपाल मिश्र और विज्ञान ए आर पी जितेन्द्र कुमार यादव गणित एआरपी जितेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में कराया गया। प्रतियोगिता में प्रथम चरण में उच्च प्राथमिक/संविलियन विद्यालय देवघाट, बंजरिया, पथरदेवा, धुसवां ,पांडेयपुर, नोनियापट्टी, घुड़ीकुंड कला, मस्जिदिया, तिरमासाहून के 25 छात्रों ने सर्वोच्च अंक दर्ज किया।

जिनका मौखिक प्रश्न परीक्षण एआरपी प्रमोद कुमार गौतम,आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम बनाकर विज्ञान शिक्षक शाह आलम वारसी,अंतिका शाह लूसि यादव ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय देवघाट घुड़ीकुंड कला मलघोट विरैचा तिरमासाहून के छात्रों वंदना गुप्ता संजना ठाकुर राधिका सिंह शिल्पा सुमन प्रसाद कि टीम ने प्राप्त किया। विजेता टीम को खंड शिक्षा अधिकारी गोपाल मिश्रा के द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान नरेंद्र सिंह बृजलाल यादव महिमा प्रसाद अशरफ अली राकेश मणि ओम प्रकाश जायसवाल योगेंद्र कुशवाहा मनोहर सिंह इकबाल अहमद अर्पणा राव सपना गुप्ता कार्यालय सहायक अमरनाथ विजय यादव शहनवाज एवं विभिन्न उच्च विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक उपस्थित रहें।

नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मंदिरों में की आराधना

जालौन (उरई)। शारदीय नवरात्र के पहले दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में सुबह ही तांता लगा रहा। भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां की आराधना और सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्र के मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्वरूपों की लगभग 63 देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई। नगर के प्राचीन व प्रमुख देवी मंदिर छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, छठी माता मंदिर व ग्रामीण क्षेत्र के कामांक्षा माता मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन भक्तों का सुबह से तांता लगा रहा। महिलाएं, बच्चे तथा पुरुष सभी लोग मंदिरों में सुबह चार बजे से मंदिर पहुंचने लगे थे। भक्तों का मंदिर में पहुंचने का क्रम दोपहर तक चलता रहा। माता के चरणों में जल, सिंदूर, रोली, चावल, पुष्प, मिष्ठान अर्पित कर माता का ध्यान किया। भक्तों ने माता की आराधना कर मां के प्रथम रूप शैलपुत्री से सुख समृद्धि की कामना की।

अयोध्या को बेहतर जल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास तेज

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के चेयरमैन विजय कुमार गुरुवार को अयोध्या पहुंचे और मण्डलायुक्त सभागार कक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा की।इस समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पाण्डेय, आरटीओ सुश्री ऋतु सिंह पर्यटन निगम व सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अयोध्या में जलयान टेक-ओवर,गुप्तारघाट से नयाघाट तक संचालन, इनलैण्ड बेसल एक्ट 2021 के अन्तर्गत पंजीयन व सर्वे आदि पर चर्चा हुई। निर्देश दिये गये कि पेट्रोल डीजल के स्थान पर ग्रीन फ्यूल वाले जलयानों जैसे इलेक्ट्रिक कैटामरान से संचालन को बढावा दिया जाय। चेयरमैन श्री कुमार ने बताया कि भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से प्रयासरत है कि बेहतर जल परिवहन सुविधा जल्द से जल्द अयोध्या को मिले और पर्यटन को बढ़ावा मिले।इसके लिये एम.ओ.यू सितम्बर-2023 में साईन किया गया है।

संत डॉ. महेश दास ने दो करोड़ कपालभांति कर स्थापित किया कीर्तिमान

श्री हनुमानगढ़ी में 183 दिन तक भोजन त्यागकर प्रतिदिन 11 घंटे चल रही कपालभाति प्राणायाम साधना की हुई पूर्णाहुति

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

रामनगरी की सिद्धपीठ श्री हनुमानगढ़ी की बसंतिया पट्टी के युवा संत डा. महेश दास उर्फ स्वामी महेश योगी ने श्री हनुमान जी के सानिध्य में छह माह में दो करोड़,अट्ठारह लाख, छब्बीस हजार, आठ सौ कपालभाति कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का दावा किया है। इस अवसर पर श्री हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, सर्वराहकार/ महंत प्रेम दास महाराज ने महेश योगी को गौरस पिलाकर उनकी कठोर हठ साधना को पूर्ण कराया। 183 दिन की साधना को पूर्ण करने के उपरांत महेश योगी ने संतजनों के साथ आज अन्न ग्रहण किया। महर्षि पतंजलि की जन्मभूमि पर एक करोड़ 51 लाख स्ट्रोक कपालभाति, अनवरत 76 घंटे तक योग मैराथन करने का विश्व रिकॉर्ड, अनवरत 51 घंटे में 550800 स्ट्रोक कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड,एक मिनट में 21 बार सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड,एक घंटा 15 मिनट शीर्षासन में कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड,मां सरयू की गोद में लगातार तेरह हज़ार एक सौ बार डुबकियां लगाने का विश्व रिकॉर्ड, चित्रकला के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी व्यक्ति चित्र श्रृंखला बनाने का विश्व रिकॉर्ड,अब तक 11 हजार चित्रों का सृजन करने का रिकॉर्ड तथा साहित्य में (दिव्य भारत गौरव ग्रंथ) एवं (भारत ऋषि ज्ञान एनसाइक्लोपीडिया) के लेखन आदि के कीर्तिमान उनके नाम दर्ज हैं।योग क्लब आध्यात्मिक क्षेत्र में अब तक पूरे भारतवर्ष में लगभग 1065 स्वास्थ्य शिवरों का आयोजन कर महेश योगी जनमानस को दिव्य आरोग्य बनाने हेतु अपनी निस्वार्थ सेवा प्रदान करते रहे हैं।

28 पंडालों में हुआ मां भगवती की प्रतिमाओं का आगमन

▸ जोर शोर से लगे है समिति के पदाधिकारी

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

नवरात्रि के पहले दिन से नगर के 28 पंडालों में मां भगवती की प्रतिमाओं का आगमन हो गया है और पूजा अर्चना आरंभ हो गई है।इनमे प्रमुख रूप से गणेश नगर मकबरा, नाका हनुमानगढ़ी, जनौरा, ब्रह्मबाबा, अमानीगंज गुरुद्वारा, लक्ष्मणपुरी, अमानीगंज, लाल कुर्ती,अंजनीपुरम सहित जिले के लगभग 2200 स्थानों पर मां भगवती का आगमन हो गया वही जनपद की रामलीलाएं भी गणेश पूजन के उपरांत प्रारंभ हो गई है। प्रमुख रूप से टकसाल चौक,कोठा पार्चा, हैदरगंज, तेहगंज,साहबगंज,शंकरगढ़ और वजीरगंज जसी में रामलीला का भी शुभारंभ हो गया है।केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी जोर शोर से तैयारी में लगे हुए हैं। केंद्रीय समिति सहसंयोजक गगन जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय समिति के विभाग प्रमुख जे.एन चतुर्वेदी,सुप्रीत कपूर, राजेश गौड़,जनार्दन पांडेय, अजय विश्वकर्मा,संजय श्रीवास्तव आदि लगातार भ्रमणशील रहकर तैयारियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

सम्बन्ध विच्छेद

मैने अपने पुत्र भुवनेन्द्र कुमार व पुत्रवधू अर्चना पाल के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों लोगों से कोई सरोकार नहीं होगा।

रामरतन लाल पुत्र रामकिशन व सुशीला देवी पत्नी रामरतन लाल निवासी न्यू सैनिक कालोनी भोलेपुर, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।

सूचना

मेरा पुत्र ओम सिंह जो कक्षा 9 का छात्र है। भूलवश जन्मतिथि 27/09/2010 अंकित हो गयी है, जो कि गलत है। जबकि आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में सही जन्मतिथि 05/06/2010 दर्ज है। सही जन्मतिथि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में दर्ज की जाये।

रामशरन पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम गांधी नगर किलमॉपुर थाना मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों से मंत्री ने किया संवाद

प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार किए वितरित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

मंत्री ने स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर मेंहदीघाट पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों से संवाद कर उनका अभिनंदन किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत मेंहदीघाट में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरूण द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में जनपद को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सभी लोगों से आग्रह किया तथा किसी भी प्रकार के कूड़े को डस्टबिन में ही डालने हेतु स्वच्छता को स्वभाव में लाने की अपील की। तथा अपने

आस-पास नगर क्षेत्र को स्वच्छ रखकर गौरान्वित नागरिक के तौर पर जिम्मेदार नागरिक होने का आग्रह किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने हमे कूड़े से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रणाली भी दी हैं। जिसे अब हम सबको प्रयोग करना है और इसकी शुरुआत घर से होनी है। मंत्री द्वारा एनएमसीजी से वित्त पोषित एवं अर्थ गंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित गंगा ज्ञान केन्द्र (जलज सेन्टर) में गंगा ग्राम की युवतियों के कौशल विकास हेतु व्यूटीशिएन प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। स्वच्छता ही सेवा के पाक्षिक कार्यक्रम में जनपद के इण्टर कॉलेजो में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएँ- पेन्टिंग प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, श्रमदान इत्यादि प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गये।

इस मौके पर वीर सिंह भदौरिया, जिलाध्यक्ष भाजपा, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, डीआईओएस पूरन सिंह, वीडीओ अमित सिंह, अजय त्रिपाठी जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति तथा वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण रहे।

हनुमानगढ़ी मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के ऐतिहासिक हनुमानगढी मंदिर पर आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रीमद भागवत महापुराण कथा का शुभारम्भ हुआ। वृन्दावन से आए पं. रमाकांत शास्त्री ने मंत्रोच्चारण कर महापुराण सहित सभी देवी देवताओं का पूजन कराया। साथ हे माता रानी की मूर्ति भी स्थापित कराई। कलश यात्रा के बाद कथा प्रारम्भ हुई।

गंगेश्वर नाथ मंदिर से प्रारम्भ हुई कलश यात्रा कथा पांडाल मे समाप्त हुई। इसके बाद श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ हुई। कथा के प्रथम दिवस प0 रमाकांत शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत पुराण की कथा सुनने से मृत आत्माओ चाहे वो किसी भी योनी मे हो उद्धार हो जाता है। श्रीमद् भागवत सुनने का मौका प्रभु की कृपा से ही मिलता है। उन्होंने बताया कि आनंद को खोजने बालो को पता ही नही कि गोविंद ही आनंद है। भगवताचार्य प0 रमाकांत शास्त्री के साथ वाद्य यंत्रो पर हेमंत बृजवासी,विष्णु पाण्डेय, के अतिरिक्त,शिवम भारद्वाज,हिमांशू तिवारी आदि सहयोग में

रहे वही कथा के दौरान महंत प्रभात शुक्ला ,अचल तिवारी, सुमित मिश्रा, दीपू चौबे, अनुपम शुक्ला,मोहित मिश्रा ,संजीव दुवे,प्रवीन तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रही।

शार्ट सर्किट से चलती कार में लगी आग

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस आग से बाल बाल बच गए सभी लोग

हाईवे किनारे जीटी रोड स्थित काशीराम कॉलोनी के सामने चलती कार में अचानक शाट सर्किट से आग लग गई।

चालक की सूझबूझ के चलते गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए वही कांशीराम कॉलोनी के पास सर्विस सेंटर था वहीं पर चालक ने अपनी गाड़ी को लगाकर सर्विस सेंटर पर आग बुझाने का काम किया परिजनों के साथ कानपुर से गुरुग्राम जा रहा था। हादसे में सभी बाल-बाल बच गए। इस दौरान कोतवाली पुलिस के साथ लोगों की भीड़ भी मौके पर बचाने के बीच जुट गई। कानपुर की गोविंद नगर निवासी अंकित दुग्गल ने बताया कि वह कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से क्रिकेट खेलता है।

उसने बताया कि वह टीम में और ऑल राउंडर है उन्होंने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ गुड़गांव हरियाणा जा रहा था।

चालक झांसी निवासी चालक शिवपूजन चल रहा था। देर रात लगभग 8,30 बजे जब गाड़ी छिबरामऊ के जीटी रोड हाईवे पर काशीराम कॉलोनी के सामने पहुंची तभी अचानक शाट सर्किट होने से गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी से आग को देखकर चालक के हाथ पांव फूल गए उसकी सूझबूझ के चलते हुए उसने सड़क किनारे गाड़ी को रोक दिया इसी बीच गाड़ी पर सवार क्रिकेटर और उसके परिजन गाड़ी के नीचे उतर गए गाड़ी से आग की लपटे उड़ती देख कर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास करते रहे। सूचना पर पहुंचे थाना पुलिस आग से सभी लोग बाल बाल बच गए। क्रिकेटर अंकित दुग्गल ने बताया कि उसे नगर की एक होटल में अपने परिजनको शिफ्ट कर दिया है अब सुबह हरियाणा के लिए दूसरी गाड़ी से निकलेगा। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है कस्बा इंचार्ज राम मनोज द्विवेदी मौके पर पहुंचे हैं और सभी को सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया गया है।

वस्त्र परिधान पर टाई डाई और स्क्रीन प्रिंटिंग का दिया गया प्रशिक्षण

बाराबंकी। स्वैच्छिक संस्था महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की नाबार्ड की एलईडीपी के अंतर्गत वस्त्र परिधान पर टाई डाई और स्क्रीन प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया, एमई डीपी के अंतर्गत वाशिंग पाउडर, रेडीमेड गारमेंट्स, और अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था अब ये अपना अपना उत्पाद आसानी से बेच सकें, इस उद्देश्य से संस्था महिला खादी ग्राम्य सेवा संस्थान द्वारा आवास विकास कालोनी, बड़ा पार्क,संतोष गुप्ता मार्केट में एक एमकेजी महिला रूरल मार्ट के नाम से दुकान खोली गई है। अब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पाद की बिक्री के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ेगा।

हवन पूजन के बाद की गई मां भगवती की आराधना

▸ सुबह से शाम तक देवालयों में होती रही पूजा अर्चना

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सुबह से ही भक्तों ने कतारों में लगकर मां भगवती की प्रथम शक्ति शैलपुत्री की आरती वंदना कर आराधना की। भक्तों की भीड़ देख दुकानदारों ने भी देवालयों के आसपास फूल व पूजा सामग्री की दुकानें सजा ली। मंदिरों में सुरक्षा की दृष्टि से महिला व पुरूष पुलिस कर्मी तैनात रहे।

गुरूवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर देवालयों में श्रद्धा का सैलाव उमड़ पड़ा। भारी संख्या में भक्त एकजुट होकर पूजा की थाली के साथ मां भगवती की आरती वंदना के लिए

गंगेश्वरनाथ मंदिर में मां भगवती की स्थापना करते भक्त

मां भगवती की आरती वंदना करते भक्त।

देवालयों में पहुंचे। देवालय व घरों में महामाई की पूजा अर्चना का दौर देर शाम तक चलता रहा। इससे पहले भक्तों ने घरों में हवन पूजन कर कलश स्थापित किया। भक्तों ने सुख, शांति, समृद्धि, यश, कीर्ति, धन, वैभव के लिए दिनभर मां भगवती की प्रथम शक्ति शैलपुत्री का वृत रखकर आराधना की। नगर के आजाद नगर स्थित प्राचीन मां काली मंदिर, जीटी रोड स्थित श्री राम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, चकोर गली स्थित पशुपतिनाथ मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के मंदिरों व घरों में भक्तों ने मां भगवती की आरती वंदना की। पालिका प्रशासन के द्वारा मंदिरों के आसपास सफाई कराकर चूना डलवाया गया। जबकि कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

खबरें एक नजर में

देवी मंदिरों में भक्तों की जुटी भीड़, हुई पूजा अर्चना

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के प्रमुख देवी मन्दिरों व पण्डालों में नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूंजा की। नवरात्र पर्व के प्रथम दिन क्षेत्र के कटेहरा देवी मन्दिर बदोसरांय स्थित मातन मन्दिर, कोटवाधाम स्थित बसन्ता फूफू मन्दिर,अमरा देवी स्थित कालिका मां एंव धामसी देवी मन्दिर, सिरौलीगौसपुर स्थित मां दुर्गा मन्दिर, मदारपुर मरकामऊ में मां शेरो वाली के दरबार में हजारों नर नारी बच्चों ने ब्रत रखकर प्रथम मां शैलपुत्री की पूंजा अर्चना कर मनवांछित फलों की प्राप्ति की कामना किया है।एंव श्रीकोटवाधाम के पवित्र अभरन सरोवर से क्लश में जल लेने पहुंच रहे क्षेत्र के श्रद्धालु। रामनगर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र रामलीला जागरण सहित विभिन्न सांस्कृतिक रंगा रंग कार्यक्रम भी आयोजित होगे।नवरात्रि के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को पूजा समितियों की अगुवाई में विद्वान आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा की मूर्तियों को पांडालों में विराजमान किया गया है।नौ दिन देवी मईया के नौ रुपों के लिये भक्तगण समर्पित करते हैं।पहले दिन से दिन प्रति दिन नौ दिनों तक मां के पूजा पाठ में भक्त तल्लीन रहते हैं।कस्बा रामनगर के मोहल्ला कादिराबाद दो रानी बाजार सीहामऊ थल खुर्द गणेशपुर महादेवा जुरौन्डा सहित विभिन्न स्थानों पर पाण्डाल सजाए गए हैं।रानीगंज में हिमालय पर्वत पर मां दुर्गा का भव्य दरबार सजाया गया है।पूर्व प्रमुख ब्रजपाल सिंह ज्ञानू के सहयोग में यहां का जागरण जिले में प्रमुख स्थान रखता है।इसी तरह अमोली कला में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राम कुमार मिश्र के सहयोग से नामवर कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं।नवमी का दिन आते आते मईया का महा उत्सव अपने चरम पर पहूच जाता है।विजय दशमी को दसवें दिन समापन किया जाता है।

प्रशासन की सख्ती के बाद बीमा कंपनी ने फसल बीमा का लाभ देने का दिया आश्वासन

कालपी (जालौन)। किसानों को अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मामले में राहत राशि के साथ मुआवजा भी मिल सकता है। प्रशासन की सख्ती के बाद बीमा कम्पनी ने फसल बीमा का लाभ देने का आश्वासन दिया है। विदित हो कि इस वर्ष क्षेत्र में वर्षा सामान्य से अधिक हुई है जिससे समतल क्षेत्रों में बोई गई खरीफ की फसलों को काफी क्षति पहुंची है। आलम यह है कि खेतों में अभी भी पानी भरा है जिससे रवी की फसलो की बुबाई भी देर से होने की सम्भावना है जिसका असर उत्पादन पर भी पड सकता है। इसके अलावा यमुना और नदियों के तटों पर स्थित खेतों में खडी फसले भी नष्ट हो गई है जिसकी हकीकत क्षेत्रीय प्रशासन के पास भी है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसलों की जानकारी तहसील प्रशासन ने शासन को भेजी थी। उनके अनुसार शासन की ओर से बाढ़ और बारिश में खराब हुई फसलो का डाटा तैयार करने के निर्देश दिए गए है। सूत्रों की मानें तो राहत राशि के रूप में शासन की ओर बजट मिलते है किसानों के खातों मे निर्धारित धन का हस्तान्तरण कर दिया जाएगा तो बीमा कम्पनी को किसानो की क्षतिग्रस्त हुई सम्पूर्ण फसल का मुवाबजा देने

पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

▸ कांग्रेस प्रदेश सचिव ने कृतित्व व व्यक्तित्व से कराया रूबरू

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज के संस्थापक व समाजसेवी सुरेश चंद्र मिश्रा की 16वीं पुण्यतिथि पर प्रबंधक सहित शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धाजलि दी। कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

गुरुवार को नगर के गोमती देवी आदर्श इंटर रामगंज में कांग्रेस प्रदेश सचिव व प्रबंधक विजय मिश्रा ने कहा कि संस्थापक प्रबंधक सुरेश चंद्र मिश्रा ने अपने जीवन काल में हमेशा विद्यालय को उन्नति के शिखर

संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते प्रबंधक विजय मिश्र।

पर पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने विद्यालय व अध्यापकों के हितों के लिए अविस्मरणीय कार्य किए हैं। जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। वह खेल प्रेमी भी थे। वह आसपास क्षेत्र के विद्यालयों के खेलों में रुचि रखने वाले अध्यापकों को विद्यालय प्रांगण में बुलाकर प्रेरित करते थे। इससे पूर्व विद्यालय प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह यादव, सुरेंद्रनाथ मिश्रा, कमलेश कुमार, अतुल मिश्रा, श्रुति मिश्रा, गजेंद्र सिंह यादव, शिवकुमार वर्मा, रामू त्रिपाठी, आर्यन अग्निहोत्री ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धाजलि दी।

नीलू यादव ने कोर्ट में किया सरेंडर कुछ दिन पहले हुई थी रिहाई

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

▸ रिहाई के बाद पुलिस ने कि गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

नवाब रेप कांड में एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर नीलू यादव ने कोर्ट में सरेंडर किया। कन्नौज नवाब रेप कांड के मामले में सह आरोपी नीलू यादव ने करीब एक माह पहले 3 सितंबर को कोर्ट में सरेंडर किया था।

जमानत याचिका पर जमानत मिलने पर करीब 5 दिन पहले रिहा हुए थे। रिहा होने के तुरंत बाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई सम्मिलित कर दी। गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे नीलू यादव को पुलिस तलाश करती रही। पुलिस के हाथ कुछ ना लगा। पुलिस नीलू यादव के करीबियों से पूछताछ करती रही। करीब 5 दिन तलाश करने के बाद नीलू ने खुद अपने आप को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में नवाब सिंह यादव जिला जेल में बंद है। नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में सह आरोपी नीलू यादव एक बार जेल जा चुके हैं। जमानत मिलने पर नीलू रिहा हुए थे। गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के चलते पुलिस तलाश कर रही थी।

नीलू यादव ने गुरुवार दोपहर कोर्ट में हाजिर होकर एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर खुद अपने आप को सरेंडर कर दिया।

डीएम ने विद्युत आपूर्ति को लेकर विभाग को सजगता बरतने के दिए निर्देश

उरई,जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति को लेकर विभाग सजगता बरतें। जिससे कि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विभागीय कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें। इसके अलावा मोंटी करलो एंजेसी द्वारा बार बार निर्देश के बावजूद समयान्तर्गत कार्यो न करने और मात्र 58 प्रतिशत ही प्रगति होने कई मदों में अत्यधिक खराब प्रगति से जर्जर तार न बदलने आदि व कार्यों में शिथिलता बरतने पर उक्त संस्था के विरुद्ध नोटिस जारी कर कार्यवाही के निर्देश अधीक्षण अभियंता बिद्युत को दिये गये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति को लेकर विभाग सजगता बरतें।

नारो भास्कर में चौपाला कुआं के पास महीनों से नहीं हुई सफाई

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

नारोभास्कर में चौपाला कुएं के पास छह माह से सफाई नहीं हुई है। नवरात्र के पर्व पर गंदगी के चलते मोहल्ले के लोगों में रोष है। सफाई न होने पर मोहल्ले के लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। नगर के मोहल्ला नारोभास्कर में चौपाला कुएं के पास लगभग छह माह से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मोहल्ले के विक्रांत यादव, जीतू याज्ञिक, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, रविकांत, अनुज विश्वकर्मा, कल्याण कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, आशा देवी, नीता देवी, सहीदा बानो, अशरफ खान, रईस राइन, ऋषभ सक्सेना आदि ने बताया कि यहां पर पिछले छह माह से नगर पालिका में सफाईकर्मी सफाई नहीं कर रहे हैं। इस समय नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। आरोप लगाया कि नवरात्र के पावन पर्व पर जब सफाईकर्मियों से सफाई की बात कही तो भी सफाई नहीं की गई उल्टा सफाईकर्मी झगड़े को तैयार रहते हैं। नवरात्र के पर्व पर इस रास्ते भक्त महिला पुरुषों का आना जाना रहता है। गंदगी व बदबू से उन्हें परेशानी हो रही है। इसके बाद भी पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। मोहल्ले के लोगों ने ईओ से मांग करते हुए कहा कि इस स्थान की नियमित सफाई तुरंत सफाई कराने के साथ ही नियमित सफाई के लिए सफाईकर्मियों को निर्देशित किया जाए।

रेलवे ट्रैक पर होने वाली घटनाओं पर प्रशासन सक्रिय

▸ जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की गांधी सभागार में की बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि 90 दिवसीय मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अन्तर्गत वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर सप्ताह में एक दिन आयोजन किया जायेगा। जिसमें बीट, पुलिस, लेखपाल, सचिव, रोजगार सेवक, एएनएम, आशा आदि कर्मचारियों की ड्युटी सुनिश्चित की

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी

जाये। उन्होनें प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि महिला कल्याण की बहुत सी योजनायें चल रही है। जिससे महिलाओं को लाभान्वित किया जाये। महिलाओं का आवेदन लेकर पंजीयन कराने के बाद उन्हें लाभान्वित भी करायें। कहा कि जनपद की ऐसी महिलायें जिन्होनें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बहादुरी आदि में अच्छा कार्य किया है उन्हें सम्मानित भी किया जाये। डायल 112 पर अगर कोई व्यक्ति काल व टैक्सट मैसेज या व्हाट्स्प के माध्यम से मैसेज करता है तो भी उसकी सुरक्षा की जायेगी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में 8010 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये थे, जो भी कैमरे मरम्मत योग्य है उन्हें मरम्मत करवाकर संचालित करवायें। कहा कि रेलवे ट्रैक गुरूसहायगंज से कन्नौज के मध्य बसे गांव में टीम बनाकर टीम को सक्रिय किया जायेगा। जिससे ट्रैक पर होने वाले गतिविधियों पर निगरानी रखी जायेगी। अवैध शराब को अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित आदि संबंधित अधिकारी रहे।

दुर्घटनाओं से बचने के लिए, यातायात नियमों का करें पालन

▸ दो ऑटो को क्रेन से यातायात कार्यालय भेज कर क्रेन चार्ज वसूला, तब छोड़ा गया

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां द्वारा लाखन तिराहा और मुन्ना चौराहे पर पहुंच कर वहां पर ड्यूटी में तैनात सभी यातायात पुलिसकर्मियों को वनवे के बारे में ब्रीफ किया गया। वहीं लाखन तिराहे के आसपास दुकानदारों द्वारा रोड पर ही बेंच आदि लगा रखा था। जिसको हटवाया गया। तिर्वा क्रासिंग

बाइक सवार को हिदायत देते यातयात प्रभारी

पर ऑटो टेंपो वाले सड़क पर ही ऑटो टेंपो लगाकर सवारियां भर रहे थे। प्रभारी द्वारा सवारियां न भरने की हिदायत दी गईं।

परंतु कुछ ही देर बाद ऑटो टेंपो चालक वहीं से सवारियां फिर भरते हुए पाए गए। जिस पर दो ऑटो के चालान किए गए। और दो ऑटो को क्रेन से यातायात कार्यालय भेज कर क्रेन चार्ज वसूला गया। तब छोड़ा गया। बस स्टैंड के पास एक बुलेट मोटरसाइकिल से तीन नौजवान आते हुए दिखाई दिए। जिनको यातायात प्रभारी द्वारा रुकवा कर पहले समझाया गया। यातायात प्रभारी द्वारा ध्वनि प्रदूषण और एच एस आर पी नंबर प्लेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

प्रभारी द्वारा मोटरसाइकिल वाले का चालान भी किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा आम जनमानस से अपील की गई। कि यातायात नियमों का पालन करें। और दुर्घटनाओं से बचें।

धनुष यज्ञ के बाद घंटों चला लक्ष्मण-परशुराम के बीच चुटीला संवाद

जालौन (उरई)। नगर की ऐतिहासिक रामलीला के 176 वें मंचन में शिवजी का पिनाक धनुष तोड़कर प्रभु श्रीराम सीता के वर हुए। इस दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। उधर, धनुष यज्ञ के बाद घंटों तक लक्ष्मण और परशुराम के बीच चुटीले संवाद चलते रहे। जिसका दर्शकों ने जमकर आनंद लिया। रामलीला भवन पर रामलीला का ऐतिहासिक 176वां मंचन चल रहा है। मंचन के पांचवे दिन धनुष यज्ञ से परशुराम, लक्ष्मण संवाद तक की लीला का मंचन किया गया। जनकपुर में होने वाले स्वयंवर की खबर सुनकर देश विदेश के राजा व राजकुमार आए। धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने से पूर्व रावण जब जनक के दरबार में पहुंचा, तो उसे भगवान राम के दर्शन हुए। श्रीराम के दर्शन होने के बाद रावण ने उनका परिचय लिया और बिना धनुष तोड़े ही लंका लौट गया।

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा योजना के लिए हुई काउंसिलिंग

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय एवं जिला समन्वयक सुधा जायसवाल के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ के संरक्षण में समग्र शिक्षा के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की द्वितीय कॉउंसलिंग आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत सन्दर्भदाता मदन मोहन वर्मा ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करते हुए उन्हें बतलाया कि आगामी 7 अक्टूबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल तथा 9 अक्टूबर को बनीकोडर बी आर सी पर दिव्यांग बच्चों के पंजीकरण एवं उनके लिए दिव्यांग उपकरण वितरण हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है अतः आप सभी लोग अनिवार्य रूप से कैम्प मे पहुँच कर इसका लाभ उठाये।

इसके साथ ही सभी अभिभावकों को जागरूक किया गया कि वे अपने अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें जिससे उनका समुचित बौद्धिक एवं शैक्षिक विकास हो सके। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में दिव्यांग बच्चों के स्पेशल एजुकेटर सहदेव प्रजापति एवं मनोरमा सिंह कि विशेष भूमिका थी द्य इस अवसर पर अजमत अली,पूनम, कृष्ण कुमार आदि अभिभावक उपस्थित थे।

घर-घर विराजीं मैया, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

▸ शारदीय नवरात्र के पहले दिन विधि विधान से हुई पूजा अर्चना

गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को शारदीय नवरात्र का पहले दिन घर-घर में मैया का पदार्पण हो गया। मां के स्वागत की तैयारी भक्तों ने अपने-अपने प्रकार से की। नगर के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार शहर के प्रमुख देवी मंदिरों को गुरुवार को ही दुल्हन की तरह सजा दिया गया था। भोर होते ही मन्दिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। देवी मूर्तियों का नये वस्त्रों व आभूषणों से श्रंगार किया गया। महाकाल मन्दिर, गुरुगांव देवी मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, मठिया देवी मन्दिर, मां वैष्णो देवी मन्दिर सहित सभी देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। पूजा सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गयी। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में नवरात्र के लिए मन्दिर को तैयार करने की कई दिन पूर्व से तैयारियां चल रही थीं। मन्दिर का रंग-रोगन कर नया लुक दिया गया है। गेट को आकर्षक ढंग से सजाया गया। एक दिन पूर्व से यहां मन्दिर के बाहर दुकानदारों ने डेरा डाल दिया। बुधवार की शाम को सड़क के दोनों ओर चूना डाला गया। मन्दिर व्यवस्थापकों ने पूजा के विशेष इंतजाम किये हैं। गुरुवार को नवरात्र के पहले दिन भोर होते ही दर्शनों के लिए मन्दिर के कपाट खोल दिये गए। बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर व भोलेपुर स्थित मां वैष्णोदेवी मन्दिर में भी मां की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही मन्दिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ऐतिहासिक मन्दिर मठिया देवी में भक्तों ने पूजा अर्चना की तथा प्रसाद चढ़ाया। पूरे दिन देवी के दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही। देवी मूर्तियों के साथ ही राम दरबार की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

घरों में महिलाओं ने कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की। नौ दिनों तक महिलाएं व्रत रखकर मां की आराधना में लीन रहेंगी। पूजा की थाली लिए नंगे पांव महिलाएं मन्दिर की ओर जाती दिखीं। नगर में बज रहे देवी गीत माहौल में आध्यात्म का रंग घोल रहे थे। वहीं मंदिरों के बाहर पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा।

पिता-पुत्रों को पीटने के मामले में चार लोग फंसे

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी सत्यदेव पुत्र स्व0 राम प्रकाश ने गांव के ही रामकृष्ण उर्फ नन्हें, प्रांशु उर्फ लुक्का व राम खिलाड़ी उर्फ संजीव पुत्रगण बाजीलाल तथा श्यामवीर पुत्र मुनईलाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार 1अक्टूबर को समय 3 बजे मेरा पुत्र विनय कुमार दरवाजे के सामने भोले नाथ के मंदिर पर बैठा था कि तभी उपरोक्त सभी आरोपित एक राय होकर आए और उसके साथ बिना बजह गाली-गलौज करने लगे तथा विरोध करने पर मारपीट करने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर मैं व मेरा दूसरा पुत्र अनुज कुमार मौके पर पहुंचा और बचाने की कोशिश की, तो उपरोक्त सभी लोगों ने हम लोगों के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे मेरे दोनों पुत्रों के शरीर पर काफी चोटें आ गईं। उक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए।

पुलिस ने बैंकों की परखी सुरक्षा व्यवस्था

बैंकों में चेकिंग अभियान चलाते थानाध्यक्ष व पुलिस फोर्स

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गयी। इसके अलावा ने बैंक के बाहर खड़ी लावारिश गाड़ियों को कब्जे में लिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा तथा क्षेत्र की अन्य बैंकों में थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें अराजकतत्वों पर पर पुलिस की पैनी नजर रही। कई संदिग्ध खड़े लोगों की तलाशी ली गयी तथा बगैर कार्य बैंक के अंदर रुकने वालों को बाहर का रास्ता पुलिस ने दिखाया। वहीं बैंक के बाहर खड़ी बेतरतीब गाड़ियों को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। इस दौरान कागजात आदि न होने पर कई दुपहिया वाहनों के चालान भी काटे। शाखा प्रबंधकों से सीसीटीवी कैमरों, बैंक के अलार्म आदि भी जानकारी ली गयी कि वह सही से काम कर रहे हैं या नहीं। इस मौके पर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी, दरोगा संतोष कुमार, कांस्टेबिल गणेश शंकर, कांस्टेबिल सौरव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

लेखपालों पर हमले में 12 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।

लेखपालों पर हमले के मामले में पुलिस ने मुकदमे में वांछित 12 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 30.09.2024 को लेखपाल रुद्रप्रताप सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम अजमतपुर थाना मऊदरवाजा जिला फर्रुखाबाद द्वारा थाना नवाबगंज पर अभियुक्तगणों द्वारा एक राय होकर षडयंत्र कर भीड़ को उकसाते हुए लाठी-डंडों व ईंट पत्थरों से जान से मारने की नियत से वादी तथा लेखपाल सौरभ पाण्डेय पर हमला कर देना तथा मारपीट करना एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर सरकारी दस्तावेजों को फाड़ देने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया गया। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 231/2024 धारा-193(1)/115(2)/132/125/241/61(2)/109 बी.एन.एस. बनाम 1. संजेश यादव उर्फ संजू पुत्र रामप्रकाश निवासी उखरा थाना नवाबगंज जिला फर्रुखाबाद आदि 03 नफर व कुछ व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम में दिनांक 03.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. राजीव उर्फ राजेश यादव पुत्र कश्मीर सिंह, 2. राहुल उर्फ आयुष पुत्र राजेश उर्फ राजीव कुमार, 3. संजेश यादव उर्फ संजू पुत्र रामप्रकाश, 4. हाकिम सिंह पुत्र ब्रजपाल सिंह 5. रजनेश उर्फ रतनेश पुत्र द्रगपाल, 6. नन्हें उर्फ अनुज पुत्र रामऔतार सिंह, 7. रामरहीश पुत्र मसाल सिंह, 8. केशराम पुत्र वेदराम, 9. ब्रह्मकिशोर पुत्र फूल सिंह, 10. आशीष कुमार पुत्र जगदीश, 11. अंकुल पुत्र प्रेम सिंह, 12. सुबोध उर्फ आशीष पुत्र ब्रह्मानन्द आदि अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया है।

पंचनामे का कार्यवाही करती पुलिस

सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, मचा कोहराम

संकिसा/कायमगंज, समृद्धि न्यूज। सड़क हादसे में शिक्षक शाहरुख खान की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। करीब 30 वर्षीय शाहरुख खान जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मद शहीद निवासी अशफाक खान का पुत्र था। हाल में वह कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित एसएनएम इन्टर कालेज के पीछे नई कालोनी में रह रहा था। शाहरूख खान जनपद बदायूं विकास खण्ड उसावां के प्राथमिक विद्यालय मोइनुद्दीनपुर में शिक्षक पद पर कार्यरत थे। शिक्षक शाहरुख खान गुरुवार को अपने घर से बाइक द्वारा मोइनुद्दीनपुर विद्यालय जा रहे थे। जब वह मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदुइया पानी टंकी के सामने से गुजर रहे थे उसी समय आगे जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में लोड लोहे के पाइप से शिक्षक का सिर टकरा गया। जिससे वह सड़क किनारे जा गिरे और वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल शिक्षक को एम्बुलेंस से सीएचसी कायमगंज ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। अचरा चौकी इंचार्ज आनंद शर्मा ने मौके पर पंहुचकर घटना की जांच पड़ताल की और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और शाहरुख के शव को देखकर बुरी तरह रोने चिल्लाने लगे। अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ट्रैक्टर ट्राली पुलिस के कब्जे में है।

पंचायत घर की बाउंड्रीबाल का हो रहा घटिया सामग्री से निर्माण कार्य

▸ घटिया पीली ईंट को छुपाने के लिए साथ में हो रहा प्लास्टर

बनायी गयी अमानक बाउंड्रीवाल

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड की ग्राम पंचायत अमलैया आशानंद में पंचायत घर की बाउंड्रीबाल का घटिया सामग्री से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें पीला ईंट से लेकर घटिया सीमेंट तक का प्रयोग किया जा रहा है।

जब घटिया निर्माण के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी की गई, तो ग्रामीणों ने नाम न छापने कि शर्त पर बताया कि बाउंड्री वाल निर्माण में दबंग युवक पुष्पेंद्र द्वारा घटिया पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। घटिया पीली ईंट को छुपाने के लिए साथ ही साथ प्लास्टर भी किया जा रहा है।

जो अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है। जब ग्रामीणों ने घटिया निर्माण पर आपत्ति जताई तो कार्य करवाने वाले व्यक्ति पुष्पेंद्र ने बताया कि तुम लोग खूब बबाल करो मेरा कोई कुछ नहीं उखाड़ पाएगा। उसने बताया कि उसकी पहुंच बहुत ऊपर तक है। ब्लाक के अधिकारी उसकी मुट्ठी में रहते हैं। इसलिए ज्यादा बबाल मत करो। जब इस संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि अभी तक बाउंड्री वाल निर्माण कार्य का न तो एस्टीमेट बना है, न ही बाउंड्रीवाल में लगने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु किसी भी निविदा का प्रकाशन कराया गया है। वहीं कुछ लोगों ने दबी जुबान बताया है कि निर्माण कराने वाला युवक पुष्पेंद्र सत्ता पक्ष से जुड़े एक नेता का गुर्गा है। जिसकी धौंस में वह यह अमानक निर्माण कार्य करवा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि उपरोक्त अमानकपूर्ण निर्माण कार्य की जांच कराकर निर्माण कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

वहीं जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव अरुण यादव से घटिया निर्माण को लेकर जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। जब सचिव से इस्टीमेट के संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि अभी उन्हे लागत की जानकारी नहीं है। घर जाकर देख कर बता पायेंगे।

डीएपी खाद को तरस रहे किसान, सरकारी दावे हवा हवाई

साधन सहकारी समिति बेला सरायगजा में पसरा सन्नाटा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

एक तरफ योगी सरकार जहां किसानों को खाद संबंधी कोई समस्या ना हो इसके लिए रात दिन एक कर संसाधन व व्यवस्था उपलब्ध करवा रही है, तो वहीं नीचे बैठे लोग कुछ लोग अपने को खुदा समझ आम जनमानस को परेशान करने का कोई भी मौका खाली नहीं जाने दे रहे हैं।

सरकार द्वारा सहकारी समितियां को इसलिए खाद उपलब्ध करवाई जाती है कि किसी भी किसान को खाद संबंधित कोई समस्या उत्पन्न ना हो, लेकिन जिले में सहकारी समितियों में इस समय डीएपी खाद का टोटा है, जो कहीं न कहीं शासन और प्रशासन के हवा हवाई दावों की पोल खोल रहा है। किसान रोज सहकारी समितियों के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो चुका है, लेकिन डीएपी खाद उसे नसीब नहीं हो पा रही है। एक तरफउच्चाधिकारियों का कहना है कि डीएपी खाद की जिले में कोई किल्लत नहीं है। अगर उच्चाधिकारियों की मानी जाए तो खाद की कोई किल्लत नहीं है, तो फिर किसान परेशान क्यों है। किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध क्यों नहीं हो पा रही है।

वहीं खाद लेने आए सहकारी समिति पर कुछ किसानों से वार्ता के दौरान पता लगा कि वह कई दिनों से सहकारी समिति के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके हैं, लेकिन सचिव के द्वारा उन्हें बार-बार बताया जा रहा है कि डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। वहीं क्षेत्रिय किसानों ने बताया कि इस समय शमशाबाद, चिलसरा, बेला सराय गजा, नगला नान सहकारी समितियों पर एनपीके खाद उपल्ब्ध है जो कि समिति के सचिवों द्वारा अपने कुछ खास चुनिंदा लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है आम किसानों को नहीं। यदि किसी किसान को एनपीके खाद दी भी जाती है।

तो एक बोरी खाद के साथ जिंक का पैकेट जिसकी कीमत 495 रूपये अतिरिक्त वसूल की जा रही है। यदि कोई किसान जिंक का पैकेट लेने से इनकार करता है या पैसे की समस्या का हवाला देता है तो उसको एनपीके खाद नहीं दी जाती है और भगा दिया जाता है। वहीं कुछ किसानों ने बताया है कि उनके द्वारा जैसे तैसे जोड़.तोड़कर खाद की बोरी के लिए पैसे इकट्ठे किए गए हैं, लेकिन सहकारी समितियों के सचिवों की मनमानी की वजह से 495 रूपये कीमत की जिंक का थैला अतिरिक्त उसके साथ में लगाया जा रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं कुछ किसानों ने बताया कि यदि किसी प्राइवेट दुकान पर खाद मिल भी जाती है तो वहां पर एक बोरी डीएपी की कीमत 1600 रूपये से लेकर 1700 रूपये तक ली जाती है। जिससे किसान काफी परेशान है।

डीएपी खाद उपलब्ध न हो पाने की वजह से आलू की गढ़ाई में काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैंष जिससे किसान काफी चिंतित व आक्रोशित है। किसानों ने जिले के आला अधिकारियों से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द खाद्य उपलब्ध करवाई जाए। जिससे कि उनका आलू गड़ाई का कार्य पूर्ण हो सके।

वांछित अभियुक्तगण तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

जहानगंज, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित दो वांछित अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार वादी सुरेंद्र सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी गड़ाखेड़ा थाना जहानगंज (प्रधान पति ग्राम सितौली) द्वारा थाना हाजा पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 30.09.2024 को समय सुबह करीब 8 बजे ग्राम कन्तला में चकरोड पर मनरेगा मजदूरों से मिट्टी का कार्य कराया जा रहा था, तभी ग्राम कन्तला के कुलदीप व बेला प्रताप उर्फ मुन्ना पुत्रगण धनपाल निवासीगण ग्राम कन्तला थाना जहानगंज द्वारा गाली-गलौज देते हुए मारपीट पर आमादा तथा बेला प्रताप उर्फ मुन्ना द्वारा जान से मारने की नियत से फायर करना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 188/24 धारा-351(3)/ 131/ 352/ 109(1) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया है। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 03.10.2024 को वांछित अभियुक्त 1. कुलदीप पुत्र धनपाल, 2. बेला प्रताप उर्फ मुन्ना पुत्र धनपाल नवासीगण ग्राम कन्तला थाना जहानगंज को कन्तला तिराहा थाना जहानगंज के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगणों की निशानदेही पर एक तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। बरामगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

जिला कारागार में भी सजाया गया मां दुर्गा का पंडाल

मां दुर्गा की मूर्ति विराजमान कर पूजा अर्चना करते जेल अधीक्षक व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने जेल में कैदियों के लिए नवरात्रि में नौ दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए पंडाल सजाया है। जिस में आज पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गा की मूर्ति विराजमान की गई।

जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने मां दुर्गा की प्रथम आरती कर नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रे की पूजा अर्चना कर आरंभ किया। उपकारापाल सरोज देवी और कृष्णा कुमार द्वारा मां दुर्गा का संपूर्ण श्रृंगार किया गया। उपकारापाल वैभव कुशवाह ने पूजा अर्चना की। कारागार में 200 पुरुष बंदियों और 15 महिला बंदियों द्वारा व्रत रखे गए है। जेल प्रशासन की तरफ से उन्हें व्रत रखने पर पूर्ण सहयोग किया जा रहा है। व्रत खोलने के लिए 750 ग्राम उबला आलू, 500 ग्राम दूध, 60 ग्राम चीनी और फलाहार के लिए दो केला प्रदान किए जा रहे। बंदियों के परिवारीजन जो जेल पर मिलने आते है उनके लिए भी पूजा पाठ की व्यवस्था की गई। उन्हें प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने सभी बंदियों और उनके परिवारजनों को शारदीय नवरात्रि की बधाई दी।

खाकी ने भक्तों की आस्था को पहुंचायी ठेस

▸ पांडाल में मां की मूर्ति स्थापित करने से रोका

▸ एसआईयू की रिपोर्ट पर सीओ ने की कार्यवाही

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

नवरात्रि पर नवदुर्गा पांडाल लगाकर मां की मूर्ति को विराजमान कर रहे भक्तों को उस समय मायूसी हाथ लगी, जब मोहम्मदाबाद सीओ ने पहुंचकर मां की मूर्ति स्थापना करने से रोक दिया। जिससे भक्तों में पुलिस के प्रति काफी गुस्सा देखा गया।

जानकारी के अनुसार आज से शुरु हुए नवरात्रि पर कई जगह भक्तों ने पांडाल लगाकर मां दुर्गा की मूर्ति को विराजमान किया है और नौ दिनों तक उनकी पूजा अर्चना की जायेगी। इसी क्रम में कस्बे में संकिसा रोड पर स्थित गामा देवी मंदिर में 7 दिन के लिए भजन कीर्तन के साथ जागरण तथा लीलाएं होती है। पिछले 11 वर्षों से ये कार्य निरंतर किया जा रहा ह। एसडीएम की परमिशन के बाद ही धार्मिक कार्य किया जाता है। समिति के अध्यक्ष सन्नी चौधरी ने बताया पिछले कई वर्षों से ये कार्य शांति पूर्ण संपन्न किया जाता है। मंदिर के किनारे लगे टेंट की शिकायत एलआईयू द्वारा भेजी गई की देवी प्रोग्राम का टेंट सड़क पर लगाया गया है।

उसको सड़क पर लगे टेंट को हटाने के लिए कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला, क्राइम प्रभारी लक्ष्मी नारायण तथा कस्बा इंचार्च महेंद्र सिंह, एसआई आशू यादव, एसआई सूर्य प्रकाश उपाध्याय, मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा टेंट को सड़क से हटवा दिया।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया की रोड पर सिर्फ गमा देवी मंदिर का पंडाल था उसे रोड से हटवा दिया गया। मौके पर पहुंचे सीओ अरुण कुमार ने मौके का निरीक्षण किया और देवी जागरण के कार्यक्रम में सीसीटीवी कैमरे तथा बैरीकेटिंग करवाने के निर्देश दिए। भक्तों का कहना था कि वह पुलिस की गाइडलाइन के अनुसार धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे, इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें धार्मिक कार्यक्रम करने से रोक दिया। जिससे उनकी भावनाओं को काफी ठेस पहुंची है। भक्तों ने मां दुर्गा से क्षमा याचना की और कहा कि ऐसे पुलिसकर्मियों को मां सद्बुद्धि दे।

पांचाल में भक्तों को मूर्ति स्थापित करने से रोकते सीओ व मौजूद पुलिस

जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह द्वारा प्रधानाचार्य लेफ्ट0 गिरिजाशंकर को संयोजक नियुक्त किया गया था। जिसके अनुपालन में एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा 67वीं जनपद स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने एनसीसी कैडेट्स तथा खिलाड़ियों की सलामी लेकर किया। मुख्य अतिथि के आगमन पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, संयोजक ले0 गिरजा शंकर, सह संयोजक कै0 बलविंदर सिंह तथा सह संयोजक डॉ0 नीतू मसीह ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता तीन चलेगी। 5 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतियोगिता का समापन होना है। डीएम ने सभी खिलाड़ियों को मेहनत से प्रतिभाग करने तथा अपने देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। डीएम के समक्ष 800 मीटर सीनियर वर्ग बालक की दौड़ करायी गयी। जिसमें प्रथम सुशील, द्वितीय राहुल, तृतीय श्याम राजपूत रहे। सीनियर बालिका वर्ग में 800 मीटर दौड़ में मोनी प्रथम, द्वितीय शीतल रही। 200 मीटर सीनियर बालिका वर्ग दौड़ में प्रथम रमादेवी, द्वितीय सोनी रही। गोला फेंक सीनियर बालिका वर्म में प्रथम रागिनी, द्वितीय बिसन देवी रही। 1500मीटर प्रतिष्पर्धा में सीनियर बालिका व सीनियर बालक वर्ग प्रथम जूली, द्वितीय दीपांशी, प्रतिस्पर्धा-प्रथम.सुशील, द्वितीय श्याम राजपूत रहे। गोला फेंक सीनियर बालक वर्ग में प्रथम ब्रजेश कुमार, द्वितीय मिथुन रह। सब जूनियर प्रतिस्पर्धा में प्रथम नैन्सी, द्वितीय रागिनी रही। डिस्कस थ्रो सब जू0 बालिका वर्ग में प्रथम सृष्टि, द्वितीय नव्या रही।

संचालन प्रवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी व डॉ. यशवंत सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में प्रमुख रूप से जिला क्रीड़ा सचिव अतुलदास, देवेंद्र कुमार, केशव गंगवार, सतेंद्र सिंह, रजनीश शिवा, सुब्रत शाक्य, आरती यादव, ऋतु मिश्रा, नेहा भारद्वाज, अतुल, सुनील पाल, राहुल यादव, राकेश आदि ने निभाई।

लेखाविभाग में प्रमुख प्रभारी मयंक रस्तोगी, प्रदीप जयसवाल, अमिताभ सिंह, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, संजीव चौहान, शैलेन्द्र कुमार रहे। मा0शि0सं0 के जिलाध्यक्ष लाला राम दुबे, जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी तथा प्रधानाचार्यों में मुख्य रूप से संतोष कुमार त्रिपाठी, अनिल सिंह, दिनेश कुमार वर्मा, कंवेंद्र सिंह, योगेश तिवारी, सुमन त्रिपाठी, शिव ओम द्विवेदी, राकेश गुप्ता के अलावा शैलेन्द्र यादव, इंद्रा राठौर व मीडिया प्रभारी संतोष दुबे, निशीत सक्सेना, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, सतेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

मार्च पास्ट के दौरान सलामी लेते जिलाधिकारी

प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराते डीएम मौजूद गिरिजा शंकर व अन्य

सपा का प्रतिनिधि मण्डल पीड़ितों के हालचाल लेने जायेगा फतेहुल्लाहपुर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने भोजपुर विधानसभा के ग्राम फतेहुल्लाहपुर ब्लाक कमालगंज में प्रशासन द्वारा बुलडोजर से लगभग आठ मकान तोड़ दिये गये। जिसकी जानकारी पाकर पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए सपा का प्रतिनिधि मण्डल 4 अक्टूबर को फतेहुल्लाहपुर पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल में जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, कायमगंज विधानसभा प्रभारी सर्वेश अम्बेडकर, अमृतपुर विधानसभा प्रभारी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, भोजपुर विधानसभा प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव प्रतिनिधि मण्डल में शामिल है, जो ग्राम फतेहुल्लाहपुर पहुंचकर पीड़ितों से हालचाल लेगें।

भाविप पांचाल शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा गुरुवार को मदनमोहन कनोडिया जूनियर हाईस्कूल में भारत को जानो मौखिक परीक्षा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सफ्फड़, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी रही। मदनमोहन कनोडिया इण्टर कॉलेज, जूनियर हाईस्कूल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सेनापति, सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर, एनएकेपी इण्टर कालेज ने प्रतिभाग किया। समूह गान प्रतियोगिता में मदनमोहन कनोडिया इण्टर कालेज, सरस्वती बालिका विद्या इण्टर कालेज सेनापति, एनएकेपी इण्टर कालेज, रामानंद बालिका इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्याम नगर की टीम ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में नीरज शुक्ला, श्रद्धा तिवारी, निशि यादव रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन, सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनुपम पुरवार, अतुल रस्तोगी, आलोक गुप्ता, शिवम गुप्ता, अजय अग्रवाल, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव, योगेश कुमार वर्मा, आयुष गुप्ता, डॉ0 सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, संजीव बाथम, तुषार अग्रवाल, नमन गर्ग, पूनम जैन, मुक्ता रस्तोगी, रीता दुबे, आशा वर्मा, रचना वर्मा, प्रेरणा सक्सेना, राखी शाक्य, आरके वर्मा, संजीव वर्मा मौजूद रहे, साथ ही बच्चों को जलपान कराया गया। आभार अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने व्यक्त किया। संचालन आलोक गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन देख श्रोता हुए रोमांचित

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

पौराणिक नगरी कंपिल में चल रही रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। जिसमें भगवान श्रीराम ने शिव के धनुष को तोड़ दिया और इसके बाद मां सीता ने उनके गले में वरमाला डाल दी। धनुष टूटने का समाचार मिलने के बाद गुस्साए परशुराम का लक्ष्मण के साथ हुआ संवाद सुनकर दर्शक आनंदित हुए।

कस्बे में आयोजित हो रही राम लीला के प्रसंग में गुरुवार को मिथिला के राजा जनक अपनी पुत्री सीता के ब्याह के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें मुनि विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण पहुंचे। कई राज्यों के बड़े-बड़े वीर योद्धा राजकुमार भी समारोह में मौजूद होते हैं। राजा जनक की शर्त के अनुसार सभी राजा शिवजी का धनुष तोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन कोई भी तोड़ना तो दूर धनुष को उठा भी नहीं पाता। इससे राजा जनक मायूस हो जाते हैं। इस पर राजा जनक कहते हैं कि लगता है कि यह धरती वीरों से खाली हो गई है। राजा जनक की यह बात लक्ष्मण जी को काफी नागवार लगती है। वह राजा जनक से कुछ कहने को होते हैं, लेकिन भगवान श्रीराम उन्हें शांत होने का इशारा कर देते हैं। राजा जनक की मायूसी देखकर ऋषि विश्वामित्र के इशारा करने पर भगवान श्रीराम शिवजी के धनुष को उठाकर तोड़ देते हैं। शिव धनुष टूटने का समाचार मिलने के बाद भगवान परशुराम स्वयंवर में पहुंचे और क्रोधित होकर कहने लगे जिसने इस धनुष को भंग किया वह सभा से बाहर हो जाये अन्यथा उपस्थित सभी राजा मारे जायेंगे। इतना सुनने के बाद लक्ष्मण आग बबूला हो गये और दोनों के बीच हुये तर्कपूर्ण संवाद को सुनकर बैठे दर्शक आनंदित हुये। भगवान राम के क्षमा मांगने के बाद परशुराम का क्रोध शांत हुआ और वह तपस्या करने के लिए पर्वत की ओर चले गए। इसके बाद माता सीता भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती हैं। पूरी जनकपुरी में खुशी का माहौल बन जाता है। यहीं पर लीला का समापन हो जाता है। लीला को आगरा से आये कलाकारों ने सजीव रूप प्रदान किया।

धनुष यज्ञ की लीला के दौरान मौजूद राम, सीता, लक्ष्मण के स्वरूप

लीला को आगरा से आये कलाकारों ने सजीव रूप प्रदान किया

गांधी व शास्त्री जयंती पर भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में प्रतियोगितायें हुई आयोजित

▸ छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में गांधी व शास्त्री जयंती पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने तिरंगा फहराया और झण्डे को सलामी के साथ राष्ट्रगान हुआ। प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संचालन डा0 संजीव त्रिवेदी ने किया। उन्होंने गांधी व शास्त्री के जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने गांधी को आदर्श, त्याग, सत्य के अनुश्रवण पर बल दिया। वीरकांत अग्निहोत्री ने सत्य अंहिसा को परिभाषित करते हुए गांधी जी के योगदान पर छात्रों के बीच भाषण, वाद-विवाद व कविता पाठ पर प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता प्रभारी अखिलेश कुमार पाण्डेय, निर्णायक की भूमिका अविलास शंखवार ने निभाई। निशांत यादव ने वाद-विवाद प्रतियोगिता करायी। जिसमें अनुरोध प्रथम, देवांश दीक्षित द्वितीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में नमन भारद्वाज प्रथम, नैतिक द्वितीय, आर्यन गुप्ता तृतीय रहे। उवैस अंसारी व मोहम्मद खुर्शीद, अंजुम सक्सेना, अतुल कुमार को सांत्वना पुरुस्कार मिला। इस मौके पर शिक्षक रामचन्द्र कुरील, जगवीर सिंह, डॉ. बृजमोहन, देवेन्द्र पाठक, पुष्पेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार, समरेन्द्र शुक्ल, अंकुर त्रिपाठी, नितिन यादव, देवाशीष पाठक, बच्चू लाल, संघप्रिय गौतम, दिलीप सिंह, संजय गिरी, नेमा देवी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व प्रमाण पत्र के साथ छात्र

काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर भीड़ जुटाने की बनी रणनीति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के निर्देशानुसार कानपुर मण्डल के मुख्य सेक्टर प्रभारी मुकेश कठेरिया ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। 9 अक्टूबर को होने वाले मान्यवर काशीराम के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में चारों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाये। निजी वाहनों के अलावा लोग अन्य सुविधा अनुसार कार्यक्रम में पहुंचे। मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, जिला प्रभारी रामरतन गौतम व जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने विचार व्यक्त किये और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की लोगों से अपील की। इस मौके पर जिला प्रभारी सूर्यप्रताप, दुर्गा प्रसाद, सब्बीर मंसूरी, शादाब सिद्दीकी, राजेश कठेरिया, प्रेम सागर दिवाकर, अजय भारती, राजू शंखवार, उपेन्द्र लोधी, अखिलेश भास्कर, देवेश नारायण गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद बसपा नेता

दबंगों ने दरवाजे के सामने युवक को पीटा

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गाँव मोहद्दीनपुर निवासी पूर्व सैनिक सुरेंद्र शर्मा मंगलवार को देर शाम कायमगंज दुकान से वापस घर आ रहे थे। गाँव के ही रमेश चंद्र यादव उर्फ बाबा, अवनीश, श्याम सिंह यादव ने अपने दरवाजे के सामने रोककर गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारपीट की। तीनों युवक सुरेंद्र को घर में खींचने का प्रयास करने लगे। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोगों के आने पर सुरेंद्र जान बचाकर भाग निकला। सुरेंद्र की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चोरी के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज। कस्बे के कटिया रोड निवासी रवि पाठक की घर से चंद कदम की दुरी पर बैल्डिंग मैटिरियल की दुकान है। मंगलवार रात कस्बे का एक युवक बॉउंड्री बाल फांदकर अंदर दाखिल हो गया और लोहे की दो निहाई चुरा ले गया। सुबह दुकान खोलने आये रवि को निहाई गायब मिली। दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कस्बे की पानी की टंकी निवासी वारिस निहाई ले जाता हुआ दिखाई दिया। रवि की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसडीएम के आश्वासन पर किसानों ने देर रात धरना किया समाप्त

▸ जगह का सीमांकन न होने पर भाकियू ने दिया था धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांगों को लेकर धरना दिया और समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। देर रात एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि ग्राम झसी परगना भोजपुर तहसील सदर के अन्तर्गत न्यायालय उप जिलाधिकारी के न्यायालय में सीमांकन हेतु गाटा संख्या 803 केदार बनाम केतकी देवी आदि धारा 24 राजस्व संहिता का दायर है। 14 मार्च को न्यायालय द्वारा सीमांकन हेतु आदेश पारित किया जा चुका है। सीमांकन अधिकारी द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है। भरोसा दिलाया गया कि कार्यवाही की जायेगी, उसके उपरान्त लेखपाल व काननू-गो आये दिन कोर्ट द्वारा आदेश व उसके तहत जमीन नहीं मापी है और उन्होंने आपत्ति जतायी कि कोर्ट का आदेश गलत है।

बार-बार कहने पर बताया कि पूरी जमीन नाप दी गई है। लेखपाल व कानून-गो पर विपक्षीगणों से सांठगांठ कर रुपये लेने का आरोप लगाया गया। देर रात एसडीएम के आश्वसन पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष उदयभान सिंह, तहसील अध्यक्ष दीपक शर्मा, श्यामवीर शाक्य, श्रीकांत, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र कुमार, घुरई लाल, राधेश्याम, शिवा, अंशू, शिवांक आदि लोग मौजूद रहे।

धरने पर बैठे भाकियू नेता

हवन पूजन करते भक्तगण

हवन पूजन के साथ हुई मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हवन पूजन के साथ मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई। फतेहगढ़ में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर मूर्ति स्थापना व यज्ञ पूजन तथा भक्तों ने विधि विधान से पूजन किया और यज्ञ के साथ मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की। नव दुर्गा महोत्सव धर्मार्थ आयोजन समिति फतेहगढ़ के अध्यक्ष राहुल परमार ने व्यवस्था देखी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन यज्ञ हुआ और प्रसाद वितरण किया गया। राघवेन्द्र सिंह परमार रामू व राहुल परमार ने पूजन किया। इस मौके पर सभासद अनिल तिवारी, अवनीश यादव, राजा वैर्ष्णेय, रितेश प्रजापति, सचिन सक्सेना, गौरव सक्सेना, शिवम राजपूत, अनिल राजपूत, शशांक राजपूत, गौरव राजपूत, मोहित राजपूत मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत वाहनों में लगे रिफ्लेक्टिव टेप की गई सघन चेकिंग

▸ ट्रैक्टर ट्राली में लगवाए गए रिफ्लेक्टिव टेप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे दिन एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा एआरटीओ कार्यालय पर परिवहन यानों में लगाए गए रिफ्लेक्टिव टेप की सघन चेकिंग की गई। जिन वाहनों में टेप नहीं लगे हुए थे। ऐसे 45 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए तथा यह भी सुनिश्चित किया गया कि रिफ्लेक्टिव टेप लगे बिना वाहनों का परिवहन विभाग से संबंधित कार्य ना किया जाए।

यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत की टीम द्वारा मोहम्मदाबाद तथा जहानगंज रोड पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। टेप ना लगे होने की स्थिति में दो वाहनों के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त 22 ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए तथा चालकों को रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने पर सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा के बारे में अवगत कराया गया। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार यदि किसी परिवहन यान पर रिफ्लेक्टिव टीम नहीं लगा हुआ होता है तो उस पर रुपए 10 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया जाता है।

ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाते अधिकारी

लेखपाल संघ थानाध्यक्ष बलराज भाटी को हटाने की मांग को लेकर अड़े

▸ तीसरे दिन धरना जारी, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

साथी लेखपालों पर हुए जानलेवा हमले एवं मारपीट के मामले में जिले के आक्रोशित लेखपालों ने कामबंद कर धरना प्रदर्शन कर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

तीसरे दिन लेखपाल संघ के बैनर तले तीनों तहसीलों के लेखपालों ने अध्यक्ष अजीत द्विवेदी के नेतृत्व में तहसील सदर में एकत्र हुए और धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। लेखपाल संघ ने अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को अपनी मांगों के समाधान हेतु ज्ञापन भी सौंपा। लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष अजीत द्विवेदी ने कहा कि लेखपाल संघ पूरे मामले की जमकर निंदा करता है और संबंधित दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं मामले में पुलिस की निष्क्रियता व उच्चाधिकारियों की अदूरदर्शिता सामने आई है हम सभी लेखापाल अपनी मांगों के समाधान के लिए धरने पर है। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को दिए ज्ञापन में मांग की गई कि घटना स्थल पर मौजूद थानाध्यक्ष नवाबगंज बलराज भाटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं उपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। घटना में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उखरा गांव में ग्राम सभा की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए। शासनादेश के अनुसार लेखपालों को शास्त्र लाइसेंस जारी किए जाए एवं लेखपालों के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्यवाही न की जाए। मामले के संबंध में राजस्व निरीक्षक सैदमीर खान ने समर्थन दिया व संयुक्त राज्य कर्मचारी महासंघ के कर्मचारी प्रमोद दीक्षित ने कार्यवाही की मांग कर समर्थन दिया। इस अवसर पर प्रवीण सनातनी, अभय त्रिवेदी, अतुल कुमार, अजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

एडीएम को ज्ञापन सौंपते अध्यक्ष अजीत द्विवेदी व मौजूद लेखपाल

देश को तोड़ने का काम कर रही है भाजपा : राहुल

एजेंसी

हरियाणा-नूह। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज नूह में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमने कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा निकाली और जहां भी बीजेपी ने नफ़रत का बाज़ार खोला, हमने मोहब्बत की दुकान खोलीं। उन्होंने दावा किया कि हम प्यार और एकता की बात करते हैं, वे नफरत फैलाते हैं और देश को तोड़ने की कोशिश करते हैं। राहुल ने दावा किया कि बीजेपी और आरएसएस संविधान को नष्ट कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस एक वैचारिक युद्ध लड़ रही है। एक तरफ संविधान को नष्ट करने की विचारधारा है, दूसरी तरफ संविधान की विचारधारा है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि मैं अमेरिका में हरियाणा के कुछ युवाओं से मिला, वे मुझसे अपनी समस्याएं साझा करना चाहते थे। उन्होंने मुझे बताया कि वे अमेरिका इसलिए आए क्योंकि हमें हरियाणा में नौकरी नहीं मिल सकती। हरियाणा में बेरोजगारी और महंगाई है और हमें नौकरियां नहीं मिल रही हैं। वे 50 लाख रुपये का कर्ज लेकर अमेरिका आये थे।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। पीएम मोदी अपने भाषणों में यह नहीं बता सकते कि उन्होंने हरियाणा को बेरोजगारी की सूची में शीर्ष पर कैसे पहुंचाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पीएम मोदी अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। उन्होंने 20-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। पीएम मोदी ने हरियाणा के किसानों, मजदूरों और गरीबों का कितना कर्ज माफ किया? उन्होंने कहा कि हमें बेरोजगारी और महंगाई का हरियाणा नहीं चाहिए। हमें प्रगति का हरियाणा चाहिए। राहुल ने कहा कि हरियाणा में छोटी-छोटी पार्टियां घूम रही हैं। ये भाजपा की बी टीम हैं। इनको आप समर्थन मत दीजिए। आप कांग्रेस पार्टी को अपना वोट दीजिए और भाजपा की सरकार को हटाने का काम कीजिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शेर और शेरनियां विचारधारा की लड़ाई लड़ते हैं। आप नफरत को मोहब्बत से काटते हैं, इसलिए मैं आपको दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं। आप मुझे शक्ति देते हैं, इसलिए मैं किसी से नहीं डरता हूं। कांग्रेस पार्टी का चिह्न अभय मुद्रा है, जो कहता है- डरो मत।

राहुल गांधी विभाजन की राजनीति कर रहे हैं : एएनएस प्रसाद

चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने अपने एक परिवार के लिए गांधी के नाम पर एकाधिकार कर लिया है। विशेष रूप से विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो गलत सूचना और विभाजनकारी विचारधाराओं को फैला रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता कमजोर होती है। महात्मा गांधी सोनिया परिवार और कांग्रेस पार्टी को झूठ फैलाने के लिए कभी माफ नहीं करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की और उन पर विभाजनकारी विचारधारा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कि यह भारत के लिए हानिकारक है। महात्मा गांधी ने अपना जीवन भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया, इस प्रक्रिया में कई लोगों का मार्गदर्शन किया। अब कांग्रेस ने अपने एक परिवार के लिए गांधी के नाम पर एकाधिकार कर लिया है। प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से महात्मा गांधी के सपने को साकार करने की दिशा में लगन से काम कर रही है। स्वतंत्र भारत के लिए महात्मा गांधी का सपना समानता, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण के स्तंभों पर आधारित था। केन्द्र सरकार कई पहलों के माध्यम से इस सपने को हासिल करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना ने बैंकिंग सेवाओं को बिना बैंक वाले गरीबों के दरवाजे तक पहुंचाया है, जिससे उन्हें वित्तीय समावेशन और सुरक्षा मिली है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे उद्यमियों और व्यवसायों को ऋण तक पहुंचने में सक्षम बनाया है, जिसका नतीजा है कि आज उद्यमशीलता और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने पूरे भारत में सफाई और स्वच्छता में क्रांति ला दी है, जिससे लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

नेपाल में फिर हो रही भारी बारिश, बागमती व कोशी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

▸ मौसम विभाग ने नदियों उच्च सतर्कता बरतने का किया अनुरोध

एजेंसी

काठमांडू। पिछले हफ्ते ही हुई लगातार बारिश के कारण भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण लोगों का जनजीवन अभी पटरी पर लौटा भी नहीं था कि बीती रात से दोबारा बारिश शुरू हो गई है। पूर्वी तथा मध्य नेपाल में लगातार बारिश होने से कोशी और बागमती नदी का जलस्तर फिर बढ़ने लगा है और यह खतरे के निशान के करीब पहुंचने लगा है।

नेपाल के जल एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार वर्तमान में कोशी, बागमती और गंडकी प्रांतों के कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है जबकि कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश हो रही है। विभाग ने कहा कि देश के अन्य स्थानों पर मौसम आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और साफ रहेंगे। पिछले 6 घंटों में पूर्वी नेपाल के भारतीय सीमा एस जुड़े इलाम, झापा, मोरंग और सुनसरी में काफी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने उनके आसपास बहने वाली नदियों बाढ़ आने की चेतावनी देते हुए उच्च सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। इसी तरह पूर्वी नेपाल के पहाड़ी जिला पाँचथर, तेह्रथुम, दोलखा, सिन्धुपाल्चोक, काठमांडू, ललितपुर, भक्तपुर, काभ्रेपलाञ्चोक जिला में बहने वाली नदियों में आकस्मिक बाढ आने का पूर्वानुमान किया गया है। विभाग ने इन क्षेत्रों में उच्च सतर्कता अपनाने की अपील की गई है। विभाग के मुताबिक आज दोपहर बाद कोशी और बागमती प्रांतों के एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। कोशी क्षेत्र के तराई इलाके के कुछ स्थानों पर हवा और तूफान के भी आने की भी आशंका है। विभाग ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि कोशी, मधेश, बागमती, गंडकी और लुंबिनी प्रांतों में कुछ स्थानों पर और शेष प्रांतों में एक या दो स्थानों पर गरज/बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

श्रीलंकाई स्पिनर जयविक्रमा पर लगा एक साल का प्रतिबंध

▸ आईसीसी ने जयविक्रमा पर संहिता के दो उल्लंघनों का आरोप लगाया

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर एक वर्ष के लिए सभी प्रकार के क्रिकेट से प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें से अंतिम छह महीने निलंबित हैं, क्योंकि उन्होंने वैश्विक संस्था की भ्रष्टाचार रोधी संहिता का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की है। अगस्त में आईसीसी ने जयविक्रमा पर संहिता के दो उल्लंघनों का आरोप लगाया।

उन्होंने अनुच्छेद 2.4.7 का उल्लंघन करना स्वीकार किया है, जो एसीयू [भ्रष्टाचार निरोधक इकाई] द्वारा की जा रही किसी भी जांच में बाधा डालना या देरी करना, जिसमें किसी भी दस्तावेज या अन्य जानकारी को छिपाना, छेड़छाड़ करना या नष्ट करना शामिल है जो उस जांच के लिए प्रासंगिक हो सकती है और/या जो सबूत हो सकती है या भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण के सबूत की खोज का कारण बन सकती है, से संबंधित है।

आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, ये आरोप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से संबंधित हैं। अप्रैल 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले जयविक्रमा ने पांच टेस्ट, पांच वनडे और पांच टी20 मैच खेले हैं। श्रीलंका के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में था। एलपीएल 2021 में, जयविक्रमा जाफना किंग्स की टीम का हिस्सा थे जिसने अपना दूसरा खिताब जीता। उन्होंने उस सीजन में एक मैच खेला था, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए थे। एलपीएल 2024 में, वह दांबुला सिक्सर्स के लिए खेले।

पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस नेता अजहरुद्दीन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने तलब किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के वित्तीय घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता मोह?मद अजहरुद्दीन को तलब किया है। ईडी ने उन्?हें गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। वे एचसीए के अध्यक्ष रह चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता मोह?मद अजहरुद्दीन को वित?तीय घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने कांग्रेस नेता को यह पहला समन जारी किया है, जिसके तहत उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होना है। पूर्व क्रिकेटर पर अपने कार्यकाल के दौरान धन की हेराफेरी का आरोप है। यह हैदराबाद के उप्पल में राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम के लिए डीजल जनरेटर, अग्निशमन प्रणाली और छतरियों की खरीद के लिए आवंटित 20 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी से जुड़ा मामला है। अजहरुद्दीन सितंबर 2019 में एचसीए अध्यक्ष चुने गए थे। एपेक्स काउंसिल के फंड की हेराफेरी के आरोप में एक्शन लेने के बाद जून 2021 में उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा था।

नई दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूरोपीय आयुक्त जोहानिस हैन के नेतृत्व में यहां आये यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

खबरें एक नजर में

पूर्व सांसद अशोक तंवर ने छोड़ी भाजपा, कांग्रेस में शामिल

नारनौल। हरियाणा विधानसभा के मतदान से ठीक दो दिन पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद अशोक तंवर गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। तंवर को महेंद्रगढ़ में आयोजित विजय संकल्प रैली के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी में शामिल करवाया। अशोक तंवर ने मात्र 17 वर्ष की आयु में अपने सियासी करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। वह 2003 में कांग्रेस पार्टी के एनएसयूआई और 2005 में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। यूथ कांग्रेस में उन्होंने राहुल गांधी के साथ काम किया। फरवरी 2014 में अशोक तंवर को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 से पहले टिकट बंटवारे से नाराज होकर अशोक तंवर ने 5 अक्टूबर 2019 को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अशोक तंवर 4 अप्रैल 2022 को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे, लेकिन मात्र 22 महीने पार्टी में रहने के बाद उन्होंने आप से इस्तीफा दे दिया। इस बार उन्होंने आप व कांग्रेस के गठबंधन से नाराज होने पर पार्टी को अलविदा कहा था। इसके बाद अशोक तंवर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए थे।

युद्धग्रस्त इजरायल जाएंगे दो हजार से अधिक नेपाली

काठमांडू। इजराइल अपने पड़ोसी देशों फिलिस्तीन, लेबनान और इरान से युद्ध में फंसा है। इसके बाद भी नेपाल से लगभग दो हजार से अधिक लोग इजराइल के विभिन्न शहरों में जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। युद्ध की भयावह के बीच यह लोग रोजगार के लिए जाना चाहते हैं। दरअसल, इजराइल सरकार ने नेपाली नागरिकों को अपने यहां केयर गिवर के रूप में ले जाने के लिए नेपाल सरकार से एक समझौता किया था। इसी समझौते के तहत वहां की भाषा की परीक्षा पास करने वाले 3461 लोगों ने इजरायल में केयर गिवर के रूप में आवेदन किया था। इनमें से लॉटरी के जरिए 2112 लोगों का चयन हुआ है। वैदेशिक रोजगार विभाग के महानिदेशक गुरूदत्त सुवेदी ने गुरुवार को कहा कि इजराइल सरकार और नेपाल सरकार के बीच हुए वैदेशिक रोजगार समझौते के तहत इन नेपाली नागरिकों को भेजा जा रहा है। सुवेदी ने यह भी बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में दोनों देशों की सरकार के बीच के समझते में सीधे भेजा जा रहा है, इसलिए ठगी जैसी बातें नहीं होगी। उन्होंने कहा कि केयर गिवर के रूप में इजरायल जाने वाले नेपाली नागरिकों को अच्छा वेतन, रहने खाने की सुविधा के अलावा ओवर टाइम के साथ ही उनकी और उनके पूरे परिवार का जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा का खर्च भी इजराइल सरकार ही देगी। उन्होंने बताया कि इजराइल जाने के लिए चयनित लोगों में 60 प्रतिशत महिलाएं हैं।

शाह ने अहमदाबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुरु किया

अहमदाबाद। गुजरात दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद के चाणक्यपुरी से 'गांधीनगर लोकसभा-स्वस्थ लोकसभा' अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। श्री शाह ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के सहयोग से शुरू की जा रही मेडिकल मोबाइल वैन को भी इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए अहमदाबाद महानगर पालिका (एएमसी) की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवाई वितरण शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल तथा अहमदाबाद महानगर पालिका की महापौर प्रतिभा जैन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सा टीमों द्वारा मेडिकल जांच, यू.एन. मेहता हॉस्पिटल की टीम द्वारा इकोकार्डियोग्राफी, रक्तदान शिविर, जनरल ओपीडी, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच, क्षय रोग (टीबी) और आंखों की जांच, पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच, लेबोरेटरी परीक्षण, स्त्री रोग निदान एवं उपचार, बाल रोगों की जांच, टीकाकरण और त्वचा रोगों की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं आम जनता के लिए उपलब्ध कराई गईं।

नौ योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति का वंदन कर रही भाजपा

भोपाल। नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन नारी शक्ति को नमन करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार अपनी नौ योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति को वंदन करती है। डॉ यादव ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा, शक्ति को नमन, नारी शक्ति का वंदन। एक बिटिया के रूप में, एक कन्या के रूप में, एक बहन के रूप में, एक मां के रूप में नारी हर रूप में माता के 9 स्वरूपों के समान वंदनीय है।

डायमंड लीग 2025 : चीन करेगा शुरुआती दो स्पर्धाओं की मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। ज्यूरिख अगस्त में 2025 डायमंड लीग के दो दिवसीय सीज़न के समापन समारोह का आयोजन करेगा, जबकि प्रतियोगिता की शुरुआत चीन में दो मुकाबलों के साथ होगी। आयोजकों ने बुधवार को उक्त जानकारी दी।

आयोजकों ने बुधवार को बताया कि ज्यूरिख अगस्त में 2025 डायमंड लीग के दो दिवसीय सीज़न के समापन समारोह का आयोजन करेगा, जबकि प्रतियोगिता की शुरुआत चीन में दो मीट से होगी। ट्रैक एंड फील्ड की प्रीमियर वन-डे मीटिंग सीरीज़ के 16वें संस्करण के अनंतिम कैलेंडर में 14 देशों और चार महाद्वीपों के 15 मेज़बान शहर शामिल हैं। शंघाई/सूज़ौ से एक हफ़्ते पहले 26 अप्रैल को ज़ियामेन उद्घाटन कार्यक्रम की मेज़बानी करेगा। जून में रोम में होने वाली पहली यूरोपीय मीट से पहले मई में दोहा और रबात में मीटिंग निर्धारित हैं। ओस्लो, स्टॉकहोम और पेरिस में होने वाले आयोजनों के बाद, प्रतियोगिता संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित की जाएगी, जहाँ जुलाई में ओरेगन के यूजीन में प्रीफोंटेन क्लासिक का आयोजन किया जाएगा। मोनाको, लंदन, सिलेसिया, लॉज़ेन और ब्रुसेल्स जुलाई और अगस्त में मुकाबलों की मेज़बानी करेंगे, उसके बाद ज्यूरिख में 2022 के बाद पहली बार फ़ाइनल (27-28 अगस्त) का आयोजन किया जाएगा, जो टोक्यो में 13-21 सितंबर को होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी में होगा।

2025 डायमंड लीग कैलेंडर

ज़ियामेन - 26 अप्रैल, शंघाई/सूज़ौ - 3 मई, दोहा - 16 मई, रबात/माराकेच - 25 मई, रोम - 6 जून, ओस्लो - 12 जून, स्टॉकहोम - 15 जून, पेरिस - 20 जून, यूजीन - 5 जुलाई, मोनाको - 11 जुलाई, लंदन - 19 जुलाई, सिलेसिया - 16 अगस्त, लॉज़ेन - 20 अगस्त, ब्रुसेल्स - 22 अगस्त, ज़्यूरिख - 27-28 अगस्त।

नवरात्रि के पहले दिन महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी आ गई है। हालांकि चांदी के भाव में गुरुवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में उछाल आने के कारण आज सोना 500 से 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये से लेकर 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 71,160 रुपये से लेकर 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

बांग्लादेश ने भारत सहित विभिन्न देशों से अपने पांच राजनयिकों को वापस बुलाया

▸ भारत-बांग्लादेश संबंधों में इस समय कड़वाहट महसूस की जा रही

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की अंतिम सरकार ने बुधवार को अहम फैसला लेते हुए विभिन्न देशों से अपने पांच राजनयिकों को तुरंत ढाका लौटने को कहा है। इन राजनियकों में भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मुस्तफिरजुर रहमान भी शामिल हैं, जो अगले कुछ माह बाद रिटायर होने वाले हैं। वापस बुलाए गए राजनयिकों का काम संतोषजनक नहीं माना गया है।

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के साथ-साथ न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी प्रतिनिधि और ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और पुर्तगाल के राजदूतों को वापस बुलाया गया है। जिन राजनयिकों को वापस बुलाया गया है, वे राजनीतिक नियुक्ति नहीं थे। जुलाई 2022 में मुस्तफिजुर रहमान भारत के लिए बांग्लादेश के उच्चायुक्त नियुक्त किए गए थे। दोनों देशों के संबंधों की मजबूती में उनकी खासी भूमिका मानी जाती है। भारत के हाई कमिश्नर नियुक्त किए जाने से पहले मुस्तफिजुर रहमान जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी प्रतिनिधि और स्विट्जरलैंड और सिंगापुर में बांग्लादेश के राजदूत रह चुके हैं। भारत के संदर्भ में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समय भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट महसूस की जा रही है। 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के तख्तापलट, भारत में हसीना को शरण और उसके बाद हिंदुओं सहित देश के अल्पसंख्यकों पर जिस तरह हमले हुए उससे दोनों देशों के संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। रही-सही कसर अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद युनूस के इस बयान ने पूरी कर दी कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक हैं। हालांकि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पिछले महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक की कोशिश की। लेकिन भारतीय पक्ष इस बैठक को लेकर अनिच्छुक था, जिससे बैठक नहीं हुई।

लीमा जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप : खुशी ने कांस्य जीता, भारत के पदकों की संख्या हुई 15

एजेंसी

लीमा। खुशी ने पेरू के लीमा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई। इन 15 पदकों में 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में शीर्ष पर विराजमान है।

युवा खिलाड़ी ने फाइनल में 447.3 अंक हासिल किए और नॉर्वे की कैरोलिन लुंड से पीछे रहीं, जिन्होंने 458.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। कैरोलिन की हमवतन सिनोव बर्ग ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। खुशी क्वालिफिकेशन में 585 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह पक्की की। मुकाबला इतना कड़ा हो गया कि चार अन्य खिलाड़ियों का स्कोर भी समान था, फिर भी खुशी और इटली की अन्ना शियावोन ने आंतरिक 10 रिंग में 29 शॉट के आधार पर अंतिम दो क्वालीफाइंग स्थान हासिल कर लिए, जबकि दो स्विस एथलीट एलेक्सा टेला और एमिली जैगी 27 शॉट ही बना पाईं। खुशी काउंटबैक में अन्ना से आगे रहीं। आठ महिलाओं के फाइनल में, खुशी पहले दो शॉट के अंत में चौथे स्थान पर थी, घुटने टेकने और लेटने की स्थिति में, लेकिन 40वें शॉट के अंत में नॉर्वे की पेरनील नोर-वोल को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुँच गई, जो कि खड़े होने की स्थिति में 10वाँ शॉट था। 45 शॉट के फाइनल में सिनोएव और कैरोलीन के बीच शीर्ष दो के लिए अपनी-अपनी लड़ाई थी। खुशी 41वें शॉट पर 9.1 के साथ फिर से लड़खड़ाईं, जिससे वह फिर से पांचवें स्थान पर आ गईं, लेकिन 42वें शॉट पर शानदार 10.7 और 43वें शॉट पर 10.4 के स्कोर ने कड़ी मेहनत के साथ पदक सुनिश्चित किया। जूनियर महिला 3पी में टीम स्पर्धा में साक्षी पाडेकर, मेलविना जोएल ग्लैडसन और प्राची गायकवाड़ की तिकड़ी 1757 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही।

सीपीएल 2024 के फाइनल में पहुंची सेंट लूसिया किंग्स

जॉर्ज टाउन। सेंट लूसिया किंग्स ने प्रोविडेंस के गुयाना नेशनल स्टेडियम में मौसम बाधित मैच में मौजूदा चैंपियन गुयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स पर 15 रन की जीत के साथ 2024 रिपब्लिक बैंक कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वॉरियर्स अब शुक्रवार को बारबाडोस रॉयल्स से भिड़ेगा और उस मैच का विजेता रविवार को किंग्स के साथ फाइनल में भिड़ेगा। मैच में किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। फाफ डु प्लेसिस ने एक बार फिर अपनी टीम के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उनके और जॉनसन चार्ल्स के बीच 124 रनों की शुरुआती साझेदारी हुई जिसकी बदौलत किंग्स अपने बीस ओवरों में 198/5 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। चार्ल्स 45 गेंदों में 79 रन बनाकर मोईन अली की गेंद पर कीमो पॉल द्वारा लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर लपके गए। इसके बाद डु प्लेसिस अपने अच्छे अर्धशतक से चूक गए, किंग्स के कप्तान को शमर जोसेफ की गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने बेहतरीन कैच पकड़कर पवेलियन भेजा।

ट्रायल ऑफ सत्यम कौशिक में गुरप्रीत के किरदार ने जीता दर्शकों का दिल

समृद्धि न्यूज

मुंबई। जाने-माने अभिनेता, गीतकार और कवि गुरप्रीत सैनी इंस्टाग्राम पर अपनी भावनात्मक प्रस्तुतियों के लिए जाने जाते हैं लेकिन ज़ी थिएटर के टेलीप्ले ट्रायल ऑफ सत्यम कौशिक में एक उग्र किरदार निभा कर उन्होंने अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। सैनी अमेरिका में एक महत्वाकांक्षी प्रवासी की भूमिका निभाते हैं जो अपने स्टार्ट-अप के लिए फंडिंग सुरक्षित करना चाहता है, पर उसी वक्त उस पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया जाता है और निर्वासन की धमकी दी जाती है

टेलीप्ले के मुख्य विषयों का उल्लेख करते हुए, सैनी कहते हैं, टेलीप्ले निश्चित रूप से घरेलू हिंसा और पुरुषों के नियंत्रण की आवश्यकता को संबोधित करता है। इसमें कहीं न कहीं नस्लवाद का तत्व भी है, लेकिन इसका ये अर्थ नहीं है कि सत्यम खुद अमरीकी नस्लवाद का शिकार है। अपनी भूमिका की चर्चा करते हुए, सैनी मानते हैं कि हिंसा को चित्रित करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा और वे कहते हैं, हां, सत्यम कौशिक मेरे लिए एक नया किरदार था।

वह एक अभिमानी पुरुष है जो पढ़ा लिखा है और एक नए देश में अपनी पत्नी पर निर्भर है। घर की चारदीवारी में वो एक अलग व्यक्ति में बदल जाता है और उसे अपने गुस्से को नियंत्रित करने में परेशानी होती है। वह अपनी पत्नी पर हावी होना चाहता है, भले ही उसे अमेरिका में अपने प्रवास को प्रायोजित करने के लिए उसकी आवश्यकता हो। इस जटिलता को निभाना मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि असल ज़िन्दगी में मैं इस तरह के उग्र लोगों से कोई ताल्लुक नहीं रख सकता।

बदलापुर दुष्कर्म मामले के दोनों आरोपितों को पुलिस ने फिर गिरफ्तार किया

मुंबई। बदलापुर दुष्कर्म मामले में दोनों आरोपितों स्कूल के अध्यक्ष उदय कोतवाल और सचिव तुषार आप्टे को गुरुवार को कल्याण कोर्ट में जमानत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को फिर से दूसरे मामले में गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों को पुलिस शुक्रवार को फिर से कल्याण कोर्ट में पेश करेगी। बहुचर्चित बदलापुर दुष्कर्म मामले के दो आरोपितों को पुलिस ने बीती रात रायगढ़ जिले के कर्जत इलाके से गिरफ्तार किया था। आज इन दोनों को पुलिस ने कल्याण कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 17 अक्टूबर तक न्यायिक कस्टडी में भेज दिया। इसके बाद तत्काल इन दोनों के वकील ने इन दोनों की जमानत का आवेदन कोर्ट में पेश किया। लेकिन कोर्ट ने इन दोनों की जमानत तत्काल मंजूर कर दिया। इसके बाद पुलिस ने इन दोनों को दूसरे मामले में कोर्ट से ही गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस कल फिर से कोर्ट में पेश करने वाली है। उल्लेखनीय है कि बदलापुर दुष्कर्म मामले में यह दोनों आरोपित पिछले डेढ़ महीने से फरार थे।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया सुपरकार्ड व व्हाट्सएप बैंकिंग

समृद्धि न्यूज

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबी), वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करने वाली बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के अग्रणी प्रदाता, ने आज दो नए उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की। सुपरकार्ड (क्रेडिट कार्ड) और व्हाट्सएप बैंकिंग। उत्कर्ष एसएफबी ने आज अपने नए ब्रांड एंबेसडर मैरी कॉम और सुनील छेत्री की घोषणा करने के लिए आयोजित एक सम्मेलन में सुपरकार्ड और व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा के लॉन्च की घोषणा की।

प्रवीण कुमार गुप्ता, चेयरमैन, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने इस अवसर पर कहा, निर्बाध बैंकिंग सर्विस के लिए नई टेक्नोलॉजी का उपयोग दरअसल, ग्राहकों के अनुभवको और बेहतरबनाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। सुपरकार्ड (क्रेडिटकार्ड) और व्हाट्सएपबैंकिंग उत्पाद ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और उन्हें सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं देने के लिए पेश किए गए हैं। यह सुनिश्चित करता है कि बैंक ग्राहकों के उत्कृष्ट बैंकिंग अनुभव को पुनर्परिभाषित करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्री. गोविंदसिंह, एमडी और सीईओ, उत्कर्षस्मॉलफाइनेंसबैंकनेइसअवसरपरक हा, हम सभी ग्राहक वर्गों के लिए पसंदीदा वित्तीय संस्थान बनने के लिए समर्पित हैं। हमारे समाधान प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित हैं और इन्हें टिकाऊ, समावेशी और स्केलेबल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया